राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com




# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 315
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शुक्रवार 27 मई 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग एवं पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में चलाया गया गहन सर्च अभियान
पेज 5 अखिलेश-केशव के वाकयुद्ध पर चढ़ा प्रयागराज का सियासी पारा, समर्थकों ने दिखाया गुस्सा
पेज 7 आमने-सामने सेना और इमरान खान, पाकिस्तान सरकार को दिया छह दिनों का अल्टीमेटम

# यूपी में 6.15 लाख करोड़ का मेगा बजट

## 2 करोड़ छात्रों को स्मार्टफोन-टैबलेट, 5 लाख नौकरियां, बजट पेश करते हुए 3 बार शायरियां पढ़ीं

लखनऊ। योगी सरकार 2.0 का पहला बजट आ गया है। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 6.15 लाख करोड़ रुपए के बजट को पूरे 90 मिनट में पढ़कर खत्म किया। इस दौरान उन्होंने 3 बार शेरो-शायरी भी पढ़ीं। यह राज्य का अब तक का सबसे बड़ा बजट है। इससे पहले 2021-22 का बजट 5.50 लाख करोड़ रुपए का था।

इसमें प्रदेश की इकोनॉमी को एक ट्रिलियन डॉलर यानी 77 लाख 60 हजार करोड़ रुपए की तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। यह पेपरलेस बजट था, इसलिए वित्त मंत्री ने इसे एपल के कंप्यूटर पर पढ़ा।

### रोजगार के लिए: 10,000 नए पदों पर नर्सों की भर्ती होगी

सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रानिक्स उद्योग नीति के तहत अगले 5 साल में 40,000 करोड़ रुपए निवेश किए जाएंगे। इससे 4 लाख युवाओं को रोजगार दिया जाएगा।


मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत 2022-2023 में 800 बिजनेस सेंटर्स खुलेंगे। इससे 16,000 लोगों को नौकरी देने का लक्ष्य है।

माध्यमिक शिक्षा में अब तक इंटरव्यू से चयन होता था। लेकिन अब इंटरव्यू नहीं होगा। योगी सरकार ऐसे 40,402 शिक्षकों की भर्ती कर रही है। साथ में 7540 नए पद भी बनाए जाएंगे।

3,000 नर्सों को राजकीय मेडिकल कॉलेजों/अस्पतालों में नियुक्ति दी जाएगी और 10,000 नए पदों पर 2022-23 में भर्ती होगी।

### युवाओं के लिए: सभी जिलों में अभ्युदय कोचिंग सेंटर खोले जाएंगे

प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को टेक्नोलॉजी से अपडेट करने के लिए 5 साल में 2 करोड़



स्मार्टफोन-टैबलेट बांटे जाएंगे। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत 2022-2023 के लिए 1,500 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

नई स्टार्टअप नीति के तहत 5 साल में हर जनपद में कम से कम से एक या ज्यादा से ज्यादा 100 इन्क्यूबेटर्स सेंटर्स खोले जाएंगे। इसमें स्टार्टअप शुरू करने की ट्रेनिंग दी जाती है। इसके जरिए 10,000 स्टार्टअप्स शुरू कराने का लक्ष्य है। अब तक 47 इन्क्यूबेटर्स काम कर रहे हैं और 5,600 से अधिक स्टार्टअप्स के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।

प्रतियोगी छात्रों को अपने घर के पास ही कोचिंग की सुविधा मिलेगी। इसके लिए सभी 18 मण्डल मुख्यालयों में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना का संचालन किया गया है। अब इस योजना का विस्तार सभी 75 जिलों में किया जाएगा। इसके लिए 30 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

युवा वकीलों को काम के शुरुआती 3 साल के लिए किताब और पत्रिका के लिए आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए 10 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

अन्तर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं में क्क्के मूल निवासी पदक विजेताओं की सीधी भर्ती के माध्यम से राजपत्रित पदों पर नौकरी दी जाएगी। वाराणसी में अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाया जाएगा। इसमें 95 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

मेरठ में मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय बनेगा। इसमें 50 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। भारत सरकार की खेलो इंडिया नीति के तहत प्रदेश के 75 जिलों में खेलो इंडिया सेंटर्स खोले जाएंगे।

### महिलाओं के लिए: राज्य के सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क बनेगी

सभी 75 जिलों के कुल 1535 थानों पर महिला बीट सिपाही की नियुक्ति की गई। साथ में %महिला हेल्प डेस्क% बनाई गई है।

राज्य के सभी जिलों में 2,740 महिला पुलिसकार्मियों को 10,370 महिला बीट बांटी गई है।

लखनऊ, गोरखपुर और बदायूं में तीन महिला क्क्ष्ट बटालियन की स्थापना की जाएगी। प्रदेश के जिलों में साइबर हेल्प डेस्क बन रही है। महिला सामर्थ्य योजना के लिए 72 करोड़ 50 लाख रुपए दिए जाएंगे।

बेटी पढ़ाओ, बेटी बचाओ योजना के तहत क्क्स्ष्ट 2018 की 100 टॉपर छात्राओं को लैपटॉप और 100 टॉपर एससी/एसटी छात्राओं को लैपटॉप दिया गया।

सूक्ष्म एवं लघु उद्योग क्षेत्र में महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तीकरण और कौशल विकास के लिए 20 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बेहतर काम के लिए प्रेरित करने के मकसद से सितम्बर 2021 से ही 1500 रुपए बढ़ाकर दिए जाएंगे।

### हेल्थ के लिए : 16 नए जिलों में पीपीपी मॉडल से मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन हेतु 10,547 करोड़ 42 लाख रुपए की व्यवस्था की गई है। प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वस्थ भारत योजना के लिए 620 करोड़ रुपए व्यवस्था।

आयुष्मान भारत योजना से 2,949 अस्पतालों को जोड़ा गया है। राज्य के 1.78 करोड़ परिवारों को इसका फायदा दिया जाएगा। अब तक 1.84 करोड़ लोगों को आयुष्मान कार्ड दिया जा चुका है। योजना के लिए 560 करोड़ रुपए की व्यवस्था की जाएगी।

आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के लिए 250 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के लिए 320 करोड़ 7 लाख रुपए की व्यवस्था की गई है। 15वें वित्त आयोग के अधीन विभिन्न योजनाओं के लिए 2908 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई।

राज्य कर्मचारियों और पेंशनरों की असाध्य बीमारी के इलाज के लिए कैशलेस चिकित्सा योजना के लिए 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई।

राज्य में 9 से 14 साल तक की एक लाख बच्चियों को एचपीवी वैक्सीन की दोनों डोज लगाई जाएगी।

प्रदेश के सीमावर्ती और अन्य इलाकों में सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल की स्थापना के लिए 25 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

राज्य के 16 और जिलों में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना के लिए पीपीपी नीति घोषित की गई है। यहां निजी निवेश के जरिए मेडिकल कॉलेज खोले जाएंगे।

एमबीबीएस और पीजी पाठ्यक्रमों में सीटों में इजाफे के लिए 500 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं।

स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों के के लिए 50 करोड़ रुपए और नर्सिंग कॉलेज की स्थापना हेतु 25 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

लखनऊ में अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए 100 करोड़ 45 लाख रुपए की व्यवस्था की जाएगी।

राज्य के 14 जिलों- बिजनौर, कुशीनगर, सुल्तानपुर, गोण्डा, लखीमपुर खीरी, चन्दौली, बुलन्दशहर, सोनभद्र, पीलीभीत, औरैया, कानपुर देहात, कौशांबी और अमेठी में निर्माणाधीन नये मेडिकल कॉलेजों के लिए 2100 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी कैशलेस चिकित्सा योजना के लिए 50 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। गरीबों के इलाज के 100 करोड़ रुपए दिए जाएंगे।

### गांवों और शहरों के विकास के लिए : हर घर साफ पानी और 500 रुपए में बिजली कनेक्शन मिलेगा

हर घर नल योजना के तहत साफ पानी के लिए अमृत योजना पर 2000 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

पहले से चल रही अमृत योजना पर 2200 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लिए 10,127 करोड़ 61 लाख रुपए की व्यवस्था की गई।

नगर निकायों में इंफ्रास्ट्रक्चर सुविधाओं के विकास पर 550 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

महाकुंभ मेले 2025 के लिए 100 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय आदर्श नगर पंचायत योजना के लिए 200 करोड़ की व्यवस्था।

मुख्यमंत्री नगरीय अल्प विकसित और मलिन बस्ती योजना के लिए 215 करोड़ की व्यवस्था।

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना पर 7000 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना पर 508 करोड़ 63 लाख रुपए खर्च होंगे।

मनरेगा से 15463 तालाबों और 5882 खेल मैदानों को तैयार किया जाएगा।

गांवों की सड़कों के लिए 7373 करोड़ 71 लाख रुपए की व्यवस्था।

### बजट की अन्य बड़ी बातें-

यूपी में तीन डाटा सेंटर बनेंगे। फाइबर केबल के लिए 300 करोड़ रुपए प्रस्तावित है।

स्कूल चलो अभियान के तहत 2 करोड़ छात्रों के नामांकन का लक्ष्य रखा गया है।

बुनकरों के लिए झलकारी बाई योजना को बढ़ावा दिया जाएगा।

कल्याण सिंह के नाम से ग्राम उन्नति योजना की स्थापना की जाएगी। गांवों की सड़कों पर स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी।

शहरी गरीब परिवारों और गांवों में सभी परिवारों को 500 रुपए में बिजली कनेक्शन दिया जाएगा।

मथुरा में डेयरी प्लांट लगाया जाएगा। कान्हा गौशाला और बेसहारा पशुओं के लिए 100 करोड़ दिया जाएगा।

अयोध्या में सूरजकुंड के विकास के लिए 140 करोड़ रुपए की व्यवस्था की गई है। आगरा मेट्रो रेल परियोजना के लिए 597 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया।

वाराणसी और गोरखपुर में मेट्रो के लिए 100 करोड़ रुपए का बजट प्रस्तावित किया गया है।

केंद्र स्मार्ट सिटी योजना के लिए 2000 करोड़ की व्यवस्था की गई है। नमामि गंगे के लिए 97 करोड़ रुपए दिए जाएंगे। वृद्धा पेंशन 500 रुपए से बढ़ाकर के 1000 रुपए कर दी गई है।



# जम्मू-कश्मीर में आतंक के खिलाफ ऑपरेशन

## कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश कर रहे लश्कर के 3 आतंकी ढेर, 24 घंटे में 6 आतंकियों का एनकाउंटर



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने गुरुवार को घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। इस दौरान हुए ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने लश्कर-ए-तैयबा के तीन आतंकियों को मार गिराया। पुलिस के मुताबिक, हमें कुपवाड़ा के जुमागुंड गांव में आतंकियों के घुसपैठ के बारे में इनपुट मिली, जिसके बाद सेना और पुलिस ने ऑपरेशन को अंजाम दिया। IGP कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि मारे गए आतंकी पाकिस्तानी हैं। एनकाउंटर वाली जगह से हथियार और गोला-बारूद भी बरामद हुए हैं। इससे पहले बुधवार को जैश-ए-मोहम्मद के 3 आतंकियों को एनकाउंटर में मार गिराया गया था। सुरक्षाबलों ने इस साल कुल 26 पाकिस्तानी आतंकियों को मार गिराया है। इनमें 14 आतंकी जैश और 12 आतंकी लश्कर से जुड़े थे।

**5 आतंकियों की गिरफ्तारी**

**सोमवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बताया था कि उसने लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े 5 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इसमें से 3 बारामूला में पिछले महीने सरपंच की हत्या में कथित तौर पर शामिल थे।**

### लश्कर के आतंकियों ने टीवी एक्ट्रेस की हत्या की थी

बता दें कि बुधवार को लश्कर के आतंकियों ने एक टीवी एक्ट्रेस अमरीन भट की गोली मारकर हत्या कर दी। अमरीन ने कुछ दिन पहले ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अपने गाने अपलोड किए थे। फायरिंग में अमरीन के 10 साल के भतीजे के हाथ में गोली लगी थी।

इससे पहले मंगलवार को द रेजिस्टेंस फोर्स के आतंकियों ने एक पुलिसकर्मी सैफुल्ला कादरी की गोली मारकर हत्या कर दी थी। आतंकी हमले में कादरी की 9 साल की बेटी भी गोली लगने से जख्मी हुई थी।

### सीबीआई ने 'वीजा रिश्वत' पर जूनियर चिदंबरम से की पूछताछ

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने कथित तौर पर चीनी नागरिकों को भारत का वीजा जारी करने के लिए 50 लाख रुपए रिश्वत लेने के आरोप के एक मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम के पुत्र कार्तिक चिदंबरम से गुरुवार को यहां पूछताछ की। सीबीआई सूत्रों ने बताया कि कांग्रेस सांसद कार्तिक चिदंबरम सुबह लगभग 8ः00 बजे केंद्रीय एजेंसी के मुख्यालय पहुंचे, जहां संबंधित अधिकारियों ने उनसे लंबी पूछताछ की। सीबीआई ने उन्हें पूछताछ के लिए समन जारी किया था। केंद्रीय जांच एजेंसी ने रिश्वत के आरोप के इस मामले में कार्तिक के समेत मुंबई और पंजाब में मनसा स्थित पांच निजी कंपनियों के अलावा अज्ञात सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ गत सप्ताह प्राथमिकी दर्ज की थी।

# गुजरात के कच्छ में मुंद्रा बंदरगाह से 500 करोड़ की कोकीन जब्त

नई दिल्ली। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने गुजरात के कच्छ जिले में मुंद्रा बंदरगाह के पास एक कंटेनर से 56 किलोग्राम कोकीन जब्त की है, जिसकी कीमत करीब 500 करोड़ रुपये बताई जा रही है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। हालांकि डीआरआई के अधिकारियों ने जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत का खुलासा नहीं किया। लेकिन इसके 500 करोड़ रुपये के कीमत होने की बात सामने आ रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में एक किलोग्राम कोकीन की कीमत करीब 10 करोड़ रुपये है। डीआरआई के अधिकारी ने बताया कि विशेष



जानकारी के आधार पर टीम ने उस कंटेनर की तलाशी ली जो कुछ समय पहले विदेश से मुंद्रा बंदरगाह पर पहुंचा था और पास के कंटेनर फ्रेट स्टेशन पर रखा गया था। उन्होंने बताया कि डीआरआई टीम को 56 किलोग्राम कोकीन मिली, जो आयातित वस्तुओं के अंदर छिपा हुआ था। गौरतलब है कि कच्छ जिले के कांडला बंदरगाह के पास एक कंटेनर स्टेशन पर छापेमारी के दौरान डीआरआई की टीम ने एक महीने पहले 1,300 करोड़ रुपये मूल्य की 260 किलोग्राम हेरोइन बरामद की थी।

# पांच महीने में 26 विदेशी आतंकी ढेर, घाटी में सुरक्षाबलों ने स्थानीय आतंकियों की तोड़ी कमर

एजेंसी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में इस साल जनवरी से लेकर अभी तक सुरक्षा बलों ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद से ताल्लुक रखने वाले 26 विदेशी आतंकवादियों को मार गिराया है। गुरुवार को कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुरए लश्कर के तीन आतंकियों को मार गिराया है।

कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने गुरुवार को बताया,इस साल अभी तक 26 विदेशी आतंकवादी मारे गए हैं। मारे गए 26 विदेशी आतंकवादियों में से 14 मसूद अजहर के संगठन जैश से ताल्लुक रखते हैं जबकि बाकी 12 का ताल्लुक हाफिज मोहम्मद सईद के संगठन लश्कर से है।

### बुधवार को तीन आतंकी मारे गए

जम्मू-कश्मीर के बारामुल्ला जिले के करीरि में बुधवार को एक मुठभेड़ में जैश के तीन आतंकवादी मारे गए थे। वहीं, बांदीपोरा में 13 मई को हुई मुठभेड़ में लश्कर के दो आतंकवादी मारे गए थे। ये दोनों सरकारी कर्मचारी एक कश्मीरी पंडित राहुल भट की हत्या में कथित रूप से संलिप्त थे।

### विदेशी आतंकियों का बाहर निकलना हो गई है मजबूरी

सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इस महीने कहा था कि घाटी में स्थानीय आतंकवादियों की संख्या कम होने के बाद विदेशी आतंकवादियों के लिए बिल से बाहर निकलना मजबूरी हो गई है।

बुधवार शाम को कश्मीरी टीवी एक्ट्रेस अमरीन भट को बडगाम के चदूरा इलाके में लश्कर के तीन आतंकियों ने मार गिराया। वहीं, भट का 10 साल का भतीजा हमले में घायल हो गया है।

गुरुवार को, पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने केंद्र की जम्मू-कश्मीर नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि कश्मीर में नागरिक हत्याएं केंद्र शासित प्रदेश में सामान्य स्थिति के सरकार के दावों का समर्थन नहीं करती हैं। मुफ्ती ने अनगिनत निर्दोष नागरिक मारे जा रहे हैं।

**भूमि घोटाला**

**पुलिस आयुक्त ने एसआईटी टीम का किया गठन, एडीशनल कमिश्नर करेंगी लीड**

# ग्रेटर नोएडा में चिटहेरा भूमि घोटाले में एसआईटी गठित

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा के चिटहेरा गांव में हुए 100 करोड़ रुपये से ज्यादा के भूमि घोटाले को लेकर यशपाल तोमर व उसके अन्य साथियों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। इस पूरे भूमि घोटाले में दर्ज करवाए गए मुकदमों की जांच अब स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम यानी एसआईटी करेगी।

चिटहेरा भूमि घोटाले में दर्ज हुए मुकदमों जांच के लिए एसआईटी का गठन गौतमबुध्द नगर के पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने किया है । एसआईटी टीम को एडिशनल कमिश्नर भारती सिंह लीड करेंगी। क्राइम ब्रांच के दो इंस्पेक्टर एसआईटी में बतौर सदस्य नियुक्त किए गए हैं।यह लोग इस मामले में जांच करेंगे। वहीं जिला प्रशासन के द्वारा भू माफिया यशपाल तोमर समेत त्रिदेव रिटेल कंपनी के नरेंद्र कुमार व 9 लोगों को आरोपी बनाया गया है। ।

### नौ लोगो खिलाफ दर्ज हो चुकी है एफआईआर

दादरी के चिटहेरा गांव में हुए 100 करोड़ से ज्यादा के भूमि घोटाला पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बना हुआ है। जिस तरह से यह पूरा भूमि घोटाला हुआ। अब इसमें उत्तराखंड के कुछ अफसरों के परिजनों के नाम सामने आये है । जिला प्रशासन ने हाल ही में



भू-माफिया यशपाल तोमर

उस समय पर तैनात रहे लेखपाल को भी सस्पेंड कर दिया है। दादरी थाने में 9 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

जिसमें भू-माफिया यशपाल तोमर समेत त्रिदेव रिटेल कंपनी के नरेंद्र कुमार व 9 लोगों को आरोपी बनाया गया है

### नियमों के विरुद्ध हुआ था पट्टों का क्रय-विक्रय

चिटहेरा गांव में वर्ष 1997 में 282 पट्टों का आवंटन हुआ था। जांच में पट्टों का आवंटन गलत मिला है। साथ ही, पट्टा बहाल होने के बाद नियमों के खिलाफ जाकर पट्टों का क्रय-विक्रय किया गया।

इसमें भू-माफिया सक्रिय थे। बाद में काफी पट्टों का बैनामा ग्रेनो प्राधिकरण के नाम कर मुआवजा उठाया गया। घोटाले में भू-माफिया के साथ नेता और अफसर भी शामिल रहे हैं। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) वंदिता श्रीवास्तव की जांच रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के आधार पर जिला स्तर पर कार्रवाई की जा रही है।

### जल्द एसआईटी शुरू करेगी काम

पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने बताया की भूमि घोटाले में दर्ज हुए मुकदमो की जांच के लिए एसआईटी बनाई गयी है। इसको एडिशनल कमिश्नर भारती सिंह लीड करेंगी। जल्द ही एसआईटी अपना कार्य शुरू करेगी।

## शार्ट न्यूज

### नागपुरः अस्पताल में खून चढ़ाने के बाद चार बच्चे एचआईवी पॉजिटिव, एक की मौत




**नागपुर।** नागपुर के एक अस्पताल में चार बच्चे कथित तौर पर खून चढ़ाने के बाद एचआईवी संक्रमित हो गए। इन चारों मरीजों को थैलेसीमिया के इलाज के लिए खून चढ़ाया गया था। जिसके बाद ये संक्रमित पाए गए। इसमें से एक बच्चे की मौत हो गई है। उधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए राज्य के स्वास्थ्य विभाग ने उच्च स्तरीय जांच बैठा दी है। स्वास्थ्य विभाग के सहायक उप निदेशक डॉ आर के धाकाटे ने कहा, चार बच्चे एचआईवी से संक्रमित हुए हैं, जिनमें से एक बच्चे की मौत हो गई है। हम सभी जानकारी एकत्र करेंगे और उच्च स्तरीय जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि खाद्य एवं औषधि विभाग (एफडीए) ने भी मामले की प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है। थैलेसीमिया रोगियों को दिए गए रक्त का न्यूक्लिक एसिड टेस्ट (एनएटी) परीक्षण जल्द ही किया जाएगा। इन मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टर ने कहा कि मरीजों को दूषित खून दिया गया था। डॉक्टर के मुताबिक, इलाज के दौरान उनका परीक्षण किया गया और उन्हें एचआईवी संक्रमित पाया गया। जब ब्लड बैंक द्वारा उन्हें दूषित रक्त दिया गया था तब वे कथित तौर पर एचआईवी और हेपेटाइटिस बी से संक्रमित पाए गए। खून की जांच के लिए एनएटी परीक्षण होना आवश्यक होता है है। लेकिन ब्लड बैंक में यह सुविधा नहीं होने के कारण बच्चों को यही खून चढ़ाया गया और इससे वे एचआईवी संक्रमित हो गए।

### कश्मीर पुलिस ने की पुलिसकर्मी की हत्या में शामिल आतंकवादियों की पहचान

श्रीनगर। केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर पुलिस ने दो स्थानीय आतंकवादियों की पहचान कर ली है जो कथित रूप से श्रीनगर में एक पुलिकर्मी की हत्या और उसकी नौ वर्षीय बालिका को घायल करने के आरोपी हैं। श्रीनगर के बाहरी इलाके सौरा में मंगलवार दोपहर बाद कांस्टेबल सईफुल्लाह कादरी की उनके घर के बाहर आंतकवादियों ने हत्या कर दी थी और इस हमले में उनकी पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। पुलिस ने बताया कि हमले के वक्त कादरी छुट्टी पर थे। उन्होंने बताया कि हमला लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े आतंकवादी समूह द रेसिस्टेंस फ्रंट द्वारा किया गया था। पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा, इस घटना में प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर (टीआरएफ) के दो स्थानीय आतंकवादी शामिल थे।इन आतंकवादियों की पहचान गंदरबल के आदिल और बडगाम के आकिब के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इस साल कश्मीर घाटी में आठ पुलिसकर्मी मारे गए हैं, जिनमें से ज्यादातर लोगों की निशाना बनाकर हत्या की गयी है।

### पेट्रोल-डीज़ल चोरी के रैकेट का पर्दाफाश, 8050 लिटर तेल बरामद, छह गिरफ्तार



संगरूर। पंजाब की संगरूर पुलिस ने आज सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के डंप के निकट ढाबे खोलकर तेल चोरी के एक रैकेट का पर्दाफाश करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार करने और 8050 लीटर पेट्रोल-डीज़ल बरामद करने का दावा किया। संगरूर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मनदीप सिद्धू ने बताया कि पुलिस ने सुबह दिल्ली रोड पर स्थित इंडियन ऑयल डंप के निकट ढाबों पर छापेमारी की। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की शिनाख्त सतबीर सिंह, सतनाम सिंह, प्रवीण कुमार, नवीन कुमार उर्फ बग्गा, रकीब उर्फ मामू के रूप में की गई है। छठे आरोपी की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस के अनुसार चोरी का तरीका यह था कि डंप के निकट ढाबे खोले जाते थे और फिर डंप से निकलने वाले टैंकरों से पेट्रोल, डीजल निकाला जाता था। इसके अलावा एथनॉल, जो 10 से 15 फीसदी की मात्रा तक मिलाया जाता है, भी खरीद लेते थे और ज्यादा एथनॉल मिलाकर सस्ता तेल बेचते थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 379, 420, 336, 285, 34 के अलावा विस्फोटक अधिनियम, आवश्यक वस्तु अधिनियम और पेट्रोलियम अधिनियम की संबद्ध धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है और मामले की जांच जारी है।

### ग्रामीण रैली में खट्टर के समक्ष उठायेंगे नशे का मुद्दा

सिरसा। हरियाणा में सिरसा के ग्रामीणों ने प्राणघातक हो रहे नशे का मुद्दा 29 मई को ओढां में भारतीय जनता पार्टी की 'प्रगति रैली' में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर के समक्ष उठाने की घोषणा आज की। गांव भंगू में नशीले पदार्थ के सेवन पर अंकुश लगाने के लिए गठित कमेटी की बैठक में आज यह फैसला लिया गया। बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान एकता के प्रदेशाध्यक्ष लखविंदर सिंह औलख ने की। पिछले कुछ दिनों में सिरसा जिले में सात युवकों की नशा के ओवरडोज़ से मौत हो चुकी है। नशा मुक्ति कमेटी की बैठक में ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं के अलावा थाना बड़ागुढ़ा प्रभारी जयभगवान सिंह ने भी हिस्सा लिया। समाजसेवी गुरलाल भंगू ने आरोप लगाया कि पुलिस की तरफ से कमेटी को खास सहयोग नहीं मिल रहा। औलख ने कहा कि 29 मई की रैली में क्षेत्र में बढ़ रहे नशीले पदार्थ के सेवन का मुद्दा उठाया जाएगा।

### पंजाब-ब्रिटेन कृषि, आईटी, खाद्य प्रसंस्करण समेत अनेक क्षेत्र में सहयोग पर सहमत

चंडीगढ़। पंजाब और ब्रिटेन ने कृषि, सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आई.टी.), खाद्य प्रसंस्करण, उच्च शिक्षा, खेल, सार्वजनिक परिवहन (इलेक्ट्रिक बसें) और बायोमास जैसे क्षेत्रों में और अधिक सहयोग बढ़ाने पर सहमति दी है। ब्रिटेन के उच्चायुक्त एलेक्स एलिस की मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ उनके यहां सरकारी आवास पर आज हुई मुलाकात के दौरान यह फैसला लिया गया। बैठक के दौरान इन क्षेत्रों में पंजाब और ब्रिटेन के बीच सहयोग की व्यापक सम्भावनाएं होने पर सहमति बनी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्रिटेन के पास मौजूद आधुनिक प्रौद्यौगिकी इन क्षेत्रों में हमारी छिपी हुई क्षमता का और अधिक दोहन करने में मददगार होगी। राज्य में ब्रिटेन के निवेशकों का स्वागत होने की बात कहते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इच्छुक निवेशकों को सभी मंजूरियाँ एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से ऑनलाइन मिलने को सुनिश्चित बनाया जाएगा। राज्य सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि निवेशकों को पंजाब में निवेश करने में किसी भी तरह की दिक्कत न हो। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन से बड़ी संख्या में सम्भावित निवेशक उनके सम्पर्क में हैं। लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे और चंडीगढ़ के बीच सीधी उड़ान को लेकर श्री मान ने कहा कि इससे ख़ास तौर पर पंजाब और साथ लगते पाँच राज्यों को फ़ायदा होगा। उन्होंने कहा कि यह उड़ान पंजाबियों के लिए पश्चिम के द्वार के तौर पर काम करेगी। उन्होंने कहा कि अनेक एयरलाइनों के प्रबंधक उनके सम्पर्क में हैं। केंद्र से मंज़ूरी मिलते ही यहाँ से उड़ानें शुरू हो जाएंगी। ब्रिटेन के उच्चायुक्त ने इस सम्बंधी में हरसम्भव सहयोग का मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन इन मुख्य क्षेत्रों में पंजाब में निवेश करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। एलिस ने मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार को बिल्कुल भी बर्दाश्त न करने की नीति की भी सराहना की और कहा कि इससे राज्य में निवेशकों का भरोसा बढ़ाने में मदद मिलेगी। ब्रिटेन के उच्चायुक्त के साथ उप उच्चायुक्त (चंडीगढ़) कैरोलिन रोवेट और ट्रेड कमिश्नर (दक्षिणी एशिया) एलन गैमेल भी मौजूद थे।

# गवर्नर जगदीप धनखड़ से तनाव के बीच बदलेगा कानून

## सीएम ममता बनर्जी होंगी सभी स्टेट यूनिवर्सिटीज की चांसलर

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की कैबिनेट ने फैसला किया है कि अब राज्य द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों के चांसलर गवर्नर नहीं बल्कि मुख्यंत्री होंगी। राज्य के शिक्षा मंत्री ब्रत्या बसु ने कहा कि इस फैसले को कैबिनेट की मंजूरी मिल गई है और अब विधानसभा में कानून में संशोधन करके इसे लागू किया जाएगा। बता दें कि इससे पहले राज्य के विश्वविद्यालयों का चांसलर गवर्नर होते थे जो कि कुलपतियों की भी नियुक्ति करते थे।



बता दें कि पश्चिम बंगाल में राज्यपाल जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बीच विवाद किसी से छिपा नहीं है। राज्य सरकार के इस फैसले के बाद एक बार फिर राजभवन और राज्य सरकार के बीच वाद-विवाद हो सकता है। इस फैसले को लेकर बात एक साल पहले से ही चल रही थी। राज्य सरकार का कहना था कि राज्यपाल की वजह से विश्विविद्यालयों के कुलपति की नियुक्ति में देरी हो रही है। उनका कहना था कि इन नियुक्तियों में राजनीतिक दखलअंदाजी हो रही है।

### तमिलनाडु सरकार ने भी किया था ऐसा फैसला

ममता बनर्जी की सरकार का कहना था कि कुलपति की नियुक्तियों के लिए राज्यपाल के पास नाम भेजे जाते हैं लेकिन मंजुरी नहीं मिलती है। अब विधानसभा में एक नया बिल लाया जाएगा। इसके बाद कानून में संशोधन किया जाएगा। इसी तरह का फैसला तमिलनाडु की सरकार ने भी लिया था। तमिलनाडु में विधानसभा में बिल पेश करके राज्यपाल से कुलपतियों की नियुक्ति का अधिकार छीन लिया गया था।

तमिलनाडु के सीएम ने उदाहरण दिया था कि पीएम मोदी के गृह राज्य गुजरात में भी कुलपतियों की नियुक्ति राज्यपाल नहीं बल्कि राज्य सरकार करती है। उन्होंने कहा था कि कर्नाटक सहित अन्य कई राज्यों में भी ऐसा ही होता है।

## केरलः पूर्व विधायक पी सी जॉर्ज 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में

तिरुवनंतपुरम। मुस्लिम समुदाय के खिलाफ नफरत फैलाने वाले भाषण देने के आरोप में गिरफ्तार पूर्व विधायक और केरल के वरिष्ठ नेता पी सी जॉर्ज को गुरूवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सूत्रों ने बताया कि सात बार विधायक रहे जॉर्ज को दोपहर 12.25 बजे कोच्चि से यहां नंदवनम में सशस्त्र रिजर्व पुलिस शिविर लाया गया और बाद में उन्हें आज सुबह 7.45 बजे वंचियूर कोर्ट में मजिस्ट्रेट के चैंबर में पेश किया गया। अदालत ने जमानत नियमों के उल्लंघन का हवाला देते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# तेलंगाना में भाजपा सत्ता में आएगीः मोदी

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव पर हमला करते हुए कहा कि राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनेगी।

इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के 20वें वार्षिक समारोह में शामिल होने के लिए यहां आये श्री मोदी का बेगमपेट हवाईअड्डे पर स्वागत किया गया। इस दौरान श्री मोदी ने वहां एकत्र राज्य भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य में अब भाजपा की लहर देखी जा रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य के लोग उनका सम्मान करते हैं और उनका प्यार तथा समर्थन उनकी ताकत है। वह राज्य के युवाओं के साथ-साथ राज्य के विकास के लिए लड़ने के लिए तैयार हैं।

मोदी ने परिवारवाद की राजनीति पर हमला करते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी दुश्मन है। उन्होंने कहा कि जब विकास की शुरुआत होती है तब परिवारवाद की राजनीति समाप्त हो जाती है। भाजपा दक्षिणी राज्य तेलंगाना में 'विकास' चाहती है।

उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि 'परिवारवादी' पार्टियों केवल अपने विकास के बारे में सोचती हैं। इन पार्टियों को गरीब लोगों की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि परिवारवादी पार्टियां अपने को सत्ता में बनाये रखने और लूटने पर ध्यान केन्द्रित रखती हैं।

उन्होंने कहा, इन लोगों की विकास में कोई दिलचस्पी नहीं है। भाजपा तेलंगाना को 'प्रौद्योगिकी केंद्र' के रूप में विकसित करना चाहती है।

उन्होंने कहा कि हम तेलंगाना को उच्च स्तर पर ले जाना चाहते हैं।

उन्होंने, परिवारवादी सत्ताधारियों को गरीबों की परवाह नहीं है। तेलंगाना के लोग देख रहे हैं कि अगर एक परिवार सत्ता में रहता है तो कितना भ्रष्ट हो सकता है।

# मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्ति चिदंबरम को राहत, 30 मई तक गिरफ्तारी पर रोक

**नई दिल्ली।** चीन के वीजा से जुड़े कथित घोटाले और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में दिल्ली के रोज अवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम को थोड़ी राहत दी है। कोर्ट ने कार्ति को 30 मई तक गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा दी है। एक दिन पहले ही ईडी ने उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का केस फाइल किया था। कांग्रेस के लोकसभा सांसद के अलावा उनके सहयोगी एस भास्कररमन पर भी आरोप हैं।

दरअसल कार्ति चिदंबरम और उनके सहयोगी पर आरोप है कि उन्होंने चीन के नागरिकों को पैसे लेकर वीजा दिलवाया था। वे पंजाब में वेदांता ग्रुप के पावर प्रोजेक्ट के लिए भारत आना चाहते थे। उस वक्त कार्ति कि पिता पी चिदंबर केंद्र में गृह मंत्री थे।

इस मामले में जांच के लिए कांग्रेस सांसद सीबीआई हेडक्वार्टर पहुंचे थे। एक कोर्ट ने आदेश दिया था कि यूके और यूरोप से वापस आने के 16 घंटे के अंदर वह जांच में शामिल हों। वह



सुप्रीम कोर्ट और स्पेशल कोर्ट की अनुमति से विदेश गए थे। बुधवार को वह यात्रा से वापस लौटे थे।

यह आईएनएक्स मीडिया एवं एयरसेल-मैक्सिस मामलों के बाद कार्ति चिदम्बरम के विरुद्ध मनी लॉन्ड्रिंग का तीसरा मामला है। ईडी पिछले कुछ सालों से आईएनएक्स मीडिया एवं एयरसेल-मैक्सिस धनशोधन मामलों की जांच कर रही है।

अधिकारियों ने कहा कि ईडी ''अपराध'' से हुई उन संभावित आमदनी की जांच करेगा, जो वीजा मामले में कथित अवैध गतिविधि से मिली हो। उन्होंने कहा कि जांच के तहत आरोपियों से पूछताछ की जाएगी।

कार्ति चिदंबरम ने सभी आरोपों का खंडन किया है और मंगलवार को ट्वीट किया, 'अगर यह उत्पीड़न नहीं है, व्यक्ति विशेष के खिलाफ कार्रवाई नहीं है, तो क्या है।'

उन्होंने लिखा, 'मुझे अपने महान देश की न्यायपालिका पर पूरा विश्वास है और भरोसा है कि यह संगठन सच्चाई के साथ खड़ा होगा। इन बातों से मैं डरने वाला नहीं हूं कि केंद्र सरकार दुभार्वनापूर्ण एवं मनगढंत आरोप मुझपर मढ़ने के लिए एक बार फिर अपनी एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है।'

तमिलनाडु के शिवगंगा से सांसद कार्ति चिदम्बरम ने कहा, 'पहले एजेंसियां एक विचाराधीन संदिग्ध हत्या आरोपी के बयान के आधार पर मेरे पीछे पड़ गयी। अब वे एक मृत व्यक्ति के कथित कृत्यों पर फर्जी आरोपों का ढोल पीट रही हैं, जबकि उस व्यक्ति से मैं कभी मिला ही नहीं। मेरे मार्फत मेरे पिता को निशाना बनाने के उनके हर निहित प्रयास का मुकाबला जारी रखने का मेरा इरादा है।'

उन्होंने कहा, 'यह पक्का है कि 250 तो क्या, मैंने एक भी चीनी नागरिक को वीजा दिलाने में मदद नहीं की।'

सीबीआई का कहना है कि विद्युत परियोजना स्थापित करने का कार्य एक चीनी कंपनी द्वारा किया जा रहा था और निर्माण कार्य निर्धारित समय से पीछे चल रहा था।

उसने अपने प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि टीएसपीएल का एक कार्यकारी 263 चीनी श्रमिकों के लिए परियोजना वीजा फिर से जारी करवाना चाह रहा था, जिसके लिए कथित रूप से 50 लाख रुपये की रिश्वत दी गयी थी। एजेंसी का आरोप है कि टीएसपीएल के तत्कालीन उपाध्यक्ष विकास मखारिया ने इसके लिए कार्ति चिदम्बरम के 'खास सहयोगी' भास्कररमन से संपर्क किया ।

# बैन के बावजूद भारत ने अप्रैल में निर्यात किया 473 मिलियन डालर का गेहूं

**नई दिल्ली।** मूल्य वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के हफ्तों बाद, केंद्र ने बुधवार को घोषणा की कि भारत ने मार्च में 177 मिलियन अमरीकी डालर और इस साल अप्रैल में 473 मिलियन अमरीकी डालर का गेहूं निर्यात किया। सरकारी आंकड़ों में बताया गया है कि 2022-23 के लिए भारत में गेहूं का अनुमानित उत्पादन लगभग 105 मिलियन मीट्रिक टन (एमएमटी) है और इसे अपनी 130 करोड़ आबादी की जरूरतों के लिए 30 मिलियन मीट्रिक टन की जरूरत है।

भारत को लगभग 80 करोड़ गरीब और कमजोर आबादी के लिए राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए), प्रधान मंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजेकेएवाई), और अन्य कल्याणकारी योजनाओं जैसी खाद्य सुरक्षा योजनाओं के लिए 30 एमएमटी की आवश्यकता है। इसके अलावा भारत अपने पड़ोसी देशों और अन्य कमजोर देशों को मानवीय सहायता भी प्रदान करता है। सरकार ने कहा कि



वित्त वर्ष 2021-22 में एनएफएसए और पीएमजीकेएवाई के तहत 42.7 एमएमटी गेहूं का वितरण किया गया है। सरकारी डेटा के मुताबिक, गेहूं निर्यातक देशों में, भारत 2020 में 19वें, 2019 में 35वें, 2018 में 36वें, 2017 में 36वें स्थान पर, 2016 में 37वें स्थान पर रहा, जो दर्शाता है कि भारत की हिस्सेदारी (0.47 प्रतिशत) बेहद कम है। जबकि सात देशों (रूस, अमेरिका, कनाडा, फ्रांस, यूक्रेन, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना) का पिछले पांच वर्षों में गेहूं निर्यात की कुल मात्रा में सबसे बड़ा हिस्सा रहा है।

इसमें आगे लिखा गया है, फिर भी, 24 फरवरी, 2022 को रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद, भारत ने अत्यधिक गर्मी के परिणामस्वरूप कम गेहूं उत्पादन की चुनौतियों का सामना करने के बावजूद मार्च 2022 और अप्रैल 2022 में क्रमशः 177 मिलियन अमरीकी डालर और 473 मिलियन अमरीकी डालर के गेहूं का निर्यात किया है। गर्मी की लहर जिसने देश के उत्तरी भाग को खासा प्रभावित किया, इसके कारण अनाज सिकुड़ गया और प्रति एकड़ उपज में गिरावट आई है।

### 2022-23 में सरकारी गेहूं खरीद 53 प्रतिशत घटकर 182 लाख टन पर

सरकार की गेहूं खरीद विपणन वर्ष 2022-23 में पिछले वित्तवर्ष की तुलना में अब तक 53 प्रतिशत घटकर 182 लाख टन रह गई है। इसका मुख्य कारण निर्यात के लिए निजी कारोबारियों द्वारा गेहूं की आक्रामक खरीदारी करना है। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। रबी विपणन वर्ष अप्रैल से मार्च तक चलता है लेकिन अधिकांश खरीद जून तक समाप्त हो जाती है। पिछले विपणन वर्ष में अबतक की सर्वाधिक 433.44 लाख टन गेहूं की खरीद की गई थी।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के तहत आवश्यकता को पूरा करने के लिए सरकारी उपक्रम भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) और राज्य की खरीद एजेंसियां न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर इस अनाज की खरीद करती हैं। गेहूं उत्पादन में गिरावट और निर्यात में वृद्धि के कारण मौजूदा वर्ष के लिए गेहूं खरीद लक्ष्य को संशोधित कर 195 लाख टन कर दिया गया है, जो पहले 444 लाख टन था। सरकारी सूत्रों के अनुसार, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के सभी प्रमुख उत्पादक राज्यों में सरकारी एजेंसियों द्वारा गेहूं की खरीद कम रही।

## आईटीआई-उद्योग लिंकेज मीट सम्पन्न

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में आईटीआई प्रशिक्षणार्थियों को उद्योगों में प्रयुक्त नवीनतम तकनीकों से परिचित कराने के उद्देश्य से आईटीआई उद्योग लिंकेज मध्यप्रदेश मीट का आयोजन किया गया। प्रमुख सचिव तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार आकाश त्रिपाठी ने एक दिवसीय लिंकेज मीट का शुभारंभ किया। उन्होंने बताया कि कौशल विकास विभाग ने तीन उद्योगों एल एंड टी कंस्ट्रक्शन अहमदाबाद और वी ई कमर्शियल व्हीकल लिमिटेड पीथमपुर के साथ दो-दो हजार कैंडिडेट्स एवं जेबीएम ऑटो लिमिटेड गुड़गांव के साथ 500 अप्रेंटिस को संलग्न करने के लिए एमओयू किया गया है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के विभिन्न शासकीय आईटीआई ने उद्योगों के साथ 100 फ्लैक्सि एमओयू हस्ताक्षर किए हैं। इसमें मुख्यत: प्लेसमेंट, गेस्ट लेक्चर, इंडस्ट्री विजिट, सीएसआर गतिविधियां एवं ऑन जॉब ट्रेनिंग का क्रियान्वयन किया जायगा। प्रमुख सचिव ने कहा कि युवाओं में रोजगार के लिए कौशल क्षमताओं का विकास अत्यंत महत्वपूर्ण है। बदलते परिद्रश्य में आईटीआई में आधुनिक व्यवसायों का चलन किये जाने तथा उद्योगों के साथ जीवंत आदान-प्रदान की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आईटीआई में अध्ययनरत युवाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण, आजीविका एवं सुनिश्चित प्लेसमेंट के लिए प्रदेश स्तर पर एसपीवी के साथ संस्थाओं का उनयन किए जाने के लिए बोर्ड ऑफ गवर्नर्स का गठन किया गया है। इसके माध्यम से प्रथम चरण में विभिन्न जिलों में स्थित 42 आईटीआई का चयन किया गया है। इसके अंतर्गत 5 से 7 हजार से ज्यादा प्रशिक्षणार्थियों को कौशल विकास एवं रोजगार का लाभ दिया जायगा। संचालक कौशल विकास जितेंद्र सिंह राजे ने कहा की विभाग द्वारा प्रदेश में दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली, फ्लैक्सि एमओयू और अप्रेंटिशिप योजनाओं को लागू कर आईटीआई प्रशिक्षणार्थियों के कौशल का उन्नयन और उद्योग की मांग के आधार पर तकनीकी कौशल को भी बढ़ाने की दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश की आईटीआई को उद्योग जगत से जोड़ने की रणनीति तैयार करने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन किया गया है।

# केरल और लक्ष्यद्वीप के कई इलाकों में बारिश

एजेंसी

चेन्नई। केरल, लक्ष्यद्वीप, तमिलनाडु, कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा तथा तेलंगाना के अलग-अलग क्षेत्रों में गुरूवार को बारिश हुई।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार केरल, लक्ष्यद्वीप के कई इलाकों में तथा तमिलनाडु, कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा और तेलंगाना अलग-अलग हिस्सों में बारिश हुई। इसके अलावा माहे, पुड्डुचेरी और कराईकल में मौसम शुष्क रहा।

विभाग ने बताया कि इस दौरान तमिलनाडु के अवदी (जिला तिरुवल्लुर) नौ सेमी,शोलावंदन (जिला मदुरै), नादुवट्टम (जिला नीलगिरी), थमराइपक्कम (जिला तिरुवल्लुर) प्रत्येक में छह सेमी, वेप्पनथट्टई (जिला पेरम्बलुर), अंदिपट्टी (जिला मदुरै), नीलाकोट्टई (जिला डिंडीगुल), बीएएसएल मुगैयुर (जिला विल्लुपुरम) में पांच सेमी, वेदसंदूर (जिला डिंडीगुल), अनाईमाडुवु बांध (जिला सलेम), वाडीपट्टी (जिला मदुरै), मारुंगापुरी (जिला त्रिची), इलुप्पुर (जिला पुदुक्कोट्टई) प्रत्येक में चार सेमी, पेचिपराई (जिला कन्याकुमारी), पनरुती (जिला कुड्डालोर), ग्लेनमॉर्गन (जिला नीलगिरी), वलपराई (जिला कोयंबटूर), कामचीपुरम (जिला डिंडीगुल) प्रत्येक में तीन सेमी, वलपराई तालुक कार्यालय (जिला कोयंबटूर), केवीके कट्टुकुप्पम एआरजी (जिला कांचीपुरम) तिरुत्तानी (जिला तिरुवल्लूर), पेरियाकुलम (जिला थेनी), तिरुवलंगडु (जिला तिरुवल्लुर), थुवाकुडी (जिला तिरुवल्लुर), थुवाकुडी त्रिची), मणप्पराई (जिला त्रिची), शिवलोगम (जिला कन्याकुमारी), पोन्ननियार बांध (जिला त्रिची), केटी (जिला नीलगिरी), सिनकोना (जिला कोयंबटूर) में दो-दो सेमी की बारिश हुई है।

विभाग ने बताया कि केरल और लक्षद्वीप एनामक्कल (त्रिशूर जिला) और नेरीमंगलम एआरजी (एर्नाकुलम जिला) 10 प्रत्येक, कोडुंगल्लूर (त्रिशूर जिला) और क्विलंडी (कोझीकोड जिला) प्रत्येक में नौ सेमी, पेरिंथलमन्ना (मलप्पुरम जिला) और सीताथोड एडब्ल्यूएस (पठानमथिट्टा जिला) प्रत्येक में आठ सेमी बारिश हुई।

उन्होंने कहा कि मवेलिक्कारा (अलाप्पुझा जिला), मन्नारक्कड़ और कांजीरापुझा एआरजी (दोनों पलक्कड़ जिले में) और अनाकायम एआरजी (मलप्पुरम जिला) में सात-सात सेमी की बारिश हुई है, अलाप्पुझा, चेरथला (अलाप्पुझा जिला) और अंगदीपुरम (मलप्पुरम जिला) में छह सेमी बारिश हुई।

पलक्कड़, कायमकुलम और कायमकुलमट्टुएग्री (दोनों अलाप्पुझा जिले में),मंजेरी (मलप्पुरम जिला), पुंजर एडब्ल्यूएस (कोट्टायम जिला), उत्तर परवूर एडब्ल्यूएस और पल्लुरथी एआरजी (दोनों एर्नाकुलम जिले में) पांच-पांच सेमी बारिश, हरिपद और मनकोम्पु (दोनों अलाप्पुझा जिले में), कुमारकोम (कोट्टायम जिला) और कीरमपारा एआरजी (एर्नाकुलम जिला) प्रत्येक में तीन-तीन सेमी, करीपुर एपी (मलप्पुरम जिला), वैकम (कोट्टायम जिला), मुन्नार (इडुक्की जिला), ओट्टपलम और श्रीथला (दोनों पलक्कड़ जिले में), पोन्नानी (मलप्पुरम जिला), पेरूवन्नामुझी एआरजी (कोझिकोड जिला) और मीनांगडी एआरजी (वायनाड जिला) में दो सेमी तक की बारिश दर्ज की गई। कर्नाटक के चिकमगलुरु 2 सेमी, उत्तरहल्ली (बेंगलुरु शहरी डीटी) एक सेमी बारिश हुई।

# यासीन मलिक को सजा के बाद फेंके थे पत्थर, अब थाने में कान पकड़ मांग रहे माफी



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के अलगाववादी नेता और आतंकवादी रहे यासीन मलिक को सजा का ऐलान होने के बाद कुछ युवाओं ने श्रीनगर में पत्थरबाजी की थी। इनमें से 10 लोगों को पुलिस ने अब तक गिरफ्तार कर लिया है। यही नहीं कल तक पत्थर फेंक रहे ये लोग अब थाने में कान पकड़कर अपनी हरकतों के लिए माफी मांगते नजर आ रहे हैं। श्रीनगर पुलिस ने बताया कि देश विरोधी नारेबाजी और यासीन मलिक के घर के बाहर पत्थराबाजी करने के आरोप में अब तक 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि मलिक को दिल्ली में सजा सुनाए जाने के बाद उसके इलाके माइसुमा में हिंसक प्रदर्शन हुआ था। हालांकि अन्य इलाकों में हालात शांतिपूर्ण बने रहे। पुलिस ने कहा कि अभी कुछ लोगों को गिरफ्तार किया जा सकता है। श्रीनगर पुलिस ने कहा, अन्य आरोपियों की भी पहचान की जा रही है और जल्दी ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। आईपीसी की धाराओं और यूएपीए के तहत केस दर्ज कर लिया है। इसके अलावा इस हिंसा को भड़काने वाले प्रमुख आरोपियों के खिलाफ जन सुरक्षा कानून के तहत मुकदमा दर्ज किया जाएगा। बता दें कि यासीन मलिक को सजा के ऐलान के तुरंत बाद श्रीनगर में स्थित उनके घर के बाहर पत्थरबाजी हुई थी। लेकिन पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की थी और उपद्रवी तत्वों को खदेड़ दिया था।

यही नहीं यासीन मलिक की पत्नी ने भी सजा पर सवाल उठाते हुए अपने पति को बहादुर शख्स करार दिया था और पीएम नरेंद्र मोदी की तुलना हिटलर से की थी। गौरतलब है कि हिंसा भड़कने के बाद प्रशासन ने कुछ इलाकों में बुधवार शाम को इंटरनेट बंद कर दिया था और सख्ती बढ़ा दी थी।

यासीन मलिक की सजा पर पाकिस्तान भी बौखलाया हुआ है। पाक के पीएम शहबाज शरीफ ने यासीन की सजा को लोकतंत्र के लिए काला दिन बताया था।

इसके अलावा क्रिकेटर शाहीद आफरीदी समेत पाकिस्तान की कई और हस्तियों ने आतंकी यासीन मलिक की सजा पर रोना रोया है। यही नहीं शाहिद आफरीदी ने तो इस मुद्दे को यूएन में भी ले जाने की अपील की थी।

## शार्ट न्यूज

### दिल्ली के एक होटल में मिला तेलंगाना के युवक का शव, कमरे से शराब की बोतलें बरामद

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम दिल्ली के महिपालपुर इलाके में स्थित एक होटल से गुरुवार सुबह तेलंगाना के रहने वाले एक शख्स का शव मिला। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुब्रमण्यन राजेश के तौर पर हुई है जिनकी उम्र 40-45 साल थी। वह तेलंगाना के शिवमपल्ली का रहने वाला था। उन्होंने बताया कि राजेश 19 मई को होटल आया था। दक्षिण पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) मनोज सी ने बताया कि हमें सूचना मिली कि महिपालपुर के एक होटल में हफ्ते भर से रह रहा एक शख्स बेहोश मिला है। डीसीपी ने बताया कि राजेश स्नान गृह के दरवाजे के पास कमरे में बेहोश पड़ा था और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। डीसीपी ने आगे बताया कि अपराध टीम को कमरे से शराब की एक खाली बोतल मिली है। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सफदरजंग अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक के रिश्तेदारों को सूचित कर दिया गया है और उनके आने पर, शव उन्हें सौंप दिया जाएगा।

### राजद्रोह केस: दिल्ली हाईकोर्ट ने शरजील इमाम को निचली अदालत जाने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने गुरुवार को जेएनयू के पूर्व छात्र शरजील इमाम को अंतरिम जमानत के लिए निचली अदालत जाने का निर्देश दिया। न्यायालय ने यह निर्देश तब दिया, जब दिल्ली पुलिस ने सर्वोच्च न्यायालय के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा कि आरोपी अंतरिम जमानत और अन्य राहत पाने के लिए सीधे उच्च न्यायालय का रुख नहीं कर सकते। जस्टिस मुक्ता गुप्ता और मिनी पुष्करणा की पीठ के समक्ष दिल्ली पुलिस की ओर से विशेष अभियोजक अमित प्रसाद ने यह आपत्ति उठाई। इसके बाद आरोपी इमाम ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी। पीठ ने याचिका का निपटारा करते हुए आरोपी को निचली अदालत जाने को कहा है। इससे पहले, विशेष लोक अभियोजक प्रसाद ने पीठ से कहा कि यह मामला अनिवार्य रूप से भारतीय दंड सहिता की धारा 124ए (राजद्रोह) से जुड़ा है, जिसमें कानून के अनुसार आरोपी को जमानत के लिए पहले निचली अदालत में जाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि निचली अदालत से राहत नहीं मिलने के बाद ही आरोपी उच्च न्यायालय का रुख कर सकते हैं। इससे पहले, निचली अदालत की ओर से 24 जनवरी को जमानत नहीं दिए जाने के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील दाखिल की है। अभियोजन के अनुसार, शरजील ने 13 दिसंबर 2019 को जामिया मिल्लिया इस्लामिया और 16 दिसंबर 2019 को अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में कथित भाषण दिए थे, जिसमें उसने असम तथा पूर्वोत्तर को भारत से अलग करने की धमकी दी थी। राजद्रोह के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद आरोपी ने उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल कर अंतरिम जमानत की मांग की थी।

### खिलाड़ियों के लिए रात 10 बजे तक खुले रहेंगे दिल्ली के स्टेडियम : केजरीवाल

प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजधानी में सभी सरकारी खेल केंद्रों को रात 10 बजे तक खुला रखने का निर्देश दिया हैं। गुरुवार को इसकी घोषणा करते हुए सीएम केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार के अधीन आने वाले सभी खेल परिसर रात 10 बजे तक खुले रहेंगे ताकि सभी खिलाड़ी देर तक अभ्यास कर सकें। मुख्यमंत्री के निर्णय को सार्वजनिक करते हुए उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने ट्वीट किया कि हमें समाचार रिपोर्ट्स के जरिए पता चला है कि कुछ खेल परिसर जल्दी बंद हो जाते हैं जिससे देर रात तक अभ्यास करने की इच्छा रखने वाले खिलाड़ियों को असुविधा हो रही है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली सरकार के सभी खेल परिसर को खिलाड़ियों के लिए रात 10 बजे तक खुला रखने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि त्यागराज स्टेडियम में अभ्यास करने वाले एथलीट और कोच की ये शिकायतें रही हैं कि उन पर समय से पहले अभ्यास रोकने के लिए दबाव डाला जाता है ताकि भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी संजीव खिरवार अपने कुत्ते को टहला सकें।

### आगामी 30 मई को जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा आईआईएमटी ग्रुप आफ कॉलेज में होगा रोजगार मेले का आयोजन

विवेक राय गौरवशाली भारत

**ग्रेटर नोएडा।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अनुरूप सहायक जिला रोजगार सहायता अधिकारी गौतमबुद्धनगर संग प्रिय आनन्द ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद के बेरोजगार इच्छुक युवक-युवतियों को रोजगार दिलाने के उद्देश्य से जनपद में जिला सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से दिनॉक 30 मई 2022 को प्रात: 10 बजे से आईआईएमटी ग्रुप आफ कॉलेज प्लाट नंबर 20 नॉलेज पार्क-3 ग्रेटर नोएडा में रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। आयोजित होने वाले मेले में देश-विदेश की 40 कम्पनियों के प्रतिनिधियों के द्वारा भाग लिया जायेगा। आयोजित रोजगार मेले में लगभग 1800 विभिन्न प्रकार की रिक्तियों के अनुसार हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, परास्नातक, बीटेक, एमबीए की परीक्षा में उत्तीर्ण 18 से 35 वर्ष की आयु वाले युवक/युवतियों का चयन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आयोजित होने वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के लिए आनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है एवं इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी समस्त अभिलेखों के साथ रोजगार मेले में प्रतिभाग करें। अत: रोजगार मेले में सभी इच्छुक बेरोजगार अभ्यर्थी भाग लेने के लिये दिनांक 29 मई 2022 को सांय 5 बजे तक सेवायोजन पोर्टल www.sewayojan.up.nic.in पर अपना आवेदन करके आयोजित होने वाले रोजगार मेले में भाग लें सकतें है। रोजगार मेले के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय गौतमबुद्धनगर से सम्पर्क कर सकते है।

### बिसरख पुलिस ने दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा सहित चोरी की पाँच मोटरसाइकिल बरामद



**ग्रेटर नोएडा।** थाना बिसरख पुलिस ने मंगलवार को दुपहिया वाहन चोरी करने वाले दो अभियुक्तों शिवा पुत्र नेगपाल निवासी अमरपाली स्कूल के पास मोहल्ला केनोनी इन्द्रापुरम गाजियाबाद, रामू पुत्र पुत्ती लाल निवासी गन्दे नाले की पुलिया के पास सुदामापुरी थाना विजयनगर गाजियाबाद को सुदामापुरी पुलिया से गिरफ्तार कर लिया। जिनका एक साथी करन उर्फ कर्ण पुत्र रघुवीर जाटव ग्राम गोम त थाना खैर जिला अलीगढ़ वर्तमान पता रमेश टिल्लू का मकान ग्राम पतवाडी थाना बिसरख गौतमबुद्धनगर मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश जारी है। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने चोरी की पाँच मोटरसाइकिल और एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय दो कारतूस जिन्दा बरामद किए हैं।अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं।जो पार्किंग में खड़ी मोटरसाइकिल का लॉक तोडकर मोटरसाइकिल चोरी करने की घटना को अंजाम देते थे। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# 'दिल्ली की सड़कों पर ज्यादा दिखूंगा'

## विनय सक्सेना ने शपथ लेते ही दिए केजरीवाल को संकेत



**नई दिल्ली।** विनय सक्सेना ने दिल्ली के उपराज्यपाल के पद की शपथ ले ली है। उन्हें 22वें उपराज्यपाल के तौर पर दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने शपथ दिलाई। शपथ के तुरंत बाद विनय सक्सेना ने बड़े संकेत भी दे दिए। उन्होंने कहा कि मैं उपराज्यपाल के तौर पर जनता के लिए काम करूंगा। राजनिवास में कम दिल्ली की सड़कों पर ज्यादा नज़र आऊंगा। उनकी इस टिप्पणी से इस बात के कयास लगने लगे हैं कि भविष्य में वह जनता के मुद्दों पर मुखर हो सकते हैं और इससे अरविंद केजरीवाल की दिल्ली सरकार से उनका टकराव देखने को मिल सकता है। बता दें कि इससे पहले अनिल बैजल, नजीब जंग से भी अरविंद केजरीवाल की सरकार का टकराव देखने को मिला था।

गुजरात में लंबे समय तक कार्यरत रहे विनय सक्सेना ने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण सबसे बड़ी समस्या है और मैं उसे समाप्त करने के लिए काम करूंगा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में एक बड़ा तबका गरीबों का है, जो असंगठित क्षेत्र में काम करता है, मैं उन लोगों के लिए काम करूंगा।

उन्होंने साफ किया कि मैं दिल्ली सरकार के साथ मिलकर काम करूंगा। विनय सक्सेना ने कहा कि मेरा सपना है दिल्ली को सिटी ऑफ जॉय और सिटी ऑफ फ्लावर्स बनाने का है। कुछ साल पहले उत्तर पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों का भी विनय सक्सेना ने इस दौरान जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में कुछ समय से दंगे फसाद हुए है। मैं हिन्दू मुस्लिम भाईचारे पर दिल्ली सरकार के साथ मिलकर काम करूंगा।

### शपथ समारोह में मौजूद थे केजरीवाल और गिरिराज सिंह

विनय सक्सेना के शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार में मंत्री गिरिराज सिंह, दिल्ली सरकार के कई मंत्री, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, शीर्ष नौकरशाहों के अलावा दिल्ली के कई सांसद और विधायक भी मौजूद रहे। बता दें कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष का पद संभालने वाले 64 वर्षीय विनय कुमार सक्सेना को 23 मई को दिल्ली के नए एलजी के रूप में नियुक्त किया गया था। उससे पहले अनिल बैजल ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए बीते 18 मई को उपराज्यपाल के पद से इस्तीफा दे दिया था। सक्सेना कानपुर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। उनके पास पायलट लाइसेंस भी है।

# दिल्ली के 22वें उपराज्यपाल बने विनय कुमार सक्सेना

नई दिल्ली। विनय कुमार सक्सेना ने गुरुवार को दिल्ली के 22वे उपराज्यपाल के रूप शपथ ली। राज निवास में आयोजित कार्यक्रम में दिल्ली हाईकोर्ट के कार्यकारी उच्च न्यायाधीश विपिन सांघी ने उन्हें उपराज्यपाल के रूप पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल केंद्र सरकार में मंत्री गिरिराज सिंह, दिल्ली सरकार के कई मंत्री, उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों, शीर्ष नौकरशाहों के अलावा दिल्ली के कई सांसद और विधायक भी मौजूद रहे।

बताते चले खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष का पद संभालने वाले 64 वर्षीय विनय कुमार सक्सेना को 23 मई को दिल्ली के नए एलजी के रूप में नियुक्त किया गया था। उससे पहले अनिल बैजल ने %व्यक्तिगत कारणों% का हवाला देते हुए बीते 18 मई को उपराज्यपाल के पद से इस्तीफा दे दिया था। सक्सेना कानपुर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे हैं। उनके पास पायलट लाइसेंस भी है।

मार्च 2021 में, उन्हें भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में केंद्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय समिति के सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था। इससे पहले नवंबर 2020 में, उन्हें वर्ष 2021 के लिए पद्म पुरस्कार चयन पैनल के सदस्य के रूप में नामित किया गया था।

सक्सेना ने छह साल तक केंद्र सरकार के खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) का नेतृत्व किया है। इससे पहले वह तीन दशकों तक निजी क्षेत्र में काम करते थे। सक्सेना ने ऐसे समय में पदभार ग्रहण किया है जब शहर की चुनी हुई सरकार और केंद्र के बीच नगर निगम चुनाव में देरी को लेकर लड़ाई चल रही है।

### टाटा साल्ट कन्ज्यूमर के रजिस्टर्ड ब्रांड के नकली रैपरो मे सादा नमक भरकर मार्केट मे सप्लाई कर बिक्री करने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़

**ग्रेटर नोएडा।** थाना दादरी पुलिस ने गुरुवार को टाटा कम्पनी के नाम से नकली नमक बनाने वाली फेक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए दो अभियुक्तों मुकेश कंसल पुत्र रमेश चन्द्र निवासी जीटी रोड कचहैरी के सामने कस्बा व थाना दादरी गौतमबुद्धनगर, शाकिर हुसैन पुत्र अच्चन खां निवासी मौहल्ला अफसरयान कस्बा व थाना मीरगंज बरेली को जारचा फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने 20,400 किलो नकली टाटा साल्ट, 800 थैले लोकल नमक वजन प्रति थैला 50 किलो कुल वजन 40,000 किलो लोकल नमक, 25,000 हजार खाली रैपर टाटा साल्ट कम्पनी, चार बैटरे, एक मशीन सिलाई वाली,एक मशीन पैकेट सील, एक वेट करने वाली मशीन और एक ट्रक नम्बर यूपी 84 टी 0414 बरामद किया है।अभियुक्तों द्वारा कम्पनी के साथ धोखाधड़ी करते हुये टाटा साल्ट कन्ज्यूमर के रजिस्टर्ड ब्रांड के नकली रैपरो मे सादा नमक भरकर मार्केट मे सप्लाई कर बिक्री करने का कार्य कर रहे थे। जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# नोएडा: सोसाइटी के गार्ड ने 14 वर्षीय किशोरी से किया रेप, मेडिकल जांच निकली गर्भवती

**नोएडा।** नोएडा के थाना सेक्टर 126 क्षेत्र की जेपी विशटाउन सोसाइटी में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोसाइटी में तैनात एक सिक्योरिटी गार्ड ने 14 वर्षीय किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। इसी बीच किशोरी अपने फ्लैट मालिक के घर से चोरी करने के आरोप में गाजियाबाद स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह चली गई। यहां पर जब किशोरी की मेडिकल जांच हुई तो खुलासा हुआ कि वह गर्भवती है। तब उसने आरोपी सिक्योरिटी गार्ड की करतूत के बारे में



परिजनों को जानकारी दी। इसको लेकर उसकी मां की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर 126 थानाक्षेत्र के एक गांव में रहने वाली महिला ने बताया कि उनकी 14 वर्षीय बेटी जेपी विश टाउन में विवेक नाम के व्यक्ति के घर पर घरेलू सहायिका के तौर पर काम करती थी। कुछ दिन पहले घर से सामान चोरी करने के आरोप है कि विवेक ने किशोरी के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया था।

इस पर पुलिस ने किशोरी को गाजियाबाद स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह भेज दिया। यहां पर कुछ दिन बाद उसकी तबियत खराब हो गई। इसके बाद गाजियाबाद के जिला अस्पताल में उसकी मेडिकल जांच कराई तो चौंकाने वाला खुलासा हुआ। वह 15 हफ्ते व चार दिन की गर्भवती थी। पूछताछ करने पर किशोरी ने अपनी मां को बताया कि जेपी विश टाउन सोसाइटी में नीरज नाम का सिक्योरिटी गार्ड ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता को धमकी दी थी कि यदि किसी को कुछ बताया तो वह उसे, उसके भाई व बहन की हत्या कर देगा। इस वजह से किशोरी ने किसी को दुष्कर्म के बारे में नहीं बताया।

# जाम की समस्या से लोगों को राहत मिलेगी

## पालम विहार को नए गुरुग्राम से जोड़ने के लिए बनेगा ओवरब्रिज

गुरुग्राम। दिल्ली से सटे गुरुग्राम के पालम विहार और नए गुरुग्राम के बीच कनेक्टिविटी को बेहतर करने के लिए रेलवे ट्रैक के ऊपर ओवरब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। ये ओवर ब्रिज दिल्ली-रेवाड़ी रेल रूट पर चौमा और पालम विहार के बीच बनवाया जाएगा।

इसके बनने से पालम विहार और सेक्टर-110/111 के बीच सीधे कनेक्टिविटी हो जाएगी। इसका निर्माण गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) द्वारा रेलवे विभाग से कराया जाएगा। जिसके लिए जीएमडीए के अधिकारियों की ओर से रेलवे विभाग के अधिकारियों को पत्र भी लिखा गया है। आरओबी के निर्माण पर करीब 53 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी।

सेक्टर-1, 2, पालम विहार, सेक्टर-22, 23 से सेक्टर-110, 111 की ओर जाने के लिए लोगों के पास अभी कोई सीधा रास्ता नहीं है। इन इलाकों के बीच से दिल्ली रेवाड़ी रेल लाइन गुजर रही है। ऐसे में दोनों इलाके अभी एक दूसरे से अलग है। यहां के लोगों को एक तरफ से दूसरी तरफ आने के लिए अभी चौमा फाटक का इस्तेमाल करना पड़ता है। फाटक के जरिये ही लोग नए और पुराने शहर के बीच का सफर करते हैं। ऐसे में दिन में कई बार रेल गुजरने पर फाटक बंद रहता है और लोगों को एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए फाटक पर रुक कर कई देर इंतजार करना पड़ता है। इससे पालम विहार की और और चौमा की ओर दोनों तरफ सुबह व शाम पीक आवर्स में जाम की भी स्थिति बनी रहती है। इसमें लोगों का काफी समय भी खराब होता है। लोगों का कहना है कि रेलवे ओवर ब्रिज या अंडर पास बनने से काफी राहत मिलेगी और जाम के झाम से भी नहीं जूझना पड़ेगा।

#### लंबे समय से हो रही थी मांग

स्थानीय निवासी व बादशाहपुर से विधायक राकेश दौलताबाद के प्रतिनिधि सन्नी सिंह ने बताया कि इसको लेकर लंबे समय से इलाके के लोगों द्वारा मांग उठाई जा रही थी। नए और पुराने गुरुग्राम में आने जाने के लिए अभी लोगों को काफी अतिरिक्त सफर करना पड़ता है।

#### जंगल सफारी पार्क में दिखेगी सांस्कृतिक की झलक

दिल्ली स्थित श्रम शक्ति भवन में मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन व श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव के बीच बैठक हुई। इसमें गुरुग्राम में 10 हजार एकड़ भूक्षेत्र में स्थापित किए जाने वाली अरावली सफारी पार्क परियोजना को लेकर भी चर्चा हुई। इसे विश्वस्तरीय प्रारूप व पहचान दी जाएगी। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हरियाणा के पर्यटन हब के रूप में विकसित किए जाने की दिशा में अरावली सफारी पार्क परियोजना एक महत्वपूर्ण घटक होगा। अरावली सफारी परियोजना की स्थापना के लिए स्थान व भूमि को चिन्हित किया जा चुका है। केंद्रीय मंत्री ने अरावली सफारी के प्रारूप में हरियाणवी आंचलिक सांस्कृतिक पहचान का समावेश किए जाने के लिए भी कहा। अरावली सफारी को विश्वस्तरी पहचान व प्रारूप दिए जाने की दिशा में विश्व के विभिन्न देशों में स्थापित कुछ विश्वस्तरीय सफारी पार्कों का दौरा भी किया जाएगा। अध्ययन के बाद इस अरावली सफाई पार्क का प्रारूप तैयार किया जाएगा।

### थाना फेस थ्री पुलिस ने लूट की योजना बना रहे तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**नोयडा।** थाना फेस थ्री पुलिस ने बुधवार को लूट की योजना बना रहे तीन अभियुक्तों दीपक पुत्र राजू प्रजापति निवासी ग्राम गढी चौखण्डी थाना फेस थ्री जिला गौतमबुद्धनगर, प्रदीप पत्र राधेश्याम नट निवासी गाव मिरेची थाना मिरेची जिला कासगंज वर्तमान पता अशोक पहलवान का मकान गांव चोटपुर थाना सेक्टर 63 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर, बबलू पुत्र ओमवीर यादव निवासी ग्राम अभयपुर थाना दादो जिला अलीगढ़ वर्तमान पता वर्तमान पता ओम साई सिटी कालोनी डूब क्षेत्र ग्राम गढ़ी चोखण्डी थाना फेस थ्री जिला गौतमबुद्धनगर को सेक्टर 121 अजनारा हाउस के पीछे तिकोना पार्क सर्विस रोड़ से गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने चोरी की एक स्कूटी नंबर यूपी 16 बीई 7782, एक चाकू और दो तमंचे तीन सौ पन्द्रह बोर मय दो कारतूस जिन्दा बरामद किए हैं।अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं।जिनके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### तीन स्थानों पर बनेंगे ई-चार्जिंग स्टेशन, दिल्ली वन ऐप पर भी ले सकेंगे जानकारी

नई दिल्ली। इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों की सहूलियत के लिए दिल्ली में तीन स्थानों पर चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (डीएसआईआईडीसी) बोर्ड की बुधवार को हुई बैठक में इस पर फैसला किया गया।

ये चार्जिंग और बैटरी बदलने वाले स्टेशन पटपड़गंज, बवाना आद्योगिक क्षेत्र सेक्टर-5 और नरेला सेक्टर-बी में बनाएं जाएंगे।

यह जिम्मेदारी दिल्ली ट्रांस्को लिमिटेड को दी गई है। इस मौके पर उद्योग मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहन ही हमारा भविष्य हैं, क्योंकि इससे हम प्रदूषण मुक्त दिल्ली बना सकते हैं।

सत्येंद्र जैन ने कहा कि दिल्ली को इलेक्ट्रिक गाड़ियों की राजधानी बनाने के इन वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। दिल्ली में बड़ी संख्या में लोग इलेक्ट्रिक बाइक और कार खरीद रहे हैं। हालांकि, कई बार लोगों को इन गाड़ियों की चार्जिंग को लेकर संशय बना रहता है। ई-वाहनों से दूर का सफर नहीं किया जा सकता है। यही उनके सामने सबसे बड़ी समस्या रहती है कि वे गाड़ी चार्ज कहां और कैसे करेंगे। ऐसे में लोगों की समस्या को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग स्टेशन स्थापित करने पर जोर दे रही है।

डीएसआईआईडीसी की बोर्ड बैठक में मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र में ड्रेन और सड़कों के रखरखाव को लेकर भी फैसला किया गया है।

जैन ने कहा कि दिल्ली सरकार औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने और व्यापार को आसान बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अवैध शराब को लेकर आबकारी विभाग एवं पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में चलाया गया गहन सर्च अभियान

आनंद राय गौरवशाली भारत

**ग्रेटर नोएडा।** जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतमबुद्धनगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस जिला आबकारी अधिकारी गौतमबुद्धनगर के नेतृत्व में गुरुवार को जिले के समस्त आबकारी निरीक्षकों एवं प्रशिक्षु आबकारी निरीक्षकों द्वारा अशोकनगर,14ए एवं कोंडली में दिल्ली की तरफ से वाहनों की चेकिंग की गयी तथा आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 1 गौरव चन्द द्वारा दिल्ली गौतमबुद्ध नगर बॉर्डर पर सेक्टर 14 ए में दिल्ली की तरफ से आने वाले वाहनों की चेकिंग के दौरान



एक मारुति बलेनो से 24 बोतल रॉयल स्टैग ब्राण्ड की विदेशी मदिरा के साथ दो अभियुक्त मनोहर पुत्र डालचंद व सागर पुत्र सचिन्द्र कुमार को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम की धारा 60/63/72 के अंतर्गत जेल भेजा गया, साथ ही साथ मयूर विहार स्थित शराब विक्रेता कंपनी ट्राइडेंट कैम्पर लिमिटेड के डायरेक्टर व सेल्समैनों के विरुद्ध भी एफ आई आर दर्ज कराया गया। इसी प्रकार आबकारी निरीक्षक बलराम सिंह, गौरव चन्द राहुल सिंह व सुमित यादव द्वारा सेक्टर 14 पर चेकिंग के दौरान एक सेंट्रो गाड़ी से पेटी कुल 24 बोतल रॉयल स्टैग ब्राण्ड की शराब बरामद हुई एवं तीन व्यक्तियों संजय सिंह गोसाई पुत्र लक्ष्मण सिंह गोसाई जयप्रकाश पुत्र लालचन्द, संदीप सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह को आबकारी अधिनियम की धारा 60/63/72 के अधीन गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया एवं दिल्ली की शराब विक्रेता कंपनी ट्राइडेंट कैम्पर लिमिटेड के डायरेक्टर व सेल्समैनों के विरुद्ध भी एफआईआर दर्ज करायी गयी तथा जनपद गौतमबुद्धनगर में 2 वाहनों से 4 पेटी शराब बरामद करते हुए 5 व्यक्तियों को जेल भेजा गया। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

# जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में आइजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक सम्पन्न

ग्रेटर नोएडा। उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप जनता की शिकायतों का त्वरित गति के साथ निस्तारण संभव कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व वंदिता श्रीवास्तव ने कलैक्ट्रेट सभागार में आईजीआरएस पोर्टल की समीक्षा बैठक करते हुए सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों को स्पष्ट रूप से निर्देश देते हुए कहा कि जनता की समस्याओं एवं शिकायतों के निस्तारण को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बहुत ही गंभीरता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित कर रहे हैं।उन्होंने आइजीआरएस पोर्टल पर लंबित एवं डिफाल्टर श्रेणी की शिकायतों का गहन समीक्षा करते हुए पाया कि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत/पालिका जहांगीरपुर की 2, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत/पालिका जेवर की 4, सिचांई विभाग की 1, कौशल विकास मिशन



की 1, शिक्षा विभाग की 2, लघु सिचांई विभाग की 1, सहकारिता विभाग की 1 तथा पंचायती राज विभाग की 1 शिकायत आईजीआरएस पोर्टल पर डिफाल्टर श्रेणी में एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत/पालिका जहांगीरपुर, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत/पालिका जेवर, सिचाई जल संसाधन, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, कौशल विकास मिशन, श्रम विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा जनता की शिकायतें आइजीआरएस पोर्टल पर लंबित हैं। अत: सभी अधिकारी एवं विभागाध्यक्ष सरकार की मंशा के अनुरूप आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त हो रही शिकायतों के निस्तारण को लेकर बहुत ही गंभीरता एवं सतर्कता के साथ कार्यवाही सुनिश्चित करें ताकि गुणवत्ता पूर्वक ढंग से सभी शिकायतों का निस्तारण सरकार की मंशा के अनुरूप समय बद्धता के साथ संभव हो और सरकार के इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का जनता को भरपूर लाभ मिल सके। इस संबंध में उन्होंने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों एवं विभागाध्यक्षों को निर्देश देते हुए स्पष्ट किया है कि समस्त अधिकारीगण आइजीआरएस पोर्टल की लंबित शिकायतों कि स्वयं समीक्षा करें और उन्हें गहनता के साथ अध्ययन करते हुए पूर्ण गुणवत्ता के साथ आज ही निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

## संपादकीय



# महंगाई और बेरोजगारी के बीच कुचले जा रहा है भारतीय लोग

भारत में कार्यबल मुख्य रूप से केंद्र सरकार के गलत नीतिगत रुख के कारण मुद्रास्फीति और बेरोजगारी के बीच कुचला जा रहा है और महामारी सिर्फ एक अतिरिक्त बहाना हो सकता है। अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति 8 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, यानी मोदी राज की पूरी अवधि, और मई 2014 में 8.3 प्रतिशत के मुकाबले 7.79 प्रतिशत तक पहुंच गई, जिसकी उन्होंने अपने चुनाव अभियान के दौरान कड़ी आलोचना की थी। हर साल एक करोड़ नौकरी देने के वादे के स्थान पर, उनकी सरकार ने वास्तव में दशकों में अभूतपूर्व स्तर की बेरोजगारी दी, जो महामारी से और बढ़ गई। पेट्रोल और डीजल पर उच्च कर, उच्च प्रशासित कीमतें, और उच्च जीएसटी दरों ने मुद्रास्फीति की वृद्धि को बढ़ावा दिया है, बढ़ती खाद्य कीमतों के अलावा, नवंबर 2016 में विमुद्रीकरण के नीति प्रयोग के साथ श्रम बाजार में मंदी की शुरुआत कभी नहीं हो सकती थी। रोका हुआ। नौकरी की स्थिति कभी खराब नहीं रही। मोदी राज के दौरान बेरोजगारी और श्रम बल की भागीदारी दोनों में ऐतिहासिक गिरावट आई। महामारी और अन्य घरेलू और बाहरी कारकों ने इसका प्रभाव डाला और सरकार स्तब्ध लग रही थी। अपनी पुरानी गलत प्राथमिकताओं पर पुनर्विचार की आवश्यकता थी लेकिन केंद्र उनके साथ रहा, और कई मामलों में उनका सख्ती से पालन किया। महंगाई और महंगाई के साथ बिगड़ती बाजार की स्थिति और बड़ी संख्या में नौकरी छूटने के साथ श्रम बाजार में गिरावट, नौकरियों के घटते अवसर और बढ़ती बेरोजगारी पूरे मोदी शासन की विशेषता बन गई है। हाथ में पैसा नहीं है और नौकरी पाने के कम अवसर ने हमारे कार्यबल का जीवन दयनीय बना दिया है। अप्रैल 2022 के महीने में हालांकि श्रम बाजार में काफी वृद्धि हुई गतिविधियों को देखा गया, जो अतिरिक्त नौकरियां उपलब्ध हुईं, वे मांग की तुलना में अपर्याप्त थीं। बड़ी संख्या में निराश लोग जिन्होंने श्रम बाजार छोड़ दिया है और नौकरी की तलाश करना भी बंद कर दिया है, उन्होंने अपनी खोज फिर से शुरू की, हालांकि खोज महंगी हो गई है, बेरोजगारी दर मार्च में 7.57 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल में 7.88 प्रतिशत की तुलना में बढ़ गई है। नवीनतम सीएमआईई आकलन के अनुसार। श्रम बल मार्च में 428.4 मिलियन से 8.8 मिलियन बढ़कर अप्रैल में 437.2 मिलियन हो गया। यह हाल के महीनों में उल्लेखनीय वृद्धि थी, खासकर पिछले तीन महीनों में 12 मिलियन की गिरावट के बाद। यह वृद्धि उस नुकसान से काफी कम थी जिसे ध्यान में रखा जाना चाहिए। अप्रैल में रोजगार में केवल 7 मिलियन का विस्तार हुआ, जो श्रम बल में 1.8 मिलियन की वृद्धि से कम था। रोजगार में वृद्धि भी रोजगार में लगातार तीन महीनों की गिरावट के बाद आई थी, सीएमआईई के आंकड़ों के अनुसार, जो यह भी बताता है कि रोजगार दिसंबर 2021 में 406 मिलियन से 10 मिलियन गिरकर मार्च 2022 में 396 मिलियन हो गया था। अप्रैल में, यह तक पहुंच गया 403 मिलियन, केवल गिरावट का एक हिस्सा पुनर्प्राप्त करने के लिए। इस प्रकार बेरोजगार व्यक्तियों की संख्या बढ़कर 34.2 मिलियन हो गई, जिसमें अप्रैल 2022 में बेरोजगारों की संख्या में 1.8 मिलियन की वृद्धि (श्रम बल में वृद्धि घटा रोजगार में विस्तार) शामिल है। अप्रैल 2022 में भी उन लोगों की संख्या में 2.3 मिलियन की वृद्धि देखी गई। जिन्होंने कहा कि वे बेरोजगार हैं और यदि उन्हें काम उपलब्ध कराया जाता है तो वे काम करने को तैयार हैं लेकिन सक्रिय रूप से रोजगार की तलाश नहीं कर रहे हैं। अप्रैल 2022 में इनकी संख्या बढ़कर 19.5 मिलियन हो गई। कृषि क्षेत्र ने अप्रैल में 5.2 मिलियन नौकरियां छोड़ीं।

# आरुणि का आदर्श गुरूकुल कहाँ है..?

**पुखराज प्राज**

प्राचीन भारत की शिक्षा-दीक्षा की परम्परा गुरुकुल में पूर्ण होती थी। भारतवर्ष जो ऋषियों-मनीषियों की धरती है। जहां ज्ञान को परम दान माना जाता है। हम, गुरू ब्रह्मा गुरू विष्णु, गुरु देवो महेश्वरा गुरु साक्षात परब्रह्म, तस्मै श्री गुरुवे नमः। अर्थात् गुरु को परम श्रेष्ठ मानते हैं। गुरु और गुरुकुल के संदर्भ में 90 के दशक में जन्मे बच्चों के स्कूली पाठ्यक्रम में आरुणि की गुरुभक्ति के संदर्भ में एक अध्याय उद्धृत किया गया था। जहाँ जाति, धर्म, वर्ग, अर्थ से परे समानता के साथ शिक्षा दिया जाता था। वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा का अद्यतन भी समय के साथ होता रहा है। गुरुकुल में वैदिक, बौद्धिक, व्यावसायिक, सामाजिक, दर्शन एवं चिकित्सा के क्षेत्र में शिक्षा दिये जाते थे। वर्ष 1858 में ब्रिटिश शासन के दौरान कॉन्वेंट स्कूलों का कल्चर हमारे गौरवशाली गुरुकुल परम्परा पर हावी हुआ। जिसके तहत भारतीय शिक्षा अधिनियम, 1858 लागू हुआ। इसका ड्राफ्टिंग लार्ड मैकाले ने की थी। जिनका उद्देश्य कहीं ना कहीं भारतीय संस्कृति, शिक्षा और दर्शन के पद्धतियों को छिन्न-भिन्न करके रखना था। इसके पश्चात ही गुरुकुल परम्परा का विलोपन प्रारंभ हो गया। आजाद भारत में शिक्षा व्यवस्था बहुत दयनीय स्थिति में थी। गुरुकुल का विघटन होने लगा वहीं तात्कालिक दौर में मिशनरी स्कूलों के संख्या भी कम थें। वर्ष 1951 में लगभग 13 हजार प्राथमिक और 7,000 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय थे। तत्कालीन साक्षरता दर 12 प्रतिशत थी। वर्ष 1952-53 में माध्यमिक शिक्षा आयोग का गठन हुआ। वहीं 1961 में एनसीईआरटी की स्थापना हुई। शुरुआती दौर में योजना आयोग के समक्ष अनेक चुनौतियां थीं, कि लोगों तक शिक्षा व्यवस्था कैसे निर्धारित करें वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर स्थिति से बच्चों की मृत्यु दर तेजी से बढ़ रही थी। वर्ष 1968 में कोठारी शिक्षा आयोग की सिफारिशों के अनुसरण में प्रथम राष्ट्रीय शिक्षा नीति को आत्मसात किया गया। वहीं 1975 में 6 वर्ष तक के बच्चों के उचित विकास के लिए समेकित बाल विकास सेवा योजना की प्राथम्यता दर्ज हुई। शिक्षा और राज्यों दोनों के उत्तरदायित्वों को समझते हुए 1976 में शिक्षा को राज्य विषय से समवर्ती विषय में परिवर्तन करने हेतु संविधान संशोधन किया गया। सारकरण में कहें तो शिक्षा व्यवस्था में भारी परिवर्तन का दौर रहा है। वर्तमान नई शिक्षा पॉलिसी-2020 को हम आत्मसात कर रहे हैं। बहरहाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत अनुदान से एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित किए जाते हैं। इसी समरूप परिपेक्ष में वर्ष 2007 के 15 अगस्त के दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री के द्वारा राष्ट्र को संबोधित करते हुए, विकासखंड स्तरीय एक आदर्श विद्यालय के स्थापना के लिए छ्-हजार मॉडल स्कूलों की संकल्पना की गई और स्कूलों का निर्माण होने लगा। वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा के स्तर को सुधार और उत्थान के लिए हिन्दी या अंग्रेजी माध्यम द्वारा शिक्षा देने की व्यवस्था के लिए नव आदर्श विद्यालयों की स्थापना का दौर तेजी से बढ़ रहा है। निजी स्कूलों की कहानी तो और गज़ब है। एक्स्ट्रा एक्टिविटी और जोरों से प्रमोशन के साथ बकायदा सप्ताह के प्रत्येक दिनों के हिसाब से यूनिफार्म की अवधारणा और स्कूलों का फाइव स्टार होटल के समान डीजाईन का मूर्तरूप अलग ही कहानी बयाँ करता है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम, जो की संविधान के 86वें संशोधन अधिनियम,2002 के अनुसार 21(क), जोड़कर शिक्षा को मौलिक अधिकार बना दिया गया है। जिसमे राज्य को यह कर्तव्य दिया गया कि वह 6 से 14 वर्ष की आयु के सभी बच्चों को निशुल्क और अनिवार्य शिक्षा प्रदान करेगा। सभी को शिक्षा और अनिवार्य शिक्षा की तार्किकता तो सहीं है। लेकिन कभी आइडियल, विशेष वर्ग, कभी आदर्श, कभी अच्छी शिक्षा, कभी सामान्यतः शिक्षा की ओर ईंगित करते किसी क्षेत्र विशेष में सौ बच्चों के लिए एक तैयार की गई रूपरेखा में शेष नवनिहालों के भविष्य की चिंता नहीं करने का विषय सौतेलेपन का शिकार तो नहीं हो रहा है। सबको समान शिक्षा मिले, सबको समान अवसर प्राप्त हो। क्या हम महर्षि धौम्य के वन-आश्रम या गुरुकुल के समरूप समानता का प्रतिनिधित्व करने वाले शिक्षा व्यवस्था की नींव नहीं रख सकते हैं। यह एक चिंतन का विषय है। शिक्षा का दान, महादान है। तो क्या शिक्षा के अमृत को परोसने के लिए भी फिल्टरेशन ऑरोसिस्टम की व्यवस्था कुछ के लिए, कुछ के लिए सामान्य नल-कूप व्यवस्था और कुछ के लिए व्यवस्था खुले तालाब के बाहर छोड़ देने के समान तो नहीं है। शुद्धता के स्तरों में कमी का पर्याय कौन नहीं समझ सकता है।

# गृह-शांति के लिये आतंक से लड़ाई का सन्देश



**ललित गर्ग**

जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के नेता यासीन मलिक को उम्रकैद की सजा उन सभी अलगाववादी नेताओं और आतंकियों के लिए कड़ा संदेश है जो राष्ट्र विरोधी गतिविधियों, हिंसा एवं आतंक फैलाने एवं राष्ट्रीय जीवन को अस्त-व्यस्त करने में लगे हैं। यासीन मलिक को यह सजा आतंकवाद फैलाने के लिए पैसे जुटाने और देने के मामले में मिली है। उस पर भारतीय वायुसेना के चार जवानों की हत्या, जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री (दिवंगत) मुफ्ती मोहम्मद सईद की बेटी रुबिया सईद के अपहरण और कश्मीरी पंडितों की हत्या जैसे संगीन आरोपों में भी मामले चल रहे हैं। यासीन मलिक ने काफी पहले ही अपने गुनाह कबूल कर लिए थे। विडम्बना देखिये कि जेल से बाहर आकर यासीन मलिक ने खुद को गांधीवादी कहना शुरू कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि कश्मीर से लेकर दिल्ली तक गांधी के नाम पर राजनीतिक स्वार्थ की रोटियां सेंकने वाले तथाकथित राजनीतिक लोग उसे सचमुच गांधीवादी बताने में जुट गए। ऐसी शख्सियतें तो थोक के भाव बिखरी पड़ी हैं, जो स्वांग राष्ट्रनेता होने का करते हैं लेकिन उनकी हरकतें राष्ट्र तोड़क होती है। हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ है, अराष्ट्रीयता है, किसी न किसी को नुकसान पहुंचाने एवं राष्ट्र को आहत करने की ओछी मनोवृत्ति है।

आखिरकार एनआइए की एक अदालत ने आतंकी यासीन मलिक को आतंक से जुड़े विभिन्न मामलों में दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुना दी, लेकिन बड़ा प्रश्न है कि ऐसे गंभीर अपराधों एवं राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में जुड़े लोगों को सजा में क्यों इतना विलम्ब होता है? मलिक को सजा देने में जरूरत से ज्यादा देरी हुई है, वह न्याय व्यवस्था पर कई गंभीर सवाल खड़े करती है। ये सवाल आतंकवाद से लड़ने में हमारी प्रतिबद्धता की कमजोरी ही बयान करते हैं। इन्हीं कमजोरियों के कारण देश में आतंकवाद पनपता रहा है। यासीन मलिक ने जैसे एनआइए अदालत के समक्ष आतंकी फंडिंग के मामले में अपने पर लगे आरोपों को स्वीकार किया, वैसे ही एक समय उसने यह माना था कि जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के एरिया कमांडर के रूप में उसने वायु सेना के चार जवानों को मारा था और वीपी सिंह सरकार के समय गृहमंत्री रहे मुफ्ती मुहम्मद सईद की बेटी का अपहरण भी किया था। इन संगीन अपराधों के बावजूद वह कुछ समय ही जेल में रहा। उसे राजनीतिक संरक्षण का ही परिणाम है कि उसके आतंकवादी हौसले बुलन्द रहे।



यासीन मलिक जैसी अराजक, आतंकवादी एवं राष्ट्र-विरोधी शक्तियों को राजनीतिक संरक्षण एवं समर्थन देने वाले लोग भी राष्ट्र के गुनाहगार है, ऐसे लोग जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। ऐसे लोग राजनीति में हैं, सत्ता में हैं, सम्प्रदायों में हैं, पत्रकारिता में हैं, लोकसभा में हैं, विधानसभाओं में है, गलियों और मौहल्लों में तो भरे पड़े हैं। आये दिन ऐसे लोग, विषवमन करते हैं, प्रहार करते रहते हैं, राष्ट्रीयता को आहत करते है, चरित्र-हनन् करते रहते हैं, सद्भावना और शांति को भंग करते रहते हैं। उन्हें राष्ट्रीयता, भाईचारे और एकता से कोई वास्ता नहीं होता। ऐसे घाव कर देते हैं जो हथियार भी नहीं करते। किसी भी टूट, गिरावट, दंगों व युद्धों तक की शुरूआत ऐसी ही बातों से होती है। आजादी के पचहतर वर्षों में जम्मू-कश्मीर या अन्य प्रांतों में अशांति, आतंक एवं हिंसा का कारण ऐसे ही लोग रहे हैं। व्यक्ति का चरित्र देश का चरित्र है। जब चरित्र ही बुराइयों की सीढ़िया चढ़ने लग जाये तो भला कौन निष्ठा, समर्पण एवं ईमानदारी से देश का नया भविष्य गढ़ सकता है और कैसे लोकतंत्र एवं राजनीतिक मूल्यों के आदर्शों की ऊंचाइयां सुरक्षित रह सकती है?

सिर्फ सत्ता पाने की महत्वाकांक्षा ने राष्ट्र की बुनियाद को खोखला कर दिया है। न जिन्दगी सुरक्षित रही और न राष्ट्रीय मूल्यों की विरासत। हिंसा, भय, आतंक, शोषण, अन्याय, अनीति जैसे घृणित कर्मों ने साबित कर दिया कि राजनीतिक स्वार्थों के मैदान में राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता से ज्यादा राष्ट्र तोड़क शक्तियां महत्वपूर्ण है। यही कारण है कि जब किन्ही अज्ञात कारणों से 1994 में यासीन मलिक जेल से बाहर आया तो जेल से बाहर आकर उसने खुद को गांधीवादी कहना शुरू कर दिया। हैरानी की बात यह रही कि कई प्रभावशाली राजनीतिक लोग एवं राजनीतिक दल उसे सचमुच गांधीवादी बताने में जुट गए। इनमें सरकारी एजेंसियों के साथ-साथ सिविल सोसायटी के भी लोग थे और नेता भी। उसे न केवल विभिन्न मंचों पर शांति के मसीहा के रूप में आमंत्रित किया जाने लगा, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत भी कहा जाने लगा। यह सब काम खुद को सेक्युलर, लिबरल और मानवाधिकारवादी कहने वाले लोग यह जानते हुए भी बिना किसी शर्म-संकोच कर रहे थे कि यासीन मलिक ने कश्मीर को आतंक की आग में झोंकने का काम किया और उसके कारण कश्मीरी हिंदुओं का वहां रहना दूभर हो गया।

भारत में एक पाकिस्तान भी बसता है, जो राजनीति में, पत्रकारिता में है, धर्म-संगठनों में है, सत्ता में है, वह पाकिस्तान की जबान में ही सोचता है और वैसे ही देश की एकता एवं अखण्डता को तार-तार करने के लिये उतावला रहता है। हर तरह की आतंकी गतिविधियों में लिप्त होने के बावजूद यासीन मलिक का जिस तरह महिमामंडन किया गया, उसका परिणाम यह हुआ कि सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोग भी उस पर मेहरबान हो गए। वे उससे मेल-मुलाकात करने लगे। उसके अतीत की अनदेखी कर उसे पासपोर्ट दे दिया गया और पता नहीं किसकी आर्थिक मदद से वह अमेरिका, ब्रिटेन, पाकिस्तान की यात्रा करने लगा। इससे एक ओर जहां कश्मीर में सक्रिय आतंकियों को बल मिलने लगा, वहीं आतंकवाद से लड़ने में भारत का संकल्प भी भोंथरा होने लगा। भारत में पाकिस्तान के पूर्व उच्चायुक्त अब्दुल बासित और पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी जैसे लोग मलिक के समर्थन में उतर आए हैं, लेकिन उस समर्थन से क्या होगा। भारत अब पहले वाला भारत नहीं है, यहां राष्ट्र एवं राष्ट्रीयता को बलशाली बनाने वाली सरकार का शासन है। मलिक जैसी अराजक एवं आतंकी शक्तियां इसी सरकार के कारण अपने मनसूंबों में कामयाब नहीं हो पा रही हैं। मलिक को सजा के बाद पाकिस्तान को भी यह समझना चाहिए कि वह भारत के खिलाफ जिन लोगों का इस्तेमाल करेगा, उनसे कानून के दायरे में ऐसे ही निपटा जाएगा।

कश्मीर में जम्मू-कश्मीर लिबरेशन फ्रंट और उसके नेता यासीन मलिक की अलगाववादी गतिविधियां उग्र रही है। वह पाकिस्तान के इशारे पर काम करता रहा। इसके लिए उसे वहां से पैसा व अन्य मदद मिलती रही, जो आज भी जारी है। खुद भी हिंसा के बल पर उगाही करता रहा, कुछ साल पहले कश्मीरी छात्रों को पाकिस्तान के इंजीनियरिंग और मेडिकल कालेजों में दाखिला दिलाने के नाम पर पैसा वसूलने के मामले का खुलासा भी हुआ था। इस पैसे का इस्तेमाल घाटी में आतंकी गतिविधियों, पथराव और दूसरी वारदातों को अंजाम देने के लिए और नौजवानों को आतंकी संगठनों में भर्ती करने जैसे कामों में इस्तेमाल होता रहा है। उसका खमियाजा वहां के बेगुनाह लोगों को उठाना पड़ा है। पिछले साढ़े तीन दशक में हजारों लोग हिंसा का शिकार हुए। लाखों कश्मीरी पंडितों को घाटी से पलायन करने को मजबूर होना पड़ा। नौजवानों का भविष्य चौपट हो गया। सबसे दुखद तो यह कि नौजवान पीढ़ी को आतंकी संगठनों में भर्ती होने के लिए मजबूर किया गया। मलिक एवं उसके अलगाववादी संगठनों को लेकर पूर्व सरकारों का उदार रुख भी समस्या का बड़ा कारण रहा। अगर अलगाववादी संगठनों पर पहले ही नकेल कसने की हिम्मत दिखाई होती तो शायद हालात इतने नहीं बिगड़ते। यासीन मलिक को सजा से यह भी साफ हो गया है कि अगर पुलिस और जांच एजेंसियां ईमानदारी एवं पारदर्शिता से काम करें, पर्याप्त सबूत जुटा कर अदालत के समक्ष रखें और ऐसे मामलों में जल्द सुनवाई हो तो आतंकवाद में लिप्त लोगों को सीखचों के पीछे पहुंचाने में देर नहीं लगती। वरना अक्सर यह देखा गया है कि सबूतों के अभाव में आतंकी छूट जाते हैं। यासीन मलिक को सजा पर पाकिस्तान के भीतर बौखलाहट पैदा होना भी स्वाभाविक है।

# असमानता की महामारी से सबसे ज्यादा नुकसान गरीब वर्ग को ही उठाना पड़ा

**विजय गर्ग**

अक्सर कहा जाता है कि वायरस कभी भेदभाव नहीं करता। कोई महामारी जब फैलती है, तो अमीर-गरीब सबको अपना शिकार बनाती है। लेकिन जो महामारी के वायरस का सच है, वही वैश्विक अर्थव्यवस्था का सच नहीं है। तमाम रिपोर्टें बताती हैं कि महामारी के कारण पैदा हुए हालात ने अलग-अलग वर्ग और समाज को अलग-अलग तरह से प्रभावित किया है।

इसने कुछ लोगों को नए अवसर दिए, तो कई सारे लोगों के अवसर लंबे समय के लिए छीन लिए। इस सिलसिले में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के संगठन ऑक्सफैम ने एक विस्तृत अध्ययन के बाद यह बताया है कि महामारी के बाद के दो साल में दुनिया में आर्थिक गैर-बराबरी काफी तेजी से बढ़ी है। इस दौर ने जहां एक तरफ 26 करोड़ से अधिक लोगों के लिए भुखमरी के हालात पैदा कर दिए हैं, तो वहीं दुनिया को हर 33 घंटे में एक नया अरबपति दिया है।

बेशक, पिछले दो साल में महामारी और लॉकडाउन वगैरह से पूरी दुनिया की विकास दर काफी ज्यादा गिरी है। परंपरागत आर्थिक सोच यही कहती है कि इसका नुकसान सभी को होना चाहिए था- अमीरों को भी और गरीबों को भी।

लेकिन तमाम अध्ययन और शोध यही बताते हैं कि नुकसान का ज्यादातर हिस्सा गरीबों के पाले में ही आया है, जबकि अमीर इससे तकरीबन बच ही गए, बल्कि कुछ को तो इस हालात ने और अधिक मालामाल कर दिया।

यह सच है कि भारत ने हालात का मुकाबला जिस तरह से किया, उसने एक बहुत बड़ी आबादी को भुखमरी का शिकार होने से बचाया।

80 करोड़ लोगों को लंबे समय तक मुफ्त अनाज उपलब्ध कराने का कोई दूसरा उदाहरण दुनिया में नहीं है। पिछले दिनों विश्व मुद्रा कोष तक ने इसके लिए भारत की तारीफ की थी। लेकिन इसके आगे के जो हालात हैं, वे काफी उलझे हुए हैं। कुछ दिनों पहले आई 'वर्ल्ड इनिक्वैलिटी लैब' की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया में सबसे ज्यादा विषमता अगर कहीं है, तो वह भारत में ही है।

तकरीबन यही बात अब ऑक्सफैम की रिपोर्ट ने भी कही है।

इस दौरान भारत में हर 11 दिन में एक नया व्यक्ति अरबपति बना है। 2020 में अरबपतियों की फोर्ब्स पत्रिका की सूची में 102 भारतीयों के नाम थे, पर 2022 में इनकी संख्या बढ़कर 166 हो गई।

अरबपतियों के मामले में भारत अब अमेरिका और चीन के बाद तीसरे नंबर पर पहुंच चुका है। गरीबों की संख्या के मामले में तो यह पहले नंबर पर है ही।

अब जरा एक नजर उस दौर पर भी डाल लें, जब कोरोना वायरस ने एक महामारी के रूप में हमारे जीवन में प्रवेश नहीं किया था। गरीबी तब भी थी और दुनिया के बहुत सारे हिस्सों में आर्थिक विषमता भी बढ़ रही थी। महामारी से एक सीधा फर्क यह पड़ा कि समाज की बहुत सारी सच्चाइयां, जिनसे हम मुंह फेर लेते थे, कोरोना ने उन्हें हमारी आंखों के सामने ला खड़ा किया। मसलन, इस वैश्विक महामारी ने बताया कि हमारी स्वास्थ्य सेवाएं कितनी अक्षम व अपर्याप्त हैं और संकट के समय लोगों को सीधी मदद देने में ये असमर्थ हैं।

इसी तरह, महामारी ने यह भी बताया कि हमारी वे आर्थिक नीतियां कितनी अक्षम व अपर्याप्त हैं, जिनके सहारे हम गरीबी-उन्मूलन के सपने देखते हैं! जब बड़ा आर्थिक संकट आया, तब उन तमाम नीतियों के बावजूद सबसे ज्यादा नुकसान गरीब वर्ग को ही उठाना पड़ा।

दुर्भाग्य यह है कि दुनिया अब भी अपना रास्ता बदलने को तैयार नहीं दिख रही है। वह अब भी पुरानी लकीर पर ही चल रही है।

# उद्घाटन के लिए तैयार जम्मू का औद्योगिक बायोटेक पार्क

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पीएमओ, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष राज्य मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा जम्मू में स्थापित उत्तर भारत के पहले औद्योगिक बायोटेक पार्क का उद्घाटन आगामी 28 मई को करेंगे। इस तरह के दो औद्योगिक बायोटेक पार्क जम्मू-कश्मीर में स्थापित किए जा रहे हैं, इनमें से एक जम्मू क्षेत्र के कठुआ जिले के घट्टी में है, तो दूसरा बायोटेक पार्क कश्मीर के हंदवाड़ा में है। प्रौद्योगिकी ऊष्मायन, प्रशिक्षण और कौशल विकास के अलावा घट्टी (कठुआ) स्थित बायोटेक पार्क में हर्बल निष्कर्षण, किण्वन, विश्लेषणात्मक प्रयोगशाला, आसवन, प्लांट टिश्यू कल्चर जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह न केवल जम्मू-कश्मीर और लद्दाख, बल्कि पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के कृषि-उद्यमियों, स्टार्टअप्स, प्रगतिशील किसानों, युवा उद्यमियों, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों और छात्रों के लिए भी उपयोगी होगा। यह बायोटेक पार्क मुख्य रूप से स्टार्टअप्स के नये विचारों के ऊष्मायन के केंद्र के रूप में कार्य करेगा, और उन्हें उद्योंगों से जुड़ने के लिए सहायता प्रदान करेगा। भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत कार्यरत जैव प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) और जम्मू-कश्मीर साइंस, टेक्नोलॉजी ऐंड इनोवेशन काउंसिल द्वारा संयुक्त रूप से इन औद्योगिक पार्कों को स्थापित करने का कार्य फरवरी 2019 में आरंभ किया गया था। जबकि, सीएसआईआर-इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटिव मेडिसिन, (सीएसआईआर-आईआईआईएम), जम्मू को इस परियोजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जम्मू-कश्मीर में शुरू किए जा रहे बायोटेक पार्क जैव प्रौद्योगिकी विभाग के समर्थन से विभिन्न राज्यों में शुरू किए जाने वाले 09 जैव प्रौद्योगिकी पार्कों में शामिल हैं।

# दो महा शक्तियों की बातचीत!!



**क्वाड शिखर सम्मेलन टोक्यो 2022 - क्वाड से लेकर हिंद प्रशांत तक दोनों भावी खेमों में भारत केंद्रीय भूमिका में दिखाई दे रहा**

**भारत की वैश्विक मंचों पर बढ़ती केंद्रीय भूमिका, प्रशंसा, सफलता, प्रतिष्ठा नें भारत को महाशक्ति की कतार में खड़ा किया - एड किशन भावनानी**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर आज भारत जिस रफ्तार से वैश्विक मंचों पर अपनी धमाकेदार उपस्थिति दर्ज करवा रहा है और भारत द्वारा कोरोना महामारी में किए गए सफल प्रबंधन, वैक्सीनेशन, वैक्सीन निर्माण, रूस यूक्रेन युद्ध स्थगन की पहल, आतंकवाद से निपटने का जज्बा, सफल विदेश नीति सहित अनेक खूबियों और सफल प्रबंधन की वैश्विकस्तर पर भारी प्रशंसा तथा विश्व शक्तियों के साथ ही दुनिया के सबसे शक्तिशाली शक्स अमेरिका के राष्ट्रपति द्वारा भी भारत की प्रशंसा की गई जो रेखांकित करने वाली बात है। साथियों बात अगर हम दो महा शक्तियों भारत के पीएम और अमेरिका के राष्ट्रपति की बातचीत की करें तो, दोनों नें द्विपक्षीय बैठक में ये भी कहा कि, पीएम के नेतृत्व में भारत लोकतांत्रिक हितों को ध्यान में रखकर प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत मिलकर बहुत कुछ कर सकता हैं, और हम करेंगे भी। बाइडेन ने कहा कि, मैं पृथ्वी पर हमारे सबसे करीबी के बीच अमेरिका-भारत साझेदारी बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। कई क्षेत्रों में बढ़ रहा है दोनों देशों के बीच सहयोग, अमेरिकी राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान पीएम ने कहा कि दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी सही मायने में विश्वास पर आधारित साझेदारी है। मुझे विश्वास है कि हमारे बीच इंडिया यूएसए इन्वेस्टमेंट इंसेंटिव एग्रीमेंट से निवेश की दिशा में मजबूत प्रगति देखने को मिलेगी। हम टेक्नॉलॉजी के क्षेत्र में अपना द्विपक्षीय सहयोग बढ़ा रहे हैं और वैश्विक मुद्दों पर भी आपसी समन्वय कर रहे हैं।

साथियों बात अगर हम विदेश नीति में छोटी-छोटी बातों के माइनों की करें तो, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अनुसार विदेश नीति में छोटी सी मुस्कान के बड़े मायने होते हैं। और अगर यह मुस्कान दुनिया के सबसे शक्तिशाली शख्स के चेहरे पर तैर जाए, तो इसके अर्थ कई निकलते हैं। जापान की राजधानी टोक्यो में द्विपक्षीय वार्ता से पहले भारतीय पीएम और अमेरिका राष्ट्रपति दोनों वैश्विक महाशक्तियां आमने-सामने बैठे थे। साथ में द्विभाषिए भी थे। संवाद शुरू हुआ। बाइडन ने पहले बोलना शुरू किया। और क्रूर रूस का जिक्र कर बाइडन ने एक रहस्यमय मुस्कान सामने बैठे हमारे पीएम की तरफ निहारी।

हम आम दिनों में इसे एक सामान्य सा हाव-भाव कहकर नजरंदाज कर सकते हैं। लेकिन जापान में जो मंच सजा है, वहां हर चीज के गहरे मायने हैं। कई अर्थ हैं। यूक्रेन और चीन पर दुनिया के स्थापित समीकरण बदल गए हैं। टोक्यो में दो दिन के अंदर, क्वाड से लेकर हिंद-प्रशांत तक, दुनिया के भावी खेमे तय कर लिए गए हैं। और दोनों में भारत केंद्रीय भूमिका में दिखाई दे रहा है। साथियों समझा जाता है कि समृद्धि के लिए हिंद-प्रशांत आर्थिक प्रारूप (आईपीईएफ) के माध्यम से अमेरिका यह संदेश देना चाहता है कि वह इस क्षेत्र में चीन की आक्रामक कारोबार नीति का मुकाबला अपनी मजबूत आर्थिक नीति को आगे बढ़ाकर करना चाहता है। दरअसल बाइडन की इस मुस्कुराहट के साथ उनके शब्दों में भी भारत के लिए संदेश छिपा है। उन्होंने अमेरिका और भारत के बीच धरती की दूरी को खत्म करने देने का दम भरा। बाइडन ने कहा, %हम यूक्रेन में रूस के अनुचित और क्रूर युद्ध पर भी चर्चा करेंगे। इसका असर पूरे विश्व पर पड़ रहा है। इसमें हम बहुत बारीकी के साथ निरंतर परामर्श करते रहेंगे। हम इस पर विचार करेंगे कि इसका प्रभाव किस प्रकार कम किया जा सकता है। मैं अपनी बातचीत के लिए बहुत उत्सुक हूं। हम दोनों देश बहुत कुछ कर सकते हैं और मिलकर करेंगे। मेरी यह प्रतिबद्धता है कि मैं भारत और अमेरिका की साझेदारी को इस धरती पर बहुत नजदीकी बना दूं। साथियों बात अगर हम क्वाड नेताओं के दिनांक 24 मई 2022 के संयुक्त बयान की करें जो पीआईबी के अनुसार उन्होंने कहा अपने बीच और अपने भागीदारों के साथ, हम संयुक्त राष्ट्र सहित बहुपक्षीय संस्थानों में अपने सहयोग को गहरा करेंगे, जहां बहुपक्षीय प्रणाली के लचीलेपन को सुधारने और बढ़ाने के लिए हमारी साझा प्राथमिकताओं को मजबूत करने की आवश्यकता है। व्यक्तिगत रूप से और एक साथ, हम अपने समय की चुनौतियों का जवाब देंगे, यह सुनिश्चित करते हुए कि यह क्षेत्र समावेशी, खुला और सार्वभौमिक नियमों और मानदंडों द्वारा नियंत्रित है। क्वाड क्षेत्र में भागीदारों के साथ सहयोग करने के लिए प्रतिबद्ध है जो एक स्वतंत्र और खुले हिंद-प्रशांत के दृष्टिकोण को साझा करते हैं। हम, आसियान एकता और केन्द्रीयता के लिए तथा इंडो-पैसिफि ?क पर आसियान दृष्टिकोण के व्यावहारिक कार्यान्वयन के लिए अपने अटूट समर्थन की पुष्टि करते हैं। हम, इंडो-पैसिफि ?क में सहयोग के लिए यूरोपीय संघ की रणनीति पर यूरोपीय संघ की संयुक्त सूचना का स्वागत करते हैं, जिसकी घोषणा सितम्? ?बर 2021 में की गई थी और इससे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में यूरोपीय वचनबद्धता में वृद्धि हुई थी। हम, विशेष रूप से समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन और नौवहन तथा ओवरफ्लाइट की स्वतंत्रता बनाए रखने के रूप में, पूर्वी और दक्षिणी समुद्र सहित नियम आधारित समुद्री चुनौतियों का मुकाबला करनेके लिए अंतर्राष्ट्रीय कानून का पालन करेंगे। हम किसी भी प्रकार की बलपूर्वक, उत्तेजक या एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध करते हैं जो यथास्थिति को बदलने और क्षेत्र में तनाव बढ़ाने की कोशिश करती है, जैसे कि विवादित सुविधाओं का सैन्यीकरण, तटरक्षक जहाजों और समुद्री मिलिशिया का खतरनाक उपयोग तथा अन्य देशों के समुद्र तट से दूर संसाधनों के दोहन को बाधित करने के प्रयास करे।

# मां का असीम प्रेम!

सबसे भोली , प्यारी हे मां,
है यह तो प्रेम की प्रतिमा,
इसकी गोदी में बसा है सारा जहां,
इससे प्यारा एहसास है कहां!

मिश्री है इसकी वाणी में,
दर्द है इसकी कहानी में,
अनगिनत इसकी कुर्बानी है,
इसके होने से ही, हम बच्चों की जिंदगी सुहानी है!

प्रार्थना में ले सबसे पहले बच्चों का नाम,
दिन रात करती है हमारे लिए काम,
इसके प्यार से उतरे हम बच्चों थकान,
बच्चे ही है इसकी जान और शान!

मां जब तक हे हमारे पास,
हमारा हर दिन है खास,
चलो पूरी करें इनकी भी आस,
अब नहीं और वनवास!

सबसे भोली सी, प्यारी सी मां,
है यह तो प्रेम की प्रतिमा,
इसकी गोदी में बसा है सारा जहां,
इससे प्यारा एहसास है कहां!!

**डॉ. माध्वी बोरसे!**
**(स्वरचित व मौलिक रचना)**

## शार्ट न्यूज

### मदरसों के लिए 479 करोड़ रुपए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार ने दूसरे कार्यकाल का पहला बजट गुरुवार को विधानसभा में पेश किया। यूपी के अब तक के सबसे बड़े बजट में महिलाओं, किसानों, युवाओं और बुजुर्गों आदि को ध्यान में रखकर कई बड़ी घोषणाएं की गई हैं। बजट में अल्पसंख्यक समुदाय के लिए भी कई अहम ऐलान किए हैं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय के छात्रों के लिए पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2022-2023 में 600 करोड़ रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत राजस्व पक्ष में छात्रवृत्ति के लिए 195 करोड़ 50 लाख रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है। इसके अलावा अरबी फारसी मदरसों के आधुनिकीकरण की योजना के लिए 479 करोड़ 07 लाख की व्यवस्था की गई है। अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास, शिक्षा और पेयजल की योजनाओं के विकास के लिए संचालित मल्टी सेक्टर डिस्ट्रिक्स प्लान के विभिन्न घटकों के तहत कुल 508 करोड़ 18 लाख रुपए की व्यवस्था प्रस्तावित है।

### यूपी के पूर्व मंत्री और बसपा के वरिष्ठ नेता नकुल दुबे ने थामा कांग्रेस का हाथ

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री और बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता नकुल दुबे ने गुरुवार को कांग्रेस का दामन थाम लिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला ने दुबे को पार्टी में शामिल कराया। सूत्रों ने बताया कि पार्टी में औपचारिक रूप से शामिल होने से पहले दुबे ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से मुलाकात की। नकुल दुबे को कांग्रेस में शामिल कराने के मौके पर शुक्ला ने संवाददाताओं से कहा कि बहुजन समाज पार्टी के स्तंभ माने जाने वाले उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री नकुल दुबे कांग्रेस में शामिल हुए हैं। हमारा मानना है कि उनके आने से उत्तर प्रदेश में कांग्रेस को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कांग्रेस के प्रति आभार जताते हुए कहा कि आने वाले समय में हम सब मिलकर सिर्फ उत्तर प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश में पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करेंगे। आपको बता दें कि वर्ष 2007-12 के दौरान उत्तर प्रदेश की बसपा सरकार में दुबे ने बतौर मंत्री कई महत्वपूर्ण विभागों की जिम्मेदारी संभाली। किसी समय उन्हें बसपा के प्रमुख ब्राह्मण नेताओं में शुमार किया जाता था।

### अखिलेश यादव पर फिर भड़के बरेली के मौलाना, बोले-बरेली के मुसलमान और उलेमाओं को नजरांदाज कर रहे सपा प्रमुख

**बरेली।** दरगाह आला हजरत से जुड़े संगठन तंजीम उलमा-ए-इस्लाम के राष्ट्रीय महासचिव मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने एक बयान जारी करके कहा है कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव सूफ़ी सूफी बरेलवी मुसलमानों को नजरअंदाज कर रहे है। उन्होंने विधानसभा के चुनाव में बरेलवी विचार धारा के व्यक्तियों को टिकट न देकर नजरअंदाज किया और अब राज्यसभा के चुनाव में भी बरेलवी मसलक से जुड़े हुए किसी व्यक्ति को टिकट नही दिया। मौलाना ने आगे कहा कि अखिलेश यादव का इतिहास बताता है कि उन्होंने देवबंदी मसलक के दारूल उलूम जैसे मदरसों में कई बार दौरा किया और अपने शासनकाल में आर्थिक मदद भी की थी। हमें इस पर कोई ऐतराज नहीं है, मगर हम ये उनसे पूछना चाहते है कि उन्होंने सुन्नी बरेलवी मरकज को हमेशा नजरअंदाज किया। इन तमाम बातों को लेकर बरेलवी मसलक से जुड़े मसलमान और उलमा भी अखिलेश यादव से सख्त नाराज हैं।

### रिश्ते की नाबालिग बहन से रेप फिर जबरन गर्भपात, भ्रूण को लेकर थाने पहुंचा पीड़िता का पिता

**आगरा।** आगरा के थाना मनसुखपुरा क्षेत्र के गांव में युवक ने रिश्ते की नाबालिग बहन से दुष्कर्म किया। आरोप है कि पुलिस से शिकायत करने पर परिजनों को जान से मारने की धमकी दी। किशोरी सात माह की गर्भवती हो गई। आरोपी युवक ने दवाओं की मदद से उसका गर्भपात करा दिया। जानकारी होने पर किशोरी के पिता भ्रूण को लेकर थाने पहुंच गए। रोते हुए पुलिस को पूरी घटना बताई। आरोपी युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी। मनसुखपुरा पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ बलात्कार, पोक्सो एक्ट व गर्भपात की में मुकदमा दर्ज कर भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्र के एक गांव में रिश्ते के भाई ने आठ माह पूर्व नाबालिग किशोरी से घर में घुसकर दुष्कर्म किया। किशोरी को जान से मारने की धमकी दी। किशोरी डर गई। अब वह सात माह की गर्भवती हो गयी। इसकी जानकारी किशोरी ने युवक को दी। युवक ने मंगलवार को किशोरी को गर्भपात की दवाएं दीं। इससे उसका गर्भपात हो गया। किसी तरह इसकी जानकारी किशोरी के पिता को हुई। वे गर्भपात के बाद भ्रूण को लेकर थाने पहुंच गए। पुलिस ने आरोपी युवक देवदत्त पुत्र धर्मजीत के खिलाफ कार्रवाई की है।

### औरैया में डबल डेकर बस पलटी, 18 घायल

औरैया। उत्तर प्रदेश में औरैया जिले के ऐरवाकटरा क्षेत्र में गुरूवार को डबल डेकर बस के पलटने से कम से कम 18 यात्री गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि आगरा-लखनऊ हाइवे आज तड़के यह हादसा उस समय हुआ जब बलरामपुर से राजकोट (गुजरात) जा रही डबल डेकर बस उमरैन कस्बा के पास माइल स्टोन 137 पर पलट कर खड्ड में गिर गयी। बस पलटने की जानकारी होते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पुलिस को सूचना देने के साथ बचाव कार्य में जुट गये। इसी बीच थाना इंचार्ज रामसहाय पटेल समेत पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंच गया जिन्हीने बस में फंसी सवारियों को बाहर निकाल कर एम्बुलेंस की सहायता से गंभीर घायलों को रिम्स सैंफई भिजवाया। बताया गया कि बस में सवार अधिकांश लोग काम की तलाश (मजदूरी) के लिए राजकोट जा रहे थे। बस को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। उसके परमिट व फिटनेस आदि की जांच की जायेगी।

### इग्नू और आईसीएआई के बीच होंगे एमओयू पर हस्ताक्षर

लखनऊ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत 27 मई को इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) और इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउन्टेन्स ऑफ इण्डिया (आईसीएआई) के बीच व्यापक समझौता-पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर होंगे। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डा मनोरमा सिंह ने गुरूवार को बताया कि इस एमओयू के बाद आईसीएआई से अपना पाठ्यक्रम पूरा करने वाले विद्यार्थियों को क्रेडिट ट्रान्सफर का लाभ मिलेगा और वे इग्नू द्वारा संचालित एमबीए, एमकॉम, बीकॉम आदि पाठ्यक्रमों को कम समय में पूर्ण कर पायेंगे। समझौते पत्र पर हस्ताक्षर बाबासाहेब भीमरॉव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय के सभागार में 60वीं नेशनल कॉस्ट कन्वेंशन 2022 के दौरान होगा। हस्ताक्षर इग्नू के कुलपति प्रो नागेश्वर रॉव और आइसीएआई के अध्यक्ष राजु अईयर की मौजूदगी में होगा।

### फतेहपुर में बुजुर्ग ने पत्नी को कुल्हाड़ी से काटा

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के असोथर क्षेत्र में गुरूवार को एक बुजुर्ग ने अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करते हुये उसकी कुल्हाड़ी से काट कर हत्या कर दी। पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि असोथर थाना क्षेत्र के ग्राम सरवल निवासी सालिग (70) ने अपनी 65 वर्षीय पत्नी की प्रेम प्रसंग के शक में कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। जब बुजुर्ग पत्नी पर कुल्हाड़ी से वार कर रहा था, उस समय ग्रामीण तमाशबीन बनकर देखते रहे। उनकी 50 वर्ष पूर्व शादी हुई थी। बेटे ने अपने बाप के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। हत्यारा पति फरार है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## केडीए ने 65 साल बाद खाली कराई 450 करोड़ की जमीन, सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर ऐक्शन

खाली कराए गए भूखंड पर आम जनमानस के हितों के उपयोग के लिए नियमानुसार तत्काल कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश अभियंत्रण खंड को दिए गए हैं। कानूनी दावपेंच में उलझाकर केडीए की जमीनें हथियाने का खेल नहीं होने दिया जाएगा। भूमाफिया और अभिजात्य वर्ग के सफेदपोशों की मंशा सफल नहीं होगी।

**अरविंद सिंह, उपाध्यक्ष केडीए**

कानपुर। सरकारी जमीनें हथियाने के लिए हो रहे खेल पर केडीए ने बुधवार को भी बड़ी कार्रवाई की। किदवई नगर साइट नंबर वन में 450 करोड़ की 6.56 एकड़ जमीन न सिर्फ खाली कराई बल्कि लीज डीड की शर्तों का पालन न करने पर 65 साल बाद अपनी जमीन वापस ले ली। साथ ही आवासीय कॉलोनी विकसित करने के लिए टीएस सर्वे भी शुरू कर दिया। यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुपालन में की गई। किदवई नगर के ई-ब्लॉक में भूखंड संख्या 196 (26547 वर्ग मीटर) का आवंटन केडीए की पूर्ववर्ती संस्था कानपुर डेवलपमेंट बोर्ड ने नौ सितंबर 1957 को महेश भट्ट विद्यालय सोसायटी को किया गया था। लीज डीड सोसायटी के मैनेजर राम गोपाल शर्मा के पक्ष में की गई थी। इसमें शर्त यह थी कि संस्था को नक्शा पास कराकर एक वर्ष के भीतर विद्यालय और प्ले ग्राउंड का निर्माण कराना होगा। लेकिन सोसायटी ने इन शर्तों का पालन नहीं किया। 1963 में यह भूखंड आयुर्वेदिक विद्यालय को हस्तांतरित किया गया। तब से विद्यालय का निर्माण कराने और संचालन करने का पर्याप्त समय था।




कार्यदायी संस्था के सामने कोई विधिक बाधा नहीं थी। केडीए ने नक्शा पास कराने के लिए तीन बार अवसर दिया लेकिन संस्था ने ऐसा नहीं किया। केडीए उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने इसकी पड़ताल कराई। आखिरकार कानपुर डेवलपमेंट बोर्ड द्वारा की गई डीड व आवंटन समाप्त करते हुए जमीन वापस लिए जाने का निर्णय लिया गया। बुधवार को अधिशासी अभियंता धीरेंद्र बाजपेई के नेतृत्व में प्रवर्तन, विक्रय, राजस्व और अभियंत्रण की टीम मौके पर पहुंची और जमीन पर वापसी करते हुए कब्जा ले लिया गया। शाम तक चारो तरफ दीवार भी बना दी गई।

### 10 माह में 1100 करोड़ की भूमि खाली

केडीए ने 10 माह के भीतर 1100 करोड़ की सरकारी जमीन कब्जामुक्त कराई है। इस कार्यकाल में केडीए उपाध्यक्ष अरविंद सिंह ने जमीनें वापस लेने के लिए सबसे ज्यादा बुलडोजर चलाए हैं। खास बात यह है कि पिछले पांच दिनों के भीतर 740 करोड़ की जमीन खाली कराकर वापस ली गई है। मुख्य अभियंता रोहित खन्ना को निर्देश दिया गया है कि इन सभी जमीनों पर आवासीय व कॉमर्शियल योजनाएं लांच करने की तैयारी की जाए।

## अखिलेश-केशव के वाकयुद्ध पर चढ़ा प्रयागराज का सियासी पारा, समर्थकों ने दिखाया गुस्सा

**प्रयागराज।** विधानसभा में सदन की कार्रवाई के दौरान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के बीच वाकयुद्ध को लेकर प्रयागराज का भी सियासी पारा गर्म हो गया। अखिलेश यादव की टिप्पणी पर केशव समर्थकों ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

सदन में अखिलेश यादव के बयान पर पूर्व मंत्री और शहर पश्चिमी से विधायक सिद्धार्थनाथ सिंह ने कहा-



नेता प्रतिपक्ष पूर्व मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं और जिस तरह से केशव प्रसाद मौर्य के ऊपर टिप्पणी की वह शोभा नहीं देता और जितनी निंदा की जाए वह कम है। कहीं न कहीं उनको पिछड़े वर्ग से प्रेम नहीं है। भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि सपा मुखिया ने असंयमित शब्दों का प्रयोग कर सदन की गरिमा को शर्मसार किया। गुंडई की भाषा बोलकर सपा के कार्यकलापों का प्रमाण भी दे दिया। भाजपा महानगर अध्यक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि सपा मुखिया को योगी सरकार का गुंडों पर नकेल कसना और सपा के गुंडों की गुंडई समाप्त करना बर्दाश्त नहीं हो पा रहा। छटपटाहट में वह सदन की गरिमा का ध्यान न रखते हुए गुंडई की भाषा बोल रहे हैं। पार्षद आशीष गुप्ता ने फेसबुक पर लिखा-'आज विधानसभा में दिख गया कि सिर्फ विदेश में पढ़ने से तमीज नहीं आती है।'

पार्षद मनोज कुशवाहा ने फेसबुक पर लिखा-खुद को ओबीसी समाज का नेता बताने वाले अखिलेश यादव को ओबीसी समाज के सीनियर नेता (केशव प्रसाद मौर्य) से बात करने की तमीज नहीं। वहीं तुमतड़ाक वाली भाषा, सबको शिवपाल चाचा समझ रखे हैं।

## मथुरा रिफाइनरी ने गर्ल्स इन्टर कालेज में बनवाई कम्प्यूटर प्रयोगशाला

मथुरा। मथुरा रिफाइनरी ने करीब 106 वर्ष पुराने किशोरी रमण गर्ल्स इन्टर कालेज में कम्प्यूटर हाल एवं बरामदे का निर्माण कराकर बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की दिशा में एक अभिनव कार्य किया है। सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालय को एक आधुनिक कम्प्यूटर प्रयोगशाला की आवश्यकता थी जिसके लिए जिला प्रशासन ने मथुरा रिफाइनरी से एक हाल व बरामदा बनवाने का अनुरोध किया था जिसे रिफाइनरी ने प्रस्ताव को सहर्ष स्वीकार किया तथा इसके लिए उसने 26.26 लाख रूपये की राशि सीएसआर फन्ड से दिया और प्रशासन से गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने वाली संस्था से इसका निर्माण कराने का अनुरोध किया। प्रशासन की ओर से मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण को हाल और बरामदा बनाने की जिम्मेदारी दी गई। मथुरा रिफाइनरी के प्रभारी एवं कार्यकारी निदेशक आशिष कुमार माइति ने कहा कि मथुरा रिफाइनरी अपने शैशव काल से ही समाज कल्याण से संबंधित विभिन्न कार्य कराती रही है जिनमें शिक्षा की बेहतरी के लिए प्रयास में सहयोग करना भी रहा है। रिफाइनरी भविष्य में भी ऐसी शिक्षण संस्थाओं की मदद करेंगी जो धनाभाव के कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा नही दे पा रहें हैं।

## सहारनपुर में अवैध खनन पर मंडलायुक्त का छापा

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में सहारनपुर के मंडलायुक्त डा लोकेश एम ने यमुना नदी में हो रहे अवैध खनन पर छापा मारा और निरीक्षण रिपोर्ट शासन को भेजी है।

डा. लोकेश एम ने गुरूवार को यूनीवार्ता को बताया कि खनन पट्टा मैसर्स स्टार माईंस के नाम है जहां पानी के भीतर भारी मशीनों से अवैध खनन किया जा रहा है।

कमिश्नर ने आर्वटित पट्टा क्षेत्र की पैमाईश कराई। मामले की जांच के लिए, आरटीओ प्रवर्तन राधेश्याम, सीओ बेहट चित्रांशु गौतम को निर्देश दिए कि वे मौके पर पाए गए वाहनों की जांच-पड़ताल कराएं। कमिश्नर लोकेश एम ने अपने निरीक्षण की रिपोर्ट शासन को भेजी है। इसी मामले में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) ने पिछली 10 और 11 मई को आदेश दिए हैं जिसमें उन्होंने दो याचिकाकर्ताओं की सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और सहारनपुर के जिलाधिकारी से कहा है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और अनुमान्य नियम कायदों का उल्लंघन करने के मद्देनजर पट्टाधारक स्टार माईंस पर जुर्माना लगाएं और पट्टाधारक को कानून और नियमों के मुताबिक ही मौके पर खनन कार्य करने के लिए बाध्य किया जाए और जब तक यह कार्रवाई नहीं होती है खनन कार्य को पूरी तरह से रूकवाया जाए।

एनजीटी के चेयर पर्सन न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल, सदस्य न्यायिक सुधीर अग्रवाल और विशेषज्ञ सदस्य प्रोफेसर ए सेनविल की तीन सदस्यीय पीठ ने दोनों याचिकाओं को सुना और आदेश जारी कर सहारनपुर में फौरन खनन पर रोक लगाने का आदेश जारी किया।

कमिश्नर डा. लोकेश एम ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि सड़कों पर ओवर लोडिड वाहनों को चलने से रोका जाए। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

## ताजमहल को लेकर नया विवाद, नमाज पढ़ने वाले 4 पर्यटक गिरफ्तार; हैदराबाद से आए थे 3

**आगरा।** ताजमहल परिसर स्थित मस्जिद में सिर्फ शुक्रवार को नमाज पढ़ने की अनुमति है। बुधवार को सीआईएसएफ ने चार युवकों को ताजमहल मस्जिद में नमाज पढ़ते समय पकड़ लिया। चारों को ताजगंज पुलिस के सुपुर्द किया गया है। चारों पर्यटक हैं। तीन हैदराबाद और एक एक आजमगढ़ का निवासी है।

घटना शाम करीब पौने सात बजे की है। शुक्रवार को ताजमहल में सिर्फ स्थानीय लोगों को आईडी दिखाने के बाद नमाज के लिए प्रवेश दिया जाता है। शुक्रवार के अलावा ताजमहल



मस्जिद में नमाज नहीं पढ़ी जाती। इंस्पेक्टर ताजमहल भूपेंद्र बालियान ने बताया कि चारों युवक पुलिस हिरासत में है। चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पकड़े गए युवकों का कहना है कि उन्हें इस नियम की जानकारी नहीं थी। ताजमहल घूमने आए थे। जानकारी होती तो वे ऐसा नहीं करते।

### माहौल खराब हो सकता था

पुलिस का कहना है कि ताजमहल की आंतरिक सुरक्षा सीआईएसएफ के पास है। सीआईएसएफ ने युवकों को पकड़ा है। उन्होंने धर्मस्थल पर ऐसा काम किया है जिससे माहौल खराब हो सकता था। दूसरे लोग इसी बात का मुद्दा बना सकते हैं। इसलिए, मुकदमा लिखकर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। युवकों के परिजनों को कानूनी कार्रवाई की जानकारी दी जाएगी। ताकि वे उनकी जमानत ले सकें।

## उप्र का बजट गरीबी से घिरे राज्य के लिये अंधे कुएं के समान है : मायावती

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश सरकार के गुरुवार को पेश किये गये बजट को 'घिसापिटा एवं अविश्वसनीय' बताते हुए कहा है कि गरीबी और बेरोजगारी से घिरे राज्य के लिये यह बजट किसी 'अंधे कुएं' के समान है।

मायावती ने उप्र के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा विधान सभा में बजट पेश किये जाने के बाद इस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा, यूपी सरकार का बजट प्रथम दृष्टया वही घिसापिटा व अविश्वनीय तथा जनहित एवं जनकल्याण में भी खासकर प्रदेश में छाई हुई गरीबी, बेरोजगारी व गड्ढायुक्त बदहाल स्थिति के मामले में अंधे कुएं जैसा है, जिससे यहाँ के लोगों के दरिद्र जीवन से मुक्ति की संभावना लगातार क्षीण होती जा रही है।

उन्होंने बजट पर सोशल मीडिया के माध्यम से जारी प्रतिक्रिया में कहा, यूपी के करोड़ों लोगों के जीवन में थोड़े अच्छे दिन लाने के लिए कथित डबल इंजन की सरकार द्वारा जो बुनियादी कार्य प्राथमिकता के आधार पर होने चाहिए थे, वे कहाँ किए गए। स्पष्टतः नीयत का अभाव है तो फिर वैसी नीति कहाँ से बनेगी।

जनता की आँख में धूल झोंकने का खेल कब तक चलेगा?

गौरतलब है कि खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये प्रदेश का 6.15 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित व्यय वाला बजट प्रस्ताव विधान मंडल के दोनों सदनों में पेश किया।

## भूत प्रेत के चक्कर में दबंगों ने की पिटाई, एक मरा

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में गांव पोटरिया में पुरानी रंजिश और भूत-प्रेत को लेकर दबंगों ने घर में घुसकर दो लोगों की जमकर पिटाई कर दी जिससे एक की मौत हो गयी और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने इस मामले में नामजद किये गये 08 लोगों में से 05 को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार जिले के सरायख्वाजा थाना अंतर्गत पोटरिया गांव के निवासी रामबचन राजभर और उनका पुत्र अनिल कुमार राजभर (30 वर्ष) बुधवार की रात भोजन के बाद घर में सोने चले गए। तभी रात्रि लगभग 10:00 बजे गांव के कुछ लोग पुरानी रंजिश व भूत प्रेत का चक्कर बताकर एकजुट हो गये और लाठी डंडे लेकर उसके घर पर चढ़ आए।

## बजट में जनपक्ष पूरी तरह से नदारद है : अखिलेश

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार के गुरुवार को विधान सभा में पेश किये गये बजट को घोर निराशावादी करार देते हुए कहा है कि इस बजट में जनपक्ष पूरी तरह से नदारद है। राज्य के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का पहला बजट प्रस्तुत किये जाने के बाद अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस बजट में जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं की बजट राशि में कतई इजाफा नहीं हुआ है। उल्टे बजट आवंटन को घटा दिया गया है।

उन्होंने कहा, इस सरकार का कहने को ये बजट छठा है, पर इसमें कुछ बढ़ा नहीं, सब कुछ घटा है। अखिलेश ने कहा कि इस बजट में जनता से जुड़ी सहूलियतों का कोई जिक्र ही नहीं है, सिर्फ बजट राशि के आवंटन में सरकारी विभागों में पैसे का बंटवारा ही नजर आता है। अखिलेश ने कहा, इसमें जनपक्ष नदारद, बस सरकारी विभागों का वारा-न्यारा है, दरअसल ये बजट नहीं बँटवारा है। गौरतलब है कि खन्ना ने वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिये प्रदेश का 6.15 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित व्यय वाला बजट प्रस्ताव विधान मंडल के दोनों सदनों में पेश किया।

## सीएम योगी बोले- 130 में से 97 वादे पहले ही बजट में पूरे, 54 हजार करोड़ का खर्च

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए पहला बजट पेश किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने आज विधानमंडल में करीब 6 लाख 15 हजार करोड़ रुपए का बजट पेश कियाहै। बजट में प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा, युवाओं को नौकरी, कृषि, सहित सभी सेक्टरों में फोकस किया गया है। खन्ना ने बताया कि बजट प्रदेशवासियों के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा शिक्षा पर भी फोकस होगा। वित्त मंत्री ने यह भी कहा कि चुनाव पूर्व जो वादा संकल्प पत्र में किया गया था उसे भी पूरा करने की



कोशिश की गई है। वहीं, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट पेश होने के बाद हुई प्रेस कांफ्रेंस में कहा, बजट में गांव, गरीब, किसान, नौजवान और महिलाओं समेत समाज के हर तबके को ध्यान में रखकर बनाया गया है। उन्होंने कहा कि 2022 विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी की ओर से एक लोककल्याणपत्र जारी किया था। इसमें 130 घोषणाएं की थीं, उसमें से 97 संकल्पों को इस बजट में स्थान दिया गया है। उन्होंने बताया कि इन योजनाओं के लिए बजट में 54 हजार 583 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

सीएम योगी ने कहा, हमारी सरकार ने वर्ष 2022-23 का बजट आज प्रस्तुत किया है। यह बजट प्रदेश की 25 करोड़ जनता की आकांक्षाओं की भावनाओं के अनुरूप प्रदेश के समग्र विकास, गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिलाएं, श्रमिक और समाज के प्रत्येक तबके को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

इस दृष्टि से का यह बजट 05 वर्षों का एक विजन भी है जो प्रदेश के सर्वसमावेशी, समग्र विकास के साथ-साथ एक उज्ज्वल भविष्य की रूप-रेखा भी तैयार करेगा उन्होंने आगे कहा, आदरणीय प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में लोक कल्याण संकल्प पत्र की भावनाओं के अनुरूप देश की सबसे बड़ी आबादी वाला राज्य, उत्तर प्रदेश जन-आकांक्षाओं की पूर्ति कर सके और समग्र विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायक हो सके।

## कोरोना से अनाथ 226 बच्चों को नहीं मिल रहे चार हजार

### पतियों को खोने वाली महिलाओं की पुरानी पेंशन का रास्ता साफ

कानपुर। कोरोना में अनाथ हुए 226 बच्चों को चार हजार रुपये महीना मिलना ठप हो गया है। दो महीने से खाते में एक भी रुपये नहीं आए हैं। फिलहाल संबंधित बच्चों के रिश्तेदार लगातार कलेक्ट्रेट के चक्कर लगा रहे हैं। अभी बजट नहीं आने का हवाला दिया जा रहा है। वहीं 220 नए आवेदन भी सत्यापन नहीं होने के कारण फंसे हैं।

सीएम बाल सेवा योजना के अंतर्गत कोरोना से अनाथ हुए बच्चों को चार रुपये महीना मिलता था। अप्रैल और मई महीने के रुपये खाते में नहीं आए हैं। दो महीने से रुपये नहीं मिलने से बच्चों को गुजर-बसर करने में दिक्कत हो रही है। उधर 150 सामान्य और 70 कोविड से अनाथ हुए नए आवेदन फार्म भी फंसे हुए हैं।

उनका सत्यापन नहीं हो सका है। वहीं, सबसे ज्यादा आवेदन सदर तहसील के हैं।

जिला प्रोबेशन अधिकारी जयदीप सिंह ने बताया कि बजट नहीं आया है। इसलिए दो महीने का पैसा खाते में नहीं जा सका है। बजट आते ही खातों में पैसा जाएगा।

### 67 को लैपटॉप का इंतजार

कोविड से अनाथ हो गए जिले के 67 बच्चों को बेहतर भविष्य के लिए लैपटॉप दिया जाना था। बताया जा रहा है कि जिला प्रोबेशन अधिकारी ने लैपटॉप की खरीद कर ली है। जल्द ही ये बच्चों को मिल जाएगा।



बजट न होने से कोविड से मृतकों के परिजनों को 50 हजार का अनुदान नहीं मिल सका है।

सुविधा पाने के लिए 62 मृतकों के परिजनों ने आवेदन किया। अफसरों की मानें तो बजट नहीं आ सका है। इसको लेकर पत्र लिखा गया है।

### पतियों को खोने वाली महिलाओं को पुरानी पेंशन का रास्ता साफ

कोरोना के दौरान पति को खोने वाली महिलाओं के लिए पुरानी पेंशन पाने का रास्ता साफ हो गया है।

नियमानुसार नई पेंशन की धनराशि सरेंडर करने के बाद ही पुरानी का लाभ मिल सकता है पर विभाग ने इसके लिए कोई खाता ही नहीं बनाया था। शिकायत माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष हरिश्चंद्र दीक्षित ने अपर मुख्य सचिव आराधना शुक्ला से की। अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) ने खाता संख्या जारी कर दी है।

प्रदेश में 250 ऐसे शिक्षकों की कोविड के दौरान मौत हो गई जो नई पेंशन स्कीम में आते थे।

हरिश्चंद्र दीक्षित ने बताया कि नगर समेत पूरे प्रदेश में ऐसे प्रकरण बड़ी संख्या में थे जिन्हें अब तक लाभ नहीं मिल पा रहा था।

## शार्ट न्यूज

### रुपया छह पैसे टूटा

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डॉलर पर बने दबाव के बावजूद मासिक वायदा एवं विकल्प सौदों के निपटान के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया छह पैसे टूटकर 77.61 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। रुपया कल 77.55 रुपये प्रति डॉलर पर रहा था। रुपया आज पिछले दिवस के स्तर पर खुला। सत्र के दौरान यह 77.65 रुपये प्रति डॉलर के निचले और 77.52 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले दिवस के की तुलना में छह पैसे टूटकर 77.61 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

### सोना नरम, चांदी गरम

मुंबई। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमती धातुओं में नरमी रहने के बीच घरेलू स्तर पर सोना जहां गिरावट में रहा वहीं चाँदी में तेजी देखी गयी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोना हाजिर 0.57 प्रतिशत टूटकर 1842.28 डॉलर प्रति औंस पर और अमेरिकी सोना वायदा 0.28 प्रतिशत गिरकर 1841.10 डॉलर प्रति औंस पर रहा। इस दौरान चाँदी हाजिर 0.86 प्रतिशत गिरकर 21.78 डॉलर प्रति औंस पर रही। देश के सबसे बड़े वायदा बाजार एमसीएक्स में सोना 51 रुपये उतरकर 50768 रुपये प्रति दस ग्राम पर और सोना मिनी 54 रुपये गिरकर 50761 रुपये प्रति दस ग्राम पर रहा। इस दौरान चाँदी 166 रुपये की बढ़त के साथ 61700 रुपये प्रति किलोग्राम और चाँदी मिनी 197 रुपये टूटकर 62030 रुपये प्रति किलोग्राम बोली गयी।

### टाटा पावर ने महाराष्ट्र में चालू की 100 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना

नयी दिल्ली। टाटा समूह की नवीकरणीय ऊर्जा इकाई टाटा पावर रिनीवेबल एनर्जी लि.(टीपीआरईएल) ने गुरुवार को कहा कि उसने महाराष्ट्र के पार्तू में 100 मेगावाट क्षमता की एक नवीकरणीय विद्युत परियोजना साढ़े तीन माह में बना कर चालू की है। कंपनी की एक विज्ञप्ति के अनुसार इसकी बिजली महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लि. (एमएसईडीसीएल) को दी जाएगी। इस परियोजना में 4,11,900 मोनोक्रिस्टलाइन सौर ऊर्जा माड्यूल लगाए गए हैं। इससे वार्षिक 23.4 करोड़ टन कार्बनडाई आक्साइड उत्सर्जन कम होगा। बयान के मुताबिक 600 एकड़ में इस संयंत्र को इसी समूह की कंपनी टाटा पावर सोलर सिस्टम्स के जरिए साढ़े तीन माह में स्थापित किया गया है। टाटा पावर के मुख्य अधिशासी एवं प्रबंध निदेशक डॉ प्रवीर सिन्हा ने एमएसईडीसीएल के लिए इस परियोजना को इतने कम समय में चालू कर देना परियोजना निर्माण के क्षेत्र में टाटा पावर की की असाधारण क्षमता का प्रमाण है। इस परियोजना के साथ टाटा पावर की नवीकरणीय स्रोतों से बिजली उत्पादन करने की स्थापित क्षमता बढ़ कर 3,620 मेगावाट हो गयी है। इसमें 2688 मेगावाट सौर ऊर्जा और 932 मेगावाट पवन ऊर्जा पर आधारित है। कंपनी इसके अलावा 1,300 मेगावाट की नवीकरणीय परियोजनाओं की स्थापना का काम कर रही है।

### दीपक फर्टिलाइजर्स का चौथी तिमाही में मुनाफा 144 प्रतिशत बढ़ा

नयी दिल्ली। रसायन एवं उर्वरक क्षेत्र की कंपनी दीपक फर्टिलाइजर्स लिमिटेड ने इस वर्ष मार्च में समाप्त चौथी तिमाही में 283 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 116 करोड़ रुपये की तुलना में 144 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने आज यहां वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि इस तिमाही में उसका कुल राजस्व 2015 करोड़ रुपये रहा हे जो मार्च 2021 की समाप्त तिमाही के 1575 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में उसका कुल राजस्व एक अरब डॉलर के पार 7663 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के राजस्व की तुलना में 32 प्रतिशत अधिक है। इसके साथ ही इस वित्त वर्ष में उसने 687 करोड़ रुपये का लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 406 करोड़ रुपये की तुलना में 69 प्रतिशत अधिक है। कंपनी के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए 90 प्रतिशत अर्थात नौ रुपये प्रति शेयर लाभांश देने का प्रस्ताव किया है।

### एस्टर डीएम हेल्थकेयर मुनाफा 238 प्रतिशत बढ़ा

**नयी दिल्ली।** स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी एस्टर डीएम हेल्थकेयर ने मार्च में समाप्त वित्त वर्ष में 601 करोड़ रुपये का लाभ अर्जित किया है जो इससे पिछले वित्त वर्ष के 178 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 238 प्रतिशत अधिक है। कंपनी ने यहां जारी वित्तीय लेखाजोखा में कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में उसका कुल राजस्व 10253 करोड़ रुपये रहा है जो मार्च 2021 में समाप्त वित्त वर्ष के 8,608 करोड़ रुपये के राजस्व की तुलना में 19 प्रतिशत अधिक है। उसने कहा कि मार्च में समाप्त चौथी तिमाही में उसका लाभ 246 करोड़ रुपये रहा जो मार्च 2021 में समाप्त तिमाही के 117 करोड़ रुपये के लाभ की तुलना में 110 प्रतिशत अधिक है। इस तिमाही उसका कुल राजस्व 2728 करोड़ रुपये रहा है जो मार्च 2021 की समान अवधि के 2391 करोड़ रुपये की तुलना में 14 प्रतिशत अधिक है।

### पीट्रॉन ने लांच किया बासबड्स वेव ईयरबड्स

**नयी दिल्ली।** किफायती ऑडियो एसेसरीज निर्माता पीट्रॉन ने आज अपनी बासबड्स ट्रू-वायरलेस ईयरबड लाइन में बासबड्स वेव के रूप में अगली पीढ़ी के उत्पाद को पेश किया। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि इसमें बेस्ट-इन-क्लास 50एमएस ऑडियो और वीडियो सिंक के लिए लो लेटेंसी, डीएसपी एनवायर्नमेंटल नॉइज कैंसलिंग, 40 घंटे का प्लेटाइम और कॉलिंग एवं संगीत अनुभव आदिकी सुविधा मिलेगी। इसकी कीमत 1299 रुपये है लेकिन कंपनी आमंत्रण मूल्य के तौर पर अभी यह 999 रुपये के दे रही है। कंपनी ने दावा किया कि फिन-शेप्ड डिजाइन के साथ बासबड्स वेव घंटों तक हाई-एंड ऑडियो प्लेबैक के लिए सुरक्षित और आरामदायक अनुभव सुनिश्चित करता है। इसका एर्गोनॉमिक आकार स्वाभाविक रूप से कान में समायोजित हो जाता है, जो एक सुरक्षित और आरामदायक फिटिंग को सुनिश्चित करता है।

### जिन्दल समूह 2119 करोड़ का निवेश कर छत्तीसगढ़ में लगायेंगा सीमेन्ट संयंत्र




रायपुर। जाने-माने उद्योगपति नवीन जिन्दल के नेतृत्व वाली कंपनी जिन्दल स्टील एंड पावर लिमिटेड(जेएसपीएल) छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में 2119 करोड़ रूपए का निवेश कर सीमेन्ट संयंत्र स्थापित करेंगा। जिन्दल पैन्थर सीमेन्ट (जेएसपी) के संयंत्र की स्थापना के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के साथ आज यहां समझौता अनुबंध(एमओयू) सम्पन्न हुआ जिस पर राज्य शासन की ओर से प्रमुख सचिव वाणिज्य एवं उद्योग मनोज कुमार पिंगुआ तथा जिंदल सीमेन्ट की ओर से जेएसपी के अध्यक्ष प्रदीप टण्डन ने हस्ताक्षर किए। इसके साथ स्टील, ऊर्जा, खनन एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर में अग्रणी जिन्दल स्टील एंड पावर की सेवाओं में सीमेंट उत्पादन भी प्राथमिक रूप से जुड़ जाएगा।कम्पनी अभी जिन्दल पैंथर के नाम से लोहे के राड बनाती है,इसी मशहूर हो चुके ब्रांड के नाम सीमेन्ट भी बाजार में उतारेंगी। जेएसपी के अध्यक्ष श्री टण्डन ने बताया कि इस सीमेंट प्लांट से 25 लाख टन सीमेंट एवं 25 लाख टन क्लिंकर प्रतिवर्ष उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। पर्यावरण आवश्यकताओं और समय की मांग के अनुरूप प्लांट में ऊर्जा संरक्षण की भी व्यवस्था की गई है और 12 मेगावाट के वेस्ट हीट रिकवरी सिस्टम से यह प्लांट चलाकर क्लीन एंड ग्रीन इंडिया के सपनों के अनुरूप राष्ट्र के विकास को गति दी जाएगी। सीमेंट प्लांट लगने से प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से हजारों रोजगार के अवसर पैदा होने की संभावना है। इसके अलावा क्षेत्र में विकास की एक और बयार बहेगी। उन्होने बताया कि यह सीमेंट प्लांट आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, जोकि चेयरमैन नवीन जिन्दल की दूरदर्शी सोच का परिणाम है।

# भारत प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाला देश : मोदी

**एजेंसी**

हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि भारत आज दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाला देश है और हम देश दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार बन गया है।

मोदी अपराह्न हैदराबाद में प्रतिष्ठित इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी) के दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, भारत आज आर्थिक वृद्धि के बड़े केंद्र के रूप में उभर रहा है और पिछले साल भारत में अबतक का सबसे ज्यादा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आया।

गौरतलब है कि वर्ष 2021-22 में कोविड की चुनौतियों और भू-राजनैतिक तनाव के बावजूद देश में एफडीआई 83.57 अरब डॉलर के बराबर रहा।

मोदी ने कहा,आज दुनिया यह महसूस कर रही है कि भारत जो भी कहता है काम की बात कहता है।

मोदी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने आईएसबी को राष्ट्र को समर्पित किया था। आज यह एशिया के सर्वश्रेष्ठ बिजनेस स्कूलों में गिना जाने लगा है। इस संस्थान से अबतक 50,000 छात्र-छात्राएं शिक्षित होकर निकले हैं।

मोदी ने भारत में उद्योग व्यवसाय और नवप्रवर्तन के क्षेत्र में तेजी से हो रही प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा,%आज भारत जी-20 देशों के



समूहों में सबसे तेजी से वृद्धि कर रही अर्थव्यवस्था है। स्मार्टफोन का डाटा के उपयोग के मामले में भारत पहले नंबर पर है और इंटरनेट उपयोगकर्ताओं की संख्या को देखें तो हम दुनिया में दूसरे नंबर पर हैं।

मोदी ने समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्ट-अप (नवप्रवर्तनकारी विचारों को लेकर शुरू किए गए उद्यम) का तीसरा सबसे तंत्र विकसित हो चुका है और देश दुनिया का तीसरा सबसे उपभोक्ता बाजार बन चुका है। उन्होंने कहा,%वैश्विक रिटेल इंडेक्स में भारत दुनिया में दूसरे नंबर है।

उन्होंने कहा कि आईएसबी से सीख-पढ़कर कर निकले देश में कारोबार को गति दे रहे हैं और बड़ी कंपनियों के प्रबंधन की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। इन विधार्थियों ने सैंकड़ों स्टार्ट-अप खड़े किए हैं और अनेकों यूनीकॉर्न्स(एक अरब डॉलर से ऊपर की हैसियत वाली कंपनियों) को खड़ा करने में उनकी भूमिका रही है। आईएसबी की इस उपलब्धि पर देश को गर्व है।

विभिन्न एजेंसियों ने 2022-23 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर को 7-7.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान लगाया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अप्रैल के अपने अनुमान में चालू वित्त वर्ष में वृद्धि दर के अनुमान को पहले के 7.8 प्रतिशत से घटाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है। केंद्रीय बैंक ने मुद्रास्फीति के दबाव के कारण अप्रैल में वृद्धि दर के अनुमान को घटा दिया था।

इसी तरह रेंटिग एजेंसी एसएनपी (स्टैंडर्ड्स एंड पूअर्स) ने चालू वित्त वर्ष की वृद्धि दर को अप्रैल के 7.8 प्रतिशत के अनुमार की जगह 7.3 प्रतिशत कर दिया है।

उद्योग मंडल फिक्की और एडीबी(एशियाई विकास बैंक) ने वृद्धि दर क्रमश: 7.4 और 7.5 रहने का अनुमान लगाया है जो विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे ऊंची रहेगी।

# शेयर बाजार में लौटी तेजी

**मुंबई।** अंतर्राष्ट्रीय बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत शेयर बाजार ने आज पिछले लगातार तीन दिन की गिरावट से उबरते करीब एक प्रतिशत की छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 503.27 अंक की उछाल लेकर 54 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 54252.53 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 144.35 अंक की तेजी के साथ 16170.15 अंक पर रहा। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी और मझौली कंपनियों में भी लिवाली हुई। मिडकैप 1.44 प्रतिशत की छलांग लगाकर 22,143.45 अंक और स्मॉलकैप 0.78 प्रतिशत चढ़कर 25,318.05 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 3429 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1748 में लिवाली जबकि 1552 में बिकवाली हुई वहीं 129 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में 39 कंपनियां हरे जबकि 11



लाल निशान पर रही।

बीएसई में एफएमसीजी समूह की 0.09 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष 18 समूहों में तेजी रही। धातु समूह में सर्वाधिक 3.35 प्रतिशत का उछाल रहा। साथ ही बेसिक मैटरियल्स 1.76, सीडीजीएस 0.65, ऊर्जा 0.62, वित्त 1.97, हेल्थकेयर 0.54, यूटिलिटीज 0.91, ऑटो 0.79, आईटी 1.24, बैंकिंग 2.15, तेल एवं गैस 0.85, पावर 0.91, रियल्टी 1.43 और टेक समूह के शेयर भी 1.21 प्रतिशत की बढ़त में रहे। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के जारी मिनट्स में आर्थिक विकास की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए आगे मौद्रिक नीति को सख्त रखने के रुख से वैश्विक बाजार में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.14, जर्मनी का डैक्स 0.54 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.54 प्रतिशत चढ़ गया जबकि जापान का निक्केई 0.27 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.27 प्रतिशत उतर गया।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 202 अंक की तेजी लेकर 53,950.84 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से दोपहर के पहले ही 53,425.25 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। इसके बाद शुरू हुई लिवाली की बदौलत यह लगातार चढ़ता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 54,346.22 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। अंत में पिछले दिवस के 53,749.26 अंक के मुकाबले 0.94 प्रतिशत चढ़कर 54,252.53 अंक पर रहा। इसी तरह निफ्टी भी 79 अंक बढ़कर 16,105 अंक पर खुला और कारोबारी सत्र के दौरान 15,903.70 अंक के निचले जबकि 16,204.45 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 16,025.80 अंक के मुकाबले 0.90 प्रतिशत उछलकर 16,170.15 अक पर पहुंच गया। इस दौरान सेंसेक्स की 24 कंपनियों में लिवाली वहीं शेष छह में बिकवाली हुई। टाटा स्टील के शेयरों में सर्वाधिक 5.27 प्रतिशत की तेजी रही जबकि सन फार्मा ने सबसे अधिक 1.16 प्रतिशत का नुकसान उठाया। मुनाफा कमाने वाली अन्य प्रमुख कंपनियों में एसबीआई 3.26, एचडीएफसी बैंक 2.96, एक्सिस बैंक 2.82, एचडीएफसी 2.28, आईसीआईसीआई बैंक 2.20, एनटीपीसी 1.02, मारुति 0.40 और महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

## सऊदी पर्यटन एजेंसी ने थॉमस कुक इंडिया से मिलाया हाथ

**एजेंसी**

मुंबई। यात्रा सेवाएं देने वाली देश की प्रमुख कंपनी थॉमस कुक (इंडिया) लि ने गुरुवार को कहा कि सऊदी अरब की सरकारी पर्यटन संवर्धन ऐजेंसी ने उसके साथ समझौता किया है। इसके तहत वह भारतीय पर्यटकों को सऊदी अरब की ओर आकर्षित करने के उनके प्रयासों में मदद करेगी।

थॉमस कुक इंडिया ने एक विज्ञप्ति में बताया कि उसने सऊदी टूरिज्म अथॉरिटी के साथ समझौता किया है। समूह की कंपनी एसओटीसी भी विभिन्न तरीकों से प्रचार-प्रसार के इस इस अभियान में शामिल होगी। इसमें सऊदी अरब में यात्रा और भ्रमण की आकर्षिक जगहों को भारत के लोगों के सामने प्रस्तुत कर उन्हें वहां की यात्रा के लिए आकर्षित किया जाएगा।

बयान में कहा गया है कि भारत के पर्यटकों के सऊदी अरब एक छुपा नगीना है जहां देखने-समझने के लिए दूर-दूर तक फैले समृद्ध संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत के स्थलों के अलावा घूमने- फिरने के लिए आकर्षक प्राकृतिक स्थल और रोमांचक जगह हैं।

थॉमस कुक इंडिया के प्रेसीडेंट और प्रमुख (अवकाश,वीजा, एमआईसीई) राजीव काले ने कहा,सऊदी एक अस्पष्ट और रोमांचक नया गंतव्य है जो भारतीय यात्रियों के लिए भ्रमण के बहुत विस्तृत अवसर प्रदान करता है। हम सऊदी पर्यटन प्राधिकरण के साथ सहयोग की संभावनाओं से खुश हैं। हमारा उद्देश्य अपने ग्राहकों को सऊदी अरब में यात्रा के विशिष्ट अनुभवों से समृद्ध करना है।

सऊदी टूरिज्म के मुख्य विपणन अधिकारी अलहसन अलदबाग ने कहा, सऊदी अरब बदाल की एक अद्भुत यात्रा पर है इसमें पर्यटन की अग्रणी भूमिका है।

अब दुनिया में (महामारी के बाद) लोगों का आना-जाना शुरू हो गया है तो हम सऊदी अरब को पर्यटन के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने को प्रतिबद्ध हैं।

## हुंडई की वेन्यु की बिक्री तीन लाख से पार

चेन्नई। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने गुरुवार को बताया कि भारत में कंपनी ने वर्ष 2019 से तीन लाख से अधिक वेन्यु कारों की बिक्री की है।

कंपनी के बिक्री, विपणन एवं सेवा निदेशक तरुन गर्ग ने कहा, हुंडई वेन्यु की कामयाबी ग्राहकों के उच्च-तकनीक और फीचर्स के प्रति आकर्षण सबूत है। वेन्यु की एडवांस ब्लूलिंक कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी से उच्च उन्नत आईएमटी (इंटेलिजेंट मैन्युअल ट्रांसमिशन) ग्राहकों को वर्ष दर वर्ष आकर्षित कर रही है। हुंडई ने वेन्यु को वर्ष 2019 में पेश किया था जो ब्लूलिंक तकनीक के साथ भारत की पहली एसयूवी थी। शुरुआत में इसमें 33 ब्लूलिंक तकनीक से जुड़े फीचर्स थे। इन विशेषताओं के साथ यह ग्राहकों के बीच बड़ी प्रचलित रही। वर्तमान में वेन्यु में 52 ब्लूलिंक से जुड़े फीचर्स हैं। हुंडई वर्ष 2020 और 2021 में नंबर एक एसयूवी विनिर्माता रहा जिसमें वेन्यु का एक बड़ा हिस्सा है।

हुंडई ने वर्ष 2021 में 2.5 लाख से अधिक एसयूवी बेची थी जिसमें 1.08 लाख कारों की बिक्री के साथ वेन्यु की हिस्सेदारी 42 प्रतिशत थी।

कंपनी ने कहा कि वर्ष 2021 में हुंडई वेन्यु की अपनी श्रेणी में बाजार में हिस्सेदारी 16.9 प्रतिशत थी, जो ग्राहकों के बीच कार का एक बेहतरीन प्रदर्शन है।

## मार्च 2022 में चौथी तिमाही में विकास दर तीन फीसद से कम रहने का अनुमान: एसबीआई

**नयी दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने मार्च में समाप्त चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद(जीडीपी) वृद्धि दर के तीन फीसद से भी कम और वित्त वर्ष 2021-22 में इसके 8.2 प्रतिशत से 8.5 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान जताया है।

एसबीआई के ग्रुप मुख्य अर्थशास्त्री सौम्य कांति घोष ने आज जारी अपनी रिपोर्ट में कहा है कि मार्च में समाप्त हुयी चौथी तिमाही में जीडीपी के 2.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि मार्च में समाप्त वित्त वर्ष में इसके 8.5 प्रतिशत पर और चौथी तिमाही में इसके 2.7 प्रतिशत पर रहने का अनुमान है।

हालांकि उन्होंने कहा कि चौथी तिमाही में विकास को लेकर बहुत अनिश्चितता रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुये कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में विकास अनुमान को 20.3 प्रतिशत से एक फीसदी कम किये जाने के बावजूद यदि अन्य सभी वस्तुयें अपरिवर्तित रहती है तो भी चौथी तिमाही में यह 3.8 प्रतिशत पर रह सकती है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय 31 मई को मार्च में समाप्त चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 2021-22 के जीडीपी के आंकड़े जारी करने वाला है।

एनएसओ ने इस वर्ष फरवरी में जारी अपने दूसरे अग्रिम अनुमान में जीडीपी वृद्धि दर के 8.9 प्रतिशत पर रहने की बात कही थी।

एसबीआई ने चौथी तिमाही में कोरोना के ओमीक्रॉन वेरियंट और फरवरी से जारी भू राजनैतिक संकट के कारण विकास अनुमान में कमी की है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि दूसरी तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में तेजी आयी थी लेकिन तीसरी तिमाही में इसमें नरमी आयी और चौथी तिमाही में यह ओमीक्रॉन से पूरी तरह प्रभावित हुयी। ओमीक्रॉन से अर्थव्यवस्था निकल ही रही थी फरवरी में रूस यूक्रेन जंग से नयी चुनौतियां उत्पन्न हो गयी।

## डेयरी कंपनियों के कारोबार में 2022-23 में 11-12 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान

नयी दिल्ली। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष अप्रैल-मार्च 2022-23 में देश में डेयरी कंपनियों के राजस्व में कुल मिला कर 11-12 प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है जो पिछले वित्त वर्ष की 13 प्रतिशत की वृद्धि से कुछ कम है।

क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार तरल दूध की बिक्री एक स्तर पर स्थिर बने रहने के बावजूद मूल्य वर्धित डेयरी उत्पादों (वीएपी)की मजबूत मांग से संगठित क्षेत्र के कुल कारोबार को प्रोत्साहन मिल रहा है। संगठित क्षेत्र में दुग्ध उत्पादों की कुल बिक्री में 28 प्रतिशत योगदान है।

चालू वित्त वर्ष में आइसक्रीम, दही और फ्लेवर्ड दूध जैसे ठंडे उत्पादों की मांग में मजबूत सुधार की उम्मीद है।

हालांकि, रिपोर्ट में यह अनुमान भी है कि दूध के क्रय मूल्य में वृद्धि के साथ-साथ परिवहन और पैकेजिंग लागत बढ़ने से लाभ का मार्जिन इस वित्तीय वर्ष में 5 तक सीमित रह सकता है।

क्रिसिल रेटिंग्स की विज्ञप्ति के अनुसार उसने इस रपट के लिए संगठित क्षेत्र की 40 दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद कंपनियों का विश्लेषण किया है। इनका कुल कारोबार संगठित डेयरी क्षेत्र के कुल 1.05 लाख करोड़ रुपये के कारोबार का करीब 60 प्रतिशत है।

क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक, आदित्य झावेर कहते हैं, हमें उम्मीद है कि इस गर्मी में अत्यधिक गर्म तापमान के कारण आइसक्रीम, दही और फ्लेवर्ड दूध की मांग अब तक के अपने उच्चतम स्तर पर होगी। पिछली दो गर्मियां कोविड-19 से प्रभावित थीं। घरेलू खपत से चलने वाले उत्पादों जैसे घी और पनीर के लिए स्थिर मांग वृद्धि के साथ,होटल, रेस्तरां और कैफे खंड में मजबूत सुधार तथा पिछले वित्त वर्ष की कीमतों में बढ़ोतरी से मूल्य वर्धित उत्पादों के कारोबार में 13-14 प्रतिशत की राजस्व वृद्धि होगी।

## वन मोटो इंडिया ने पुणे में अनुभव केन्द्र खोला

पुणे। देश में प्रीमियम इलेक्ट्रिक वाहनों के ब्रांड वन मोटो इंडिया ने बुधवार को महाराष्ट्र के पुणे शहर में एक नये अनुभव केंद्र का शुभारंभ किया। इसमें ग्राहक ब्रांड के उत्पादनों को देखकर अनुभव करते हुए प्रौद्यगिकी और पेशकशों के बार में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। वन मोटो इंडिया ने एक बयान में कहा कि केन्द्र का प्रबंधन ढोणे समूह द्वारा उनके पंजीकृत नाम ढोणे ई-वर्ल्ड एलएलपी के तहत किया जाएगा। बयान में कहा गया कि अनुभव केन्द्र का प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों और विश्वविद्यालयों के निकट होने से यह युवाओं के नजदीक है। ब्रांड के विरासत के बारे में केंद्र विस्तार से जानकारी देगा और वाहनों के बेहतरीन डिजिटल प्रदर्शन के साथ सर्वोत्तम ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करेगा। कॉलेज के छात्र भी सप्ताहांत में उनके लिए विशेष रूप से आयोजित विशेष परीक्षण सवारी का आनंद ले सकेंगे। वन मोटो इंडिया के संस्थापक और प्रमोटर मोहम्मद मुजम्मिल रियाज ने कहा, हम समझते हैं कि बेहतर कल के लिए युवा देश के चालक हैं। इसलिए हम उन्हें बेहतरीन अनुभव प्रदान कराना चाहते थे।

## प्राकृतिक गैस को वैकल्पिक ईंधन बनाना अभी संभव नहीं : वित्त मंत्रालय

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने देश में हाल ही में बिजली की हुयी किल्लत का हवाला देते हुये आज कहा कि कोयले के स्थान पर प्राकृतिक गैस को वैकल्पिक ईंधन बनाना अभी संभव नहीं है। मंत्रालय के उच्चपदस्थ सूत्रों ने यहां कहा कि हरिज ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्राकृतिक गैस के उपयोग को बढ़ावा दिया गया था और कोयले के उत्पादन को कम करने की कोशिश की गयी थी लेकिन जब प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बाधित हो रही है या उसका उत्पादन कम हो रहा है ऐसी स्थिति में इसको वैकल्पिक ईंधन नहीं बनाया जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि कई विकसित और विकासशील देश अब फिर से कोयले को ईंधन के तौर पर उपयोग में बढोतरी की है। इंडोनेशिया ने भी इसका उत्पादन और उपयोग बढ़ा दिया है। अपने यहां भी कोल इंडिया के साथ ही निजी कंपनियों को भी कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए कहा गया है। सूत्रों ने कहा कि हालांकि भारत अभी भी वैकल्पिक ईंधन के उपयोग के मामले में दुनिया में तीसरे स्थान पर है और पेरिस में किये गये वायदे को पूरा करने के लिए प्रयासरत है।

## इंटरग्लोब,यूपीएस ने लॉन्च किया 'मूवइन' लॉजिस्टिक ब्रांड

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। देश के प्रमुख ट्रेवल एवं हॉस्पिटलिटी समूह इंटरग्लोब एंटरप्राइजेस और लॉजिस्टिक्स में ग्लोबल लीडर यूनाइटेड पार्सल सर्विस (यूपीएस) ने भारत में नये लॉजिस्टिक ब्रांड 'मूवइन' को गुरुवार को यहां लॉन्च किया जो अंग्रेजी के मूवमेंट (गति) और इंडिया का संक्षिप्त रूप है। उसकी यह सेवा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बीच माल को भेजने और मंगवाने में मदद करेगी।

कंपनी के अधिकारियों ने यहां संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मूवइन अपनी सेवाओं की शुरुआत दिल्ली, मुम्बई और बेंगलुरु से करेगी। मूवइन अपनी बी2बी घरेलू सेवाओं के मजबूत पोर्टफोलियो जैसे ए डे डेफिनिट और एक्सप्रेस, टाइम डेफिनिट सॉल्यूशंस आदि के साथ देश में व्यापक एक्सप्रेस एवं प्रीमियम सर्विस कवरेज प्रदान करेगा। इससे कारोबार को वैश्विक वैल्यू चेन में शामिल होकर शीघ्र प्रतिस्पर्धात्मक और बेहतर अनुभव मिल सकेगा। इंटरग्लोब और यूपीएस ने मूवइन के संचालन के लिए संयुक्त उद्यम 'आईआरआईएस' का गठन किया है।

भारत में सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो का परिचालन कर रही कंपनी इंटरग्लोब एंटरप्राइजेस के निदेशक जे बी सिंह ने इस मौके पर कहा, मुझे विश्वास है कि इंटरग्लोब की भारतीय बाजार की गहरी समझ और लॉजिस्टिक्स में यूपीएस की 114 वर्षों की विशेषज्ञता इस उद्यम को सफलता की ओर ले जायेंगे। हमें विश्वास है कि मूवइन के साथ लॉजिस्टिक्स में हमारा प्रवेश भारत में व्यवसायों की वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा। इस उद्यम के माध्यम से हम व्यापार,वाणिज्य और रोजगार का सृजन करने के लिए आशान्वित हैं। वर्ष 2025 तक भारत के पांच हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर प्रगति में स्थानीय व्यवसायों और लॉजिस्टिक्स का मुख्य योगदान होगा।

इंटरग्लोब इंटरप्राइजेस होटल और ट्रैवल सेवा क्षेत्र में भी काम करती है।

यूपीएस के भारत उप महाद्वीप, पश्चिम एशिया और अफ्रीका के अध्यक्ष उफ्कू अकल्तन ने कहा, यूपीएस इंटरग्लोब एंटरप्राइजेस के साथ एक नया संयुक्त उद्यम लॉन्च करके बहुत उत्साहित हैं। हम स्थानीय व्यवसायों को बढ़ने और दुनिया में मौजूद व्यापार के अवसरों से जुड़ने में मदद करेंगे। ग्राहक सर्वोपरि पर केन्द्रित कार्ययोजना के साथ यूपीएस बी2बी ग्राहकों की प्रगति करने की जरूरतों को पूरा करने के लिए सेवाओं के संग्रह का निर्माण करने वाली एक अद्वितीय साझेदारी द्वारा अपने वैश्विक नेटवर्क का और ज्यादा विस्तार कर रहा है, जिसमें स्वास्थ्य सेवा के समाधान शामिल हैं।

दोनों कंपनियों के अधिकारियों ने कहा कि मूवइन आज से काम शुरू कर दिया है और इसका चरणबद्ध विस्तार किया जायेगा। कंपनी जुलाई से मुंबई, दिल्ली-एनसीआर और बेंगलुरु में काम शुरू कर देगी। उसके बाद अन्य बड़े शहरों में इसका विस्तार किया जायेगा। यूपीएस न्यूयार्क एक्सचेंज में सूचीबद्ध है और लॉजिस्टिक सेवा क्षेत्र की दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। 220 से अधिक देशों में काम कर रही इस कंपनी ने 2021 में 97.3 अरब डालर का कारोबार किया।

## शार्ट न्यूज

### भारत ने इंडोनेशिया को 16-0 से रौंदा

जकार्ता। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में चल रहे हॉकी हीरो एशिया कप के पूल-ए के मुकाबले में भारत ने इंडोनेशिया को 16-0 की करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ भारत ने पूल-ए में पाकिस्तान से ऊपर पहुंचकर जापान के साथ अंतिम-चार में प्रवेश कर लिया है। पहले मुकाबले में ड्रॉ और दूसरे मुकाबले में हार के बाद भारत को अंतिम-चार में पहुंचने के लिये इंडोनेशिया को कम से कम 16 गोल के अंतर से हराने की आवश्यकता थी और दिप्सन टिर्की ने चौथे क्वार्टर के 14वें मिनट में 16वां गोल कर भारत के अंतिम-चार में प्रवेश पर मुहर लगायी। जीबीके एरिना में गुरुवार को हुए मुकाबले में भारत इंडोनेशिया पर पूरी तरह हावी रहा। इस मैच में भारत ने 36 बार गोल पर निशाना साधा जबकि इंडोनेशियाई टीम सिर्फ एक बार ही भारत के गोल तक पहुंच पाई। भारत को पूरे मैच में 21 पेनल्टी कॉर्नर मिले, जिसमें से आठ में भारत को सफ़लता हासिल हुई, जबकि इंडोनेशिया को एक भी पेनल्टी कॉर्नर नहीं मिला। भारत के लिये टिर्की और पवन राजभर ने पांच-पांच गोल किये जबकि कार्ती सेल्वम, अभरन सुदेव और एसवी सुनील ने दो-दो गोल का योगदान दिया। इंडोनेशिया का कोई भी खिलाड़ी गोल नहीं कर पाया।

### दीपक खत्री के शानदार शतक से प्लेयर्स इलेवन की आसान जीत

नयी दिल्ली। किमती मैन ऑफ द मैच दीपक खत्री के शानदार शतक (सिर्फ 74 गेंद में 126 रन, 12/4 ,7/6 ) अर्जुन राप्रिया (81 रन सिर्फ 77 गेंद, 6/4, 5/6 और 2/23 ) सुमित माथुर (55 नाबाद,2/4, 2/6 ) और हर्षित राणा की घातक गेंदबाजी (2/42) आईपीएल खिलाड़ी ऋतिक शौकीन (2/67), यशजीत( 2/127) की बदौलत मॉडर्न स्कूल बाराखंभा रोड ग्राउंड में खेले जा रहे 45वें रघुबीर सिंह हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट में प्लेयर्स इलेवन क्लब ने हरियाणा क्रिकेट अकादमी को 68 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की और उनका अगला मुकाबला 29 मई को एएसी इलेवन से होगा । पराजित टीम की ओर से विवेक यादव (51), चैतन्य बिश्नोई (42), स्वास्तिक छिकारा (41) का शानदार खेल रहा पर अपनी टीम को हार से न बचा पाए। रूपेश जयपुरियार (कोषाध्यक्ष, लाला रघुबीर सिंह हॉट वेदर क्रिकेट टूर्नामेंट कमेटी ) ने दीपक खत्री को किमती मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया। संक्षिप्त स्कोरप्लेयर्स इलेवन क्लब- 40 ओवर में 6 विकेट पर 300 (दीपक खत्री 126, अर्जुन राप्रिया 81, सुमित माथुर 55 नाबाद, अवनीश सुधा 2/53, अंकित रेडू 2/40), हरियाणा क्रिकेट अकादमी - 232 रन 37.2 ओवर में ऑल आउट (विवेक यादव 51 रन, चैतन्य बिश्नोई 42, स्वास्तिक छिकारा 41, अर्जुन राप्रिया 2/23, यशजीत 2/17, शौकीन 2/67, हर्षित राणा 2/42)

### रवि ब्रदर्स की चांद खन्ना क्रिकेट क्लब के खिलाफ एक रन से रोमांचक जीत

नयी दिल्ली। रवि ब्रदर्स ने बड़ा उलटफेर करते हुए चांद खन्ना क्रिकेट क्लब को 47वें गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में गुरूवार को रोमांचक मुकाबले में मात्र एक रन से हरा दिया। रवि ब्रदर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी का फैसला लिया। रवि ब्रदर्स की अच्छी शुरुआत हुई और टीम ने अपने 40 ओवर मे 310 रन 4 विकेट खोकर बनाये। बल्लेबाजी में रवि ब्रदर्स से कप्तान आयुष दोसेजा ने नाबाद 114 (73), सारांश पाराशर 101 (102), मयंक पाल 58 (52) ने अपनी टीम के लिए जबरदस्त पारियां खेली। चांद खन्ना की ?र से सिद्धांत बंसल ने 3/58 विकेट अपने नाम किये। चांद खन्ना की बल्लेबाजी मे ख़राब शुरुआत रही। दो विकेट जल्दी खोने के बाद मयंक रावत 67 (51) और अंकित प्रताप सिंह 85 (87) ने मोर्चा सम्भाला एवं 170 रन टीम के लिए जोड़े । जागृत आनंद 59 (41) एवं वंसज शर्मा 25 (15) ने कुछ उम्मीद जगाई रखी लेकिन उनके भरसक प्रयासों के बावजूद टीम 309 रन पर आल आउट हो गयी और मात्र 1 रन से मैच हार गए। रवि ब्रदर्स से अविनाश थापा ने 2/38 और मोहम्मद बिलाल ने 2/75 विकेट लिए। आज का कीमती एवं क्रिक विलोफोरयू मैन ऑफ़ द मैच आयुष दोसेजा को उनके नाबाद शतक के लिए दिया गया। अवार्ड अजय शर्मा (असिस्टेंट टूर्नामेंट सेक्रेटरी) एवं कृष्ण शर्मा (सीनियर अंपायर डीडीसीए ) ने प्रदान किया।

### ग्रैंड स्लेम में 300वां मुकाबला जीते नडाल

पेरिस। रौलां गैरो के 13 बार के विजेता स्पेन के स्पेन के राफ़ेल नडाल ने बुधवार को अपना 300वां ग्रैंड स्लेम मुकाबला जीतते हुए फ्रेंच ओपन के तीसरे राउंड में प्रवेश कर लिया। स्पेन के टेनिस स्टार नडाल ने कोर्ट फिलिप चैटरियर में हुए मुकाबले में फ्रांस के कोरेंटिन मुटेट को लगातार सेटों में 6-3, 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। रिकॉर्ड 21 बार ग्रैंड स्लेम का ख़िताब अपने नाम करने वाले नडाल 300 ग्रैंड स्लेम मुकाबले जीतने वाले तीसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले रोजर फ़ेडरर 369 और नोवाक जोकोविच 324 ग्रैंड स्लेम मुकाबले जीत चुके हैं। नडाल ने मैच के बाद कहा, पिछले दो महीने मेरे लिये आसान नहीं रहे हैं। सीज़न की शुरुआत बेहतरीन, अविस्मरणीय और बेहद भावपूर्ण रही है। उन्होंने कहा, इंडियन वेल्स के बाद मेरी पसलियों में कुछ समस्या के कारण मुझे कोर्ट से दूर जाना पड़ा था, इसलिए मैं दिन-प्रतिदिन प्रयास कर रहा हूं और मुकाबले जीतने से बहुत मदद मिलती है। आज रात की तरह मुकाबले जीतना बहुत महत्वपूर्ण है। यह मुझे कल फिर अभ्यास करने और कल के बाद एक और मुकाबला खेलने का मौका देता है। मैं अभी सिर्फ इस बात से खुश हूं कि मैं रौलां गैरो में हूं, जो इस साल मेरे लिये सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट है।

### पेरिस में परिवार संग छुट्टियां मना रहे हैं चेतेश्वर पुजारा

पेरिस। काउंटी क्रिकेट में बेहतरीन परफॉर्मेंस देने के बाद भारतीय टेस्ट टीम के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा इन दिनों अपने परिवार के साथ पेरिस में छुट्टियां मना रहे हैं। पुजारा को काउंटी क्रिकेट में शानदार परफॉर्मेंस के लिए पुरस्कार मिला है। इंग्लैंड दौरे के लिए चुनी गई टेस्ट टीम में पुजारा वापसी करने में सफल रहे हैं। ससेक्स काउंटी क्लब की ओर से खेलते हुए पुजारा ने चार मैचों में दो शतक और दो दोहरे शतक लगाए थे। काउंटी क्रिकेट खत्म होने के बाद पुजारा अपनी पत्नी पूजा और बेटी अदिति संग छुट्टियां मनाने इन दिनों पेरिस पहुंचे हुए हैं। चेतेश्वर पुजारा ने देश के अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, कू ऐप पर अपने परिवार संग एक के बाद एक बेहद दिलचस्प तस्वीरें साझा की हैं। वे कभी एम्स्टर्डम की नहरों की लहरों में नाव में बैठे नज़र आ रहे हैं, तो कभी एफिल टॉवर की सरज़मीं पर दिखाई दे रहे हैं। इस वर्ष फरवरी में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नीलामी में अनसोल्ड रहना चेतेश्वर पुजारा के लिए वरदान साबित हुआ है। एक ओर भारत में आईपीएल 2022 चल रहा था, दूसरी ओर चेतेश्वर पुजारा ससेक्स के लिए रनों की झड़ी लगाने में जुटे थे।

### आईबीए खिलाड़ी समिति की अध्यक्ष बनीं लवलीना

नयी दिल्ली। टोक्यो ओलंपिक में भारत के लिये रजत पदक जीतने वाली मुक्केबाज़ लवलीना बोरगोहेन को अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज़ी महासंघ (आईबीए) की खिलाड़ी समिति का अध्यक्ष चुना गया है और निदेशक मंडल में वोटिंग सदस्य के रूप में भी शामिल किया गया है। आईबीए ने गुरुवार को इसकी घोषणा की। बोरगोहेन के अलावा शिव थापा को भी एथलीट समिति का सदस्य चुना गया है। अक्टूबर 2021 और मई 2022 में हुई पुरुष व महिला विश्व चैम्पियनशिप के दौरान चुनावों का आयोजन किया गया था, जिसमें प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले मुक्केबाज़ों ने वोट दिया। 2022 महिला विश्व चैम्पियनशिप के दौरान हुए चुनावों में लवलीना को सर्वाधिक वोट प्राप्त हुए, जिसके बाद उन्हें अध्यक्ष चुना गया। भारतीय खेल प्राधिकरण के टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टॉप्स) के अधीन दोनों खिलाड़ियों ने अपनी नयी ज़िम्मेदारियों को संभालने की पुष्टि करते हुए कहा कि वह निदेशक मंडल की बैठकों में भारत तथा साथी मुक्केबाज़ों का प्रतिनिधित्व करने के लिये तैयार हैं। समिति की अध्यक्ष चुने जाने के बाद लवलीना ने कहा, आईबीए खिलाड़ी समिति की अध्यक्ष चुने जाने के बाद मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं।

# प्लेऑफ़ मैचों में शतक लगाने वाले पहले अनकैप्ड खिलाड़ी बने पाटीदार

एजेंसी



मुंबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के रजत पाटीदार प्लेऑफ़ मैचों में शतक लगाने वाले पहले अनकैप्ड खिलाड़ी बन गए हैं। यह आईपीएल प्लेऑफ़ मैचों में पांचवां शतक है। रजत पाटीदार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की तरफ़ से प्लेऑफ़ में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज़ बन चुके हैं। इससे पहले आरसीबी के लिए प्ले ऑफ़ में सर्वश्रेष्ठ स्कोर क्रिस गेल का 89 था, जो उन्होंने 2011 में मुंबई इंडियंस के ख़िलाफ़ दूसरे क्वालीफ़ायर में बनाया था। पाटीदार आईपीएल में शतक लगाने वाले चौथे अनकैप्ड खिलाड़ी हैं। इसके अलावा वह आईपीएल प्लेऑफ़ में शतक लगाने वाले पहले अनकैप्ड खिलाड़ी भी बन चुके हैं।

263.63 - यह पाटीदार की पारी में स्पिनरों के विरुद्ध स्ट्राइक रेट है, जो कि आईपीएल में चौथा सर्वाधिक है। उन्होंने रवि बिश्नोई और ऋुणाल पंड्या की 22 गेंदों पर छह चौकों और चार छक्कों की मदद से 58 रन बनाए। यह आईपीएल 2022 में सातवां शतक था।

इससे पहले 2016 में भी सर्वाधिक सात शतक लग चुके हैं।

इस मैच में 400 रन बने, जो कि आईपीएल प्ले ऑफ़ मैचों में तीसरा सर्वाधिक है। 2014 के दूसरे क्वालीफ़ायर में 428 रन बने थे, जबकि 2016 के फ़ाइनल में यह आंकड़ा 408 रन था।

यह चौथा सीज़न था, जब केएल राहुल ने टूर्नामेंट में 600 से अधिक रन बनाए।

वह 2018, 2020 और 2021 में भी 600+ रन बना चुके हैं और ऐसा करने वाले वह पहले बल्लेबाज़ हैं। क्रिस गेल और डेविड वॉर्नर ने ऐसा तीन-तीन बार किया है।

## हॉकी एशिया कप के सुपर-4 में पहुंचे मलेशिया, कोरिया

जकार्ता। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में हो रहे हॉकी हीरो एशिया कप के पूल-बी के मुकाबले में मलेशिया ने बांग्लादेश को 8-1 की करारी शिकस्त थमाते हुए सुपर -चार में जगह बना ली है। कोरिया भी ओमान को 5-1 से हराकर पूल बी से सुपर चार में पहुँच गया है। जीबीके स्पोर्ट्स एरिना में गुरुवार को हुए मुकाबले में मलेशिया ने अनुशासनात्मक प्रदर्शन करते हुए अपने विजय रथ को आगे बढ़ाया। पेनल्टी कॉर्नर स्कोर करने में माहिर मलेशियाई टीम को सात पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से उन्होंने तीन में स्कोर किया, जबकि दो पेनल्टी स्ट्रोक में टीम ने एक गोल दागा। अपने अनुभव से टीम में लगातार योगदान देने वाले राज़ी रहीम ने मलेशिया को पहले ही क्वार्टर में 2-0 की बढ़त दिलायी। उन्होंने मैच के चौथे मिनट और 14वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर्स का फ़ायदा उठाते हुए लगातार दो गोल किये। बांग्लादेश को मुकाबले में वापस लाते हुए अशरफुल इस्लाम ने 21वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील किया, लेकिन उनकी टीम मलेशियाई फ्रंटलाइन को मौके बनाने से नहीं रोक पाई। मैच के 24वें मिनट में फ़ैज़ल सारी ने शानदार फ़ील्ड गोल करते हुए मलेशिया की बढ़त को 3-1 कर दिया, जबकि उनके साथी रहीम ने 30वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर से एक और गोल स्कोर करके हाफ़ टाइम तक मलेशिया की लीड को 4-1 कर दिया।

## डीसीबीए अध्यक्ष अमीता सिंह ने 'दिल्ली स्टेट रैंकिंग बैडमिंटन चैंपियनशिप का किया शुभारंभ




**नयी दिल्ली।** 'दिल्ली स्टेट रैंकिंग प्राइज मनी बैडमिंटन चैंपियनशिप 2022' जारी है जिसमे बैडमिंटन के विभिन्न आयु वर्ग के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का जौहर दिखा रहे हैं। 'दिल्ली कैपिटल बैडमिंटन एसोसिएशन' (डीसीबीए) द्वारा 'दिल्ली स्टेट रैंकिंग प्राइज मनी बैडमिंटन चैंपियनशिप 2022' का शुभारंभ 23 मई को डीसीबीए अध्यक्ष व यूपी की पूर्व मंत्री रही डा अमीता सिंह द्वारा किया गया। डा अमीता सिंह स्वयं पूर्व अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी रह चुकी हैं। 23 मई से शुरू हुआ बैडमिंटन का यह महाकुम्भ 29 मई को खेले जाने वाले फाइनल मैच के साथ समाप्त होगा। बैडमिंटन टूर्नामेंट में अंडर 13 से लेकर मास्टर्स 75 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की श्रेणी बनाई गई है। जिसमे लगभग 1700 खिलाड़ी अपना हुनर दिखा रहे हैं। इस टूर्नामेंट में सभी आयु वर्ग के खिलाड़ियों को दो पूल में बाँटा गया है। पूल ए में अंडर 13,15,17 और पूल क्में अंडर 19 से 75+ तक के आयु वर्ग के श्रेणी के खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। पूल क्के सभी मैच दिनाँक 23 मई से 25 मई तक खेले गए और पूल के सभी मैच 25 मई से शुरू हुए हैं। उल्लेखनीय है कि डीसीबीए द्वारा पिछले साल 15 नवंबर से 23 नवंबर 2021 के बीच 'द ट्रांसफार्म डेल्ही स्टेट रैंकिंग प्राइज़ मनी बैडमिंटन चैंपियनशिप 2021' का आयोजन किया गया था जो कि कोरोना महामारी के बाद दिल्ली मे आयोजित होने वाली पहली बैडमिंटन चैंपियनशिप थी जिसमे कुल 1500 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।

## दिल्ली के लवजीत और पंजाब की मुस्कान बड़ी जीत के साथ फाइनल में

एजेंसी

बेल्लारी (कर्नाटक)। दिल्ली के मुक्केबाज लवजीत और पंजाब की मुस्कान ने बड़ी जीत के साथ कर्नाटक के बेल्लारी में स्थित इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स (आईएसएस) में जारी 2022 सब-जूनियर गर्ल्स एंड बॉयज नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

लवजीत ने जहां लड़कों के 58 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल में बिहार के चंद्र भूषण रे को एकतरफा अंदाज में 5-0 से हराया वहीं मुस्कान ने लड़कियों के 54 किग्रा भार वर्ग के अंतिम -4 दौर के मुकाबले में आंध्र प्रदेश की मिहिरा सिरिपुरपु के खिलाफ 5-0 की जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया।

लवजीत के अलावा, दिल्ली के एक अन्य मुक्केबाज श्याम ने भी 49 किग्रा भार वर्ग में तेलंगाना के साई भार्गव रेड्डी को 4-1 के विभाजित फैसले से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसी तरह, बालिका वर्ग से मेगा (50 किग्रा) और मानशी नागर (52) ने दिल्ली के लिए फाइनल में प्रवेश किया।

दूसरी तरफ, पंजाब के पांच और मुक्केबाज जीत के साथ सोने की दौड़ में मुस्कान के साथ शामिल हो गए। सवरीत कौर (52 किग्रा) और योगिमा कल्याण (57 किग्रा) ने जहां अरुणाचल प्रदेश की क्राप्सी यूं और गुजरात की काव्या जोशी के खिलाफ 5-0 के अंतर से जीत हासिल की वहीं रागिनी मट्टू (34 किग्रा) और आशिमा सिंह (42 किग्रा) ने क्रमशः 3-2 और 4-1 से जीत के साथ अंतिम राउंड का टिकट कटाया। रागिनी ने जहां तमिलनाडु की एम साई अबी को हराया जबकि आशिमा ने उत्तराखंड की अनम को हराया।

लड़कों के फाइनल में पहुंचने वाले श्रीयांश पंजाब के अकेले मुक्केबाज हैं। उन्होंने 70 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश के विशु राजतुन को आरएससी के आधार पर हराया।

हरियाणा और सर्विसेज स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड जैसी मजबूत टीमों के मुक्केबाजों के लिए बीते दिन की तरह आज का दिन भी रोमांचक रहा। इन टीमों के खिलाड़ियों ने अपना दबदबा बनाए रखथे हुए बड़ी संख्या में फाइनल में प्रवेश किया। हरियाणा के 16 और एसएसबी के नौ मुक्केबाजों ने सभी श्रेणियों के फाइनल में प्रवेश किया।

वैसे दिन का मुख्य आकर्षण तमिलनाडु की गुना श्री का मुकाबला रहा। वह फाइनल में पहुंचने वाली तमिलनाडु की एकमात्र मुक्केबाज रहीं।

गुना श्री ने लड़कियों के 46 किग्रा भार वर्ग के सेमीफाइनल में महाराष्ट्र की सुहानी बोराडे पर 3-2 के अंतर से रोमांचक जीत हासिल की।

महाराष्ट्र की ओर से आर्या गार्डे (36 किग्रा), समीक्षा सोलंकी (40 किग्रा) और अक्षदा जादव (34 किग्रा) ने लड़कियों के फाइनल में अपनी जगह बनाई। इन तीनों ने क्रमशः हरियाणा की साक्षी और अंशु तथा चंडीगढ़ की तन्वी को 4-1 से हराया।

लड़कों के वर्ग में हालांकि महाराष्ट्र के केवल आर्यन शिर्के 35 किग्रा भार वर्ग के फाइनल पहुंचने वाले राज्य के एकमात्र मुक्केबाज रहे। आर्यन ने हिमाचल प्रदेश के पवित्र हरजोत सिंह को 3-2 से पराजित किया। इस बीच, उत्तर प्रदेश के लिए रवि गोंड (55 किग्रा), मोहम्मद फैज (61 किग्रा) और विशाल यादव (67 किग्रा) ने लड़कों के फाइनल में प्रवेश किया, जबकि साधना ने 40 किग्रा भार वर्ग में तमिलनाडु की के. काविया को 3-2 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

अन्य मुक्केबाजों में चंडीगढ़ के अंशुमान शर्मा (52 किग्रा), झारखंड के अनीश कुमार सिन्हा (37 किग्रा), स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड के वाई. उमेश (43 किग्रा) और छत्तीसगढ़ के गिरवान सिंह (46 किग्रा) ने लड़कों के वर्ग में फाइनल में जगह बनाई।

इसी तरह, गोवा की सगुन शिंदे (36 किग्रा) और चंद्रिका पुजारी (44 किग्रा), उत्तराखंड की कोमल नागरकोटी (38 किग्रा), नेहा वाल्डिया (48 किग्रा) और माही बिष्ट (54 किग्रा), सिक्किम की अश्विनी कुमार सपकोटा (57 किग्रा), मणिपुर की जोयश्री देवी (60 किग्रा) और अरुणाचल प्रदेश की नबाम अनिया (63 किग्रा) ने लड़कियों के वर्ग में फाइनल का टिकट कटाया।

# जलसंकट से जूझ रहे सिंगापुर में नाली के पानी से बनी बीयर की बिक्री शुरू



सिंगापुर। सिंगापुर में लोग अब नाली के पानी से बनी बीयर का लुत्फ उठा रहे हैं। दुनिया की सबसे लोकप्रिय पेय पदार्थों में से एक बीयर को बनाने में सबसे ज्यादा पानी की जरूरत होती है। या ये करें कि बीयर में 90 फीसदी से ज्यादा पानी ही होता है। इसे देखते हुए सिंगापुर की वॉटर एजेंसी ने नाली की पानी से बनी न्यूब्रू बीयर लॉन्च की है। इस बीयर की खास बात ये है कि ये सीवेज के पानी से बनाई जाती है। सिंगापुर की वॉटर एजेंसी सीवेज के पानी को बर्बाद करने बजाय उसे दोबारा इस्तेमाल कर रही है। इसके लिए वॉटर एजेंसी सीवेज के पानी को फिल्टर किया जाता है और फिर उससे बीयर बनाई जाती है। बताया जा रहा है कि ऐसा करने के पीछे प्राथमिक उद्देश्य लोगों को जल की समस्या के बारे में लोगों को जागरूक करना है। दरअसल सिंगापुर पिछले कई सालों से पानी की समस्या से जूझ रहा है।

दावा है कि न्यूब्रू बीयर में सबसे ज्यादा न्यूएटर का इस्तेमाल किया गया है। न्यूटर एक फिल्टर्ड तरल पदार्थ है जो कि सीवेज के पानी से निकलता है। न्यूटर का इस्तेमाल सिंगापुर में पिछले 20 सालों से किया जा रहा है। सीवेज पानी से बीयर स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों को ध्यान में रखते हुए इसके इस्तेमाल से पहले न्यूएटर का गहन परीक्षण किया जाता है। सिंगापुर में न्यूएटर का इस्तेमाल खास तौर पर माइक्रोचिप निर्माण संयंत्रों में किया जाता है। दरअसल माइक्रोचिप बनाने के लिए हाई क्वॉलिटी के पानी की जरूरत होती है। सिंगापुर की वॉटर एजेंसी के मुताबिक सीवेज पानी से देश की करीब 40 फीसदी पानी की मांग को पूरा किया जा सकता है। एजेंसी का ये भी मानना है कि साल 2060 तक देश में 55 फीसदी पानी की मांग सीवेज पानी के दोबारा इस्तेमाल से पूरी हो जाएगी।

वॉटर एजेंसी के मुताबिक इससे देश में पीने के पानी की आपूर्ति को भी बढ़ावा मिलेगा।

गौरतलब है कि सिंगापुर में पानी की काफी किल्लत है और वहां पानी से ज्यादा बीयर सस्ती है। सिंगापुर में बीयर की बिक्री इतनी आम है कि इसे किराना स्टोरी से लेकर किसी भी जगह से खरीदा जा सकता है।

## भारत ने की अफ्रीकी देशों को कोविड टीके तक पहुंच बढ़ाने की पेशकश




नयी दिल्ली/दावोस। भारत ने अफ्रीकी देशों को कोविड टीके की तकनीक उपलब्ध कराने और विनिर्माण में मदद देने की पेशकश करते हुए कहा है कि कोविड टीके तक अफ्रीकी देशों की पहुंच बढ़ाना भारत की प्राथमिकता है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने दावोस में बुधवार देर शाम विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कोविड वायरस से निपटने में भारत के प्रबंध सफल रहे हैं। भारत ने ना केवल अपने भूभाग क्षेत्र में कोरोना महामारी से निपटने में सफलता पाई है, बल्कि अन्य देशों की मदद भी की है।

मांडविया ने कहा कि अफ्रीका के साथ भारत अपने मौजूदा संबंधों को और अधिक सहयोग पूर्ण बनाना एवं मजबूत करना चाहता है। भारत चिकित्सा उपायों पर अफ्रीकी देशों की अनुसंधान और विकास क्षमता को बढ़ाने में सहायता की पेशकश करता है। उन्होंने कहा कि भारत टीके की उपलब्धता से टीकाकरण तक की यात्रा में अफ्रीका को अपना सहयोग देना चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत को पहली खुराक के साथ 96 फीसदी जनसंख्या और दोनों खुराक के साथ 86 फीसदी आबादी को टीकाकरण का अनुभव है। इसका अफ्रीकी देश लाभ ले सकते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, एक पृथ्वी - एक स्वास्थ्य की सोच के साथ भारत ने हमेशा विश्व की सहायता की है। वैक्सीन मैत्री के तहत भारत ने 100 से अधिक देशों को कोविड टीके की आपूर्ति की और 150 से अधिक देशों को कोविड के दौरान दवाएं उपलब्ध करायी है। इसके अलावा वैश्विक लोक कल्याण के रूप में विश्व को कोविन प्लेटफॉर्म भी प्रदान किया गया है। श्री मांडविया ने कहा, भारत अफ्रीका में टीके के अंतर को दूर करने में सहयोग के लिए तत्पर है।

मांडविया ने कहा कि सार्वभौमिक स्वास्थ्य का दायरा और सतत विकास लक्ष्यों की सहायता करने के लिए डिजिटल स्वास्थ्य समानता लाने वाला एक बड़ा संबल है और यह स्वास्थ्य सेवा वितरण की पहुंच और सामर्थ्य सुनिश्चित करने में सहायता कर सकता है। उन्होंने कहा कि भारत ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत स्वास्थ्य सेवा के डिजिटल रूप की शुरुआत की है। भारत के 130 करोड़ से अधिक लोगों के लिए इलेक्ट्रॉनिक स्वास्थ्य रिकॉर्ड बनाया जा रहा है। कोविन प्लेटफॉर्म टीकाकरण की निगरानी करता है। उन्होंने कहा, हमने वसुधैव कुटुम्बकम यानी विश्व एक परिवार है, के पारंपरिक दर्शन को लेकर भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप अन्य देशों को उनके टीकाकरण प्रयासों में सहायता के लिए डिजिटल को-विन की पेशकश की है। डिजिटल स्वास्थ्य सुदूर क्षेत्र तक स्वास्थ्य सेवा वितरण की पहुंच बनाने में सहयता कर सकते हैं, जिससे समान स्वास्थ्य सेवा वितरण सुनिश्चित किया जा सके।

श्री मांडविया ने कहा कि भारत को विश्व की फार्मेसी के रूप में जाना जाता है। भारत ने टीका अनुसंधान एवं विकास, निर्माण और कार्यान्वयन में अपना कौशल दिखाया है। स्वदेशी कोविड टीके विकसित किए और 192 करोड़ से अधिक टीकों की खुराक लगाने का महत्वपूर्ण काम किया। जनसंख्या, विविधता, टीका लेने को लेकर हिचकिचाहट और कमजोर वर्गों के लिए टीकाकरण की उत्सुकता और कवरेज की बड़ी चुनौतियों के साथ सूक्ष्म योजना और उन्नत शोध शुरू किया।

# आमने-सामने सेना और इमरान खान, पाकिस्तान सरकार को दिया छह दिनों का अल्टीमेटम



इस्लामाबाद। पाकिस्तान की सत्ता से बेदखल किए गए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने गुरुवार को अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि शहबाज सरकार या तो नए सिरे से चुनाव कराए या और बड़े विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहे। राजधानी इस्लामाबाद में हजारों समर्थकों का नेतृत्व करते हुए इमरान खान ने ये चेतावनी दी।

सैकड़ों समर्थकों के साथ पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान का काफिला सरकार द्वारा उन्हें रोकने के लिए लगाए गए अवरोधकों को हटाते हुए बुधवार को आगे बढ़ा। वहीं उच्चतम न्यायालय ने अधिकारियों को इस्लामाबाद में प्रदर्शन रैली की अनुमति देने का निर्देश दिया और गिरफ्तारी से खान को संरक्षण प्रदान किया। इमरान का काफिला जैसे ही इस्लामाबाद पहुंचा तो वैसे ही राजधानी में झड़पें शुरू हो गईं। राजधानी को बंद कर दिया गया और देश भर में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़पें हुईं।

पिछले महीने एक अविश्वास मत के माध्यम से सत्ता से हटाए जाने के बाद से, क्रिकेट स्टार से राजनेता बने इमरान खान ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करके देश के नाजुक नई गठबंधन सरकार पर दबाव डाला है। इमरान ने दावा किया था कि उन्हें विदेशी साजिश के तहत पद से हटाया गया था।

बुधवार रात इमरान खान ने हजारों की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, मैं इस इम्पोर्टेड सरकार को छह दिनों के भीतर चुनावों की घोषणा करने के लिए एक संदेश देना चाहता हूं। एसेंबली को भंग करें और जून में चुनाव कराएं। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर चुनाव निर्धारित नहीं हुए तो वह अगले सप्ताह एक नई रैली शुरू करेंगे, और अपने समर्थकों से तितर-बितर होने का आह्वान किया। इमरान खान को सत्ता से बाहर करने के लिए एक साथ आई गठबंधन सरकार ने बार-बार कहा है कि उसकी चुनाव कराने की कोई योजना नहीं है।

ट्रक पर सवार होकर मार्च का नेतृत्व कर रहे पूर्व प्रधानमंत्री खान (69) ने ट्वीट किया, ''इस आयातित सरकार द्वारा कोई भी प्रायोजित उत्पीड़न और फासीवाद हमारे मार्च को रोक नहीं सकता है।'' खान अपने समर्थकों के साथ शाम करीब छह बजे पंजाब में दाखिल हुए। इससे पहले काफिले को रोकने के लिए अटक पुल पर सरकार द्वारा लगाए गए अवरोधकों को खान के समर्थकों ने हटा दिया।

खान ने उन खबरों को भी खारिज कर दिया कि प्रदर्शन मार्च को लेकर सरकार के साथ उनका समझौता हो गया है। खान ने कहा कि वह इस्लामाबाद में प्रदर्शन मार्च और धरने के अपने कार्यक्रम पर आगे बढ़ेंगे जब तक कि पाकिस्तानी प्राधिकार नये सिरे से चुनाव की घोषणा नहीं कर देता।

खान ने ट्वीट किया, ''अफवाहें फैलाई गईं और जानबूझकर दुष्प्रचार किया गया कि एक समझौता हुआ है।

बिल्कुल नहीं। हम इस्लामाबाद की ओर बढ़ रहे हैं और किसी समझौते का कोई सवाल ही नहीं है। एसेंबली भंग करने और चुनाव की तारीखों की घोषणा होने तक हम इस्लामाबाद में रहेंगे। मार्च में इस्लामाबाद और रावलपिंडी के सभी लोगों से शामिल होने का आह्वान करता हूं।''

इससे पहले 'दुनिया' न्यूज चैनल ने एक खबर में बताया था कि सेना के हस्तक्षेप के बाद पाकिस्तान सरकार ने खान की पार्टी के 'आजादी मार्च' को इस्लामाबाद में आयोजित करने की अनुमति दे दी है। सत्तारूढ़ पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज की उपाध्यक्ष मरियम नवाज ने भी खान की पार्टी के साथ किसी भी समझौते के बारे में खबर को खारिज कर दिया। गुरुवार को राजधानी में इमरान खान ने एक बड़ी रैली करने का ऐलान किया है, जिसके बाद अब सरकार ने सुरक्षा के लिए सेना को बुला लिया है। संविधान की धारा 245 के तहत पाकिस्तानी सरकार ने राजधानी के रेड जोन इलाकों की सुरक्षा के लिए सेना को बुलाया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# पके कटहल को करें डाईट में शामिल, दूर होंगी कई बीमारियां

गर्मियों के मौसम में कटहल हर कोई खाना पसंद करता है। इसमें फाइबर की भरपूर मात्रा पाई जाती है जो आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही आवश्यक है। पके कटहल में प्रोटीन भी बहुत ही अधिक मात्रा में पाया जता है। इसके अलावा इसमें पाया जाने वाला पोटैशियम हृदय संबंधी समस्याओं को दूर रखने में मदद करता है। कटहल आपके लिवर के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होता है। तो चलिए आपको बताते हैं कि पका कटहल खाने से आपकी सेहत को और कौन-कौन से फायदे हो सकते हैं.

## कटहल के पत्ते भी हैं फायदेमंद

कटहल ही नहीं बल्कि उसके पत्ते भी आपके अच्छे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। जिनके मुंह में छाले की समस्या होती है उन्हे कटहल के पत्ते को चबाना चाहिए। इससे उनकी मुंह के छालों में काफी आराम मिलेगा।

## दिल रहेगा स्वस्थ



पका हुआ कटहल आपके हृदय के लिए भी बहुत ही लाभकारी माना जाता है। इसमें पाया जाने वाला पोटैशियम ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।

## पाचन मजबूत

गर्मियों में यदि आपको खाना नहीं पच पाता तो आप पके हुए कटहल को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। यह पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करके आपका वजन सुधारने में भी मदद करता है।

## वजन होगा कम



पके हुए कटहल में एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण भी पाए जाते हैं जो आपके शरीर में बढ़ते हुए मोटापे को रोकने में मदद करते हैं। इसका अलावा इसे रेसवेरास्ट्रॉल नाम के एंटीऑक्सीडेंट का भी बहुत ही अच्छा स्त्रोत माना जाता है। यह आपके रक्त के संचार को कंट्रोल करन में भी मदद करता है।

## इम्यूनिटी होगी स्ट्रांग

पके कटहल में विटामिन सी भी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। विटामिन-सी आपके शरीर में एक एंटीऑक्सीडेंट के रुप में कार्य करता है। इसका सेवन करने से आपकी इम्यूनिटी स्ट्रांग होती है। साथ ही यह आपके शरीर के लिए इम्यूनिटी बूस्टर की तरह काम करता है।

## लिवर रहता है स्वस्थ

पके कटहल का सेवन करने से आपका लिवर भी स्वस्थ रहता है। इसमें पाए जाने वाले पोषक तत्व आपके लिवर को मजबूत बनाते हैं। इसमें राइबोफ्लेविन, जिंक, कॉपर और नाइसिन जैसे तत्व पाए जाते हैं जो लिवर को मजबूत बनाने में मदद करते हैं।

# गठिया का रामबाण इलाज है कच्चे पपीते की चाय

उम्र बढ़ने के साथ-साथ या फिर कैल्शियम की कमी से हड्डियों से जुड़ी समस्याएं होना आम बात है। इन्हीं में से एक समस्या है गठिया की, जिससे कई लोग परेशान होते हैं। इसमें जोड़ों में दर्द, यूरिक एसिड के क्रिकेट का जोड़ों में जमा होना जैसी समस्याएं आती है। इससे बचने के लिए या फिर इलाज के लिए आप काफी कुछ आजमा चुके हैं और फिर भी कोई असर नहीं होता, तो इसका एक बेहतरीन घरेलू उपाय है हमारे पास। ये उपाय है कच्चे पपीते की चाय। जी हां, आपको जानकर हैरानी होगी कि पपीते की चाय का सेवन आपकी गठिया की समस्या समाप्त कर सकती है। मेडिकल साइंस की दुनिया में भी इस चाय का काफी महत्व है। पपीता शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा को घटाता है और इसमें सूजन को दूर करने वाले गुण होते हैं।

विधि - इस चाय को बनाने के लिए आपको चाहिए - पानी, कच्चा हरा पपीता, ग्रीन टी बैग या ग्रीन टी की पत्तियां। अब चाय बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में पानी लेकर उसमें कच्चे पपीते के टुकड़े डाल दें और इसे आंच पर रख दें। जब यह उबलने लगे, तो आंच बंद करके इसे थोड़ा ठंडा होने के लिए रख दें। इस इसे छान लें और इसमें ग्रीन टी डालकर लगभग 3 मिनट के लिए छोड़ दें। अब यह चाय पीने के लिए तैयार है, इसे गर्मागर्म या गुनगुनी ही पिएं।

जानिए पपीते की इस चाय के फायदे -

- गठिया की समस्या में फायदेमंद।
- शारीरिक सूजन कम करने में मददगार।
- ब्लड प्लेटलेट्स की संख्या बढ़ाने में मददगार।
- शरीर के अवांछित तत्वों को बाहर कर आंतरिक सफाई में मददगार।



# बीपी-शुगर में रामबाण है ब्लैक राइस



**आपने आज तक सफेद या ब्राउन चावल के बारे में सुना होगा। लेकिन क्या आपने काले चावल के लाभ के बारे में सुना है। अगर नहीं तो चलिए आज हम आपको बताते हैं काले चावल के बेमिसाल फायदे।**

हमारे देश में चावल का सेवन सदियों से किया जा रहा है। बिरयानी से लेकर डोसा और इडली तक चावलों से ना जाने कितने ही व्यंजनों को तैयार किया जाता है। आज से कुछ समय पहले तक ज्यादातर लोगों को केवल सफेद चावल के बारे में ही जानकारी थी। लेकिन अब लोग चावल की अलग-अलग किस्मों को ना केवल जान रहे हैं बल्कि इनका सेवन भी कर रहे हैं। ऐसे में आप काले चावल को ही ले लीजिए। दरअसल काले चावल ओरीजा सैटिवा प्रजाति से आते हैं। प्राचीन काल में चीन के अंदर इन काले चावल के पोषक तत्वों को देखते हुए इसे रॉयल्टी में शामिल किया गया था। आपको बता दें कि काले चावल के अंदर कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट गुण और अन्य पोषक तत्व होते हैं जो आपको जिंदगी भर सेहतमंद रख सकते हैं। आज इन काले चावलों के जरिए विश्व भर में तरह-तरह की खाद्य सामग्री तैयार की जाती है। जिनका लुत्फ आप भी उठा सकते हैं। लेकिन इससे पहले जरा काले चावल के फायदे जानिए।

## आयरन और प्रोटीन का खजाना

अगर आप अपनी रोजाना की डाइट में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाना चाहते हैं, तो आप काले चावल का सेवन कर सकते हैं। आपको बता दें कि 10 ग्राम ब्लैक राइस में लगभग 9 ग्राम प्रोटीन होती है, जो ब्राउन राइस के मुकाबले कहीं अधिक है। यही नहीं इसमें आयरन भी मौजूद होता है जो शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने के लिए बेहद जरूरी है। इसके अलावा इसमें कुछ अन्य पोषक तत्व हैं जो कुछ इस प्रकार हैं।

### 45 ग्राम चावल में पोषक तत्व की मात्रा

कैलोरी - 160
फैट - 1.5 ग्राम
प्रोटीन - 4 ग्राम
कार्ब्स - 34 ग्राम
फाइबर - रोजाना की जरूरत का 6 प्रतिशत

## इसके 23 एंटीऑक्सीडेंट हृदय रोग और अल्जाइमर से बचाते हैं

आज तक आपने ऐसी बहुत सी खाद्य सामग्रियों का सेवन किया होगा जिनमें एक, दो या पांच एंटीऑक्सीडेंट होंगे। लेकिन ब्लैक राइस में एक या दो नहीं बल्कि पूरे 23 एंटी ऑक्सीडेंट तत्व पाए जाते हैं। यह एंटीऑक्सीडेंट गुण आपको ऑक्सीडेटिव तनाव से राहत दिलाते हैं। ज्ञात हो कि ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस की वजह से कैंसर, हृदय रोग और अल्जाइमर जैसी समस्या पैदा होती है। आप इन सभी समस्याओं से ब्लैक राइस की वजह से बचे रह सकते हैं। यही नहीं इसके अंदर कई तरह के फ्लेवोनोइड्स और कैरोटीनॉयड होते हैं। यह भी आपको सेहतमंद बनाए रखने में मदद करते हैं। इस लिहाज से आप ब्लैक राइस को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें।

## हृदय के लिए फायदेमंद

अब तक ब्लैक राइस को लेकर कई शोध हो चुके हैं जो हृदय रोगों से बचाने के दावे कर रहे हैं। हालांकि यह अध्ययन अभी उतने अधिक नहीं हुए हैं। आपको बता दें कि ब्लैक राइस को लेकर जानवरों और इंसानों पर कई शोध हुए हैं जिनमें एंथोसायनिन की भूमिका को जांचा गया है। इसके सेवन से कोलेस्ट्रॉल और ट्राइग्लिसराइड के स्तर में सुधार देखा गया है। अध्ययनों को देखकर लगता है कि यह हृदय के लिए फायदेमंद है। लेकिन अभी इस पर कुछ और अध्ययनों की आवश्यकता भी है।

## कैंसर से बचाए

ब्लैक राइस को लेकर हुए कई अध्ययनों में ऐसा पाया गया है कि जो लोग अधिक मात्रा में एंथोसायनिन का सेवन करते हैं उन्हें कोलोरेक्टल कैंसर होने का खतरा कम होता है। इसके अलावा हुए टेस्ट ट्यूब अध्ययन में पया गया कि काले चावल में मौजूद एंथोसायनिन ने महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर की कोशिका को कम कर दिया। साथ कैंसर के फैलने की गति को भी धीमा कर दिया। इन अध्ययनों में भले ही अब तक अच्छे प्रमाण हासिल हुए हों। लेकिन अभी इस पर अन्य अध्ययन की आवश्यकता है।

## आंखों के लिए फायदेमंद

ब्लैक चावल के अंदर जेक्सैन्थिन और ल्यूटिन मौजूद होता है जो दो प्रकार की कैरोटीनॉयड यह आंखों को स्वस्थ रखने में कारगर सिद्ध हो सकते हैं। आपको बता दें कि यह यौगिक आपकी आंखों को नुकसान पहुंचाने वाले हानिकारक मुक्त कणों से राहत दिला सकते हैं। साथ ही ब्लैक राइस के अंदर मौजूद इन गुणों पर जब अध्ययन किए गए तो इसमें पाया गया कि यह मोतियाबिंद जैसी समस्या से भी राहत दिला सकते हैं जो एक उम्र के बाद लोगों को होने लगती है। हालांकि इस पर अभी अध्ययन केवल चूहों पर ही किया गया है इंसानों पर नहीं।

## वजन घटाने में असरदार

अगर आप वजन घटाना चाहते है तो आप ब्लैक राइस का सेवन कर सकते हैं। आपको बता दें कि ब्लैक राइस के अंदर मौजूद प्रोटीन और फाइबर आपका पेट भी लंबे समय तक भरा रख सकते हैं और आपका वजन घटाने में कारगर सिद्ध हो सकते हैं। इसके अलावा एंथोसायनिन को भी वजन घटाने में कई अध्ययनों में कारगर माना गया है। हालांकि यह रिसर्च अभी तक इंसानों पर नहीं हुई हैं। इसलिए इस पर अभी और अध्ययन बाकी हैं।

## ग्लूटेन फ्री है ब्लैक राइस

आप शायद जानते ही होंगे कि ग्लूटेन फ्री एक तरह का प्रोटीन होता है जो कई तरह के अनाज में पाया जाता है जैसे गेहूं, जौ और राई आदि। ऐसे लोग सीलिएक रोग से पीड़ित लोगों को इस प्रोटीन से बचना होता है क्योंकि यह उनकी आंत को नुकसान पहुंचा सकता है। ऐसे में अगर आप सीलिएक रोग से पीड़ित हैं तो आप ब्लैक राइस का लुत्फ ले सकते हैं, क्योंकि यह आपकी स्थिति को बिगाड़ेगा नहीं।



# इन कामों को करने वाले सबसे ज्यादा झेलते हैं साइटिका का दर्द

क्या आपको अक्सर कमर से लेकर पैरों तक तेज दर्द या जलन महसूस होती है, तो यह साइटिका या साइटिका की समस्या हो सकती है। आइए जानते हैं साइटिका के होने की वजह और इसके उपाय एवं इलाज के बारे में।

मानव शरीर के अंदर करीब 206 हड्डियां होती हैं। इनमें से अगर किसी में भी जरा दिक्कत शुरू हो जाए तो उसका असर पूरे शरीर पर पड़ता है। साथ ही आप एक भंयकर और जानलेवा दर्द से गुजरने लगते हैं। ऐसा ही कुछ होता है साइटिक नर्व में। इस स्थिति से जूझने वाले व्यक्ति को कमर से लेकर कूल्हों और पैरों तक बहुत तेज दर्द, जलन, और सुन्न होने की समस्या होने लगती है। इस स्थिति में दरअसल साइटिका के जरिए ही आप अपने पैरों को नियंत्रित कर पाते हैं और पैरों को महसूस इसकी वजह से होता है। साइटिका के उपचार या उपाय का तरीका जानने से पहले जरूरी है कि आप इस दर्द को सही प्रकार समझ लें। ऐसे में साइटिका दर्द की समस्या के कारण और उपचार के तरीकों और जटिलताओं के बारे में बता रहे हैं पेन स्पेशलिस्ट।

## क्या है साइटिका का दर्द

साइटिका नर्व आपकी रीढ़ की हड्डी से शुरू होकर आपके कूल्हों से लेकर आपके पैरों तक जाती है। यह मानव शरीर की सबसे महत्वपूर्ण तंत्रिकाओं में से एक है। आमतौर पर यह दर्द लोगों को 30 साल के बाद ही होता है। यूं तो साइटिका पेन एक अस्थाई दर्द ही है जो खुद भी ठीक हो जाता है और इसके लिए दवा और कुछ उपायों की आवश्यकता भी हो सकती है। साइटिका नर्व में हुई समस्या से जूझ रहे मरीजों को कमर दर्द, पैरों में सुन्नपन आ जाना या दर्द अनुभव होता है। साइटिका को कटिस्नायुशूल के नाम से भी जाना जाता है। आइए जानते हैं इस दर्द की वजह या कारणों के बारे में।

## किस वजह से होता है साइटिका

साइटिका की समस्या के पैदा होने की यूं तो कई वजह होती हैं। लेकिन डॉक्टर अमोद बताते हैं कि इस दर्द की मुख्य वजह स्लिप डिस्क होती है। आपको बता दें कि हमारी रीढ़ की हड्डी में बहुत सी हड्डियां होती हैं और इसके आगे एक डिस्क होती है, जिसे आप किसी कुशन की तरह समझ सकते हैं। इसकी वजह से हम आसानी से कमर को मोड़ सकते हैं। लेकिन जब यह डिस्क अपनी जगह से हिल जाती हैं तो इसके पीछे निकलने वाली नसों पर दबाव पड़ने लगता है। अब यह नस जहां तक जाती हैं वहां तक साइटिका का दर्द हो सकता है। लेकिन ऐसा नहीं है कि साइटिका के दर्द का केवल यही कारण है। इसकी कई वजह हो सकती हैं जो कुछ इस प्रकार हैं।

- धूम्रपान-खराब लाइफस्टाइल बनते हैं साइटिका का कारण
- अगर हड्डियों की एलाइनमेंट खराब हो तो भी साइटिका पेन हो सकता है।
- उम्र के साथ बॉडी पॉश्चर में बदलाव आता है जिसकी वजह से भी यह समस्या हो सकती है।
- अगर कोई व्यक्ति अधिक वजन उठाने के कार्य करता है तो भी यह स्थिति उत्पन्न हो सकती है।
- खराब जीवन शैली भी साइटिका पेन की वजह बन सकता है।
- ऐसे लोग जिनका वजन अधिक है उन्हें भी साइटिका का दर्द हो सकता है।
- अधिक धूम्रपान करने वाले लोगों को भी साइटिका का दर्द हो सकता है।

## साइटिका का परीक्षण कैसे

आमतौर पर लोगों को लगता है कि साइटिका की स्थिति के बारे में जानने के लिए उन्हें एक्सरे कराना होगा। जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है। एक्सरे दूसरी कई समस्या में काम आ सकता है। लेकिन साइटिका के बारे में सही जानकारी प्राप्त करने के लिए आपको MRI ही करवाना होता है।

## साइटिका से जुड़े भ्रम और सच

साइटिका के दर्द को लेकर राहत की बात यह है कि यह तीन महीने के अंदर-अंदर ठीक भी हो सकती है। हालांकि कुछ लोगों को ऐसा लगता है कि साइटिका की स्थिति में केवल सर्जरी ही एक विकल्प होता है। जबकि ऐसा बिल्कुल नहीं है क्योंकि इस स्थिति में महज 1 प्रतिशत लोगों को ही सर्जरी की जरूरत पड़ती है। बाकि अन्य साधारण उपाय से भी ठीक हो जाते हैं।

### साइटिका का उपचार का तरीका

साइटिका के दर्द से राहत दिलाने और इसे हील करने के लिए डॉक्टर आपको कई तरह की पेन किलर दवाओं का सेवन करने की सलाह दे सकते हैं। इन दवाओं से आपको काफी हद तक आराम मिल सकता है। पेन किलर दवाओं का असर ना होने पर कई मामलों में डॉक्टर साइटिका की समस्या में आपके उसी हिस्से पर इंजेक्शन लगाते हैं जहां दर्द हो। इलाज की इस प्रक्रिया से जल्दी ही दर्द से राहत मिलने लगती है। वहीं अगर इनमें से कोई भी उपाय काम नहीं करता तो डॉक्टर आपको सर्जरी कराने का विकल्प देते हैं।

### कैसे ठीक होता है साइटिका

अगर आपको साइटिका की समस्या है तो डॉक्टर आपको वजन घटाने, धूम्रपान छोड़ने, और एक सही जीवन शैली का पालन करने की सलाह दे सकते हैं। डॉक्टर अमोद कहते हैं कि इस समस्या में सर्जरी का विकल्प सबसे आखिरी होता है। वहीं दवाओं और इंजेक्शन के माध्यम से सर्जरी को टाला जा सकता है। जबकि कई मामलों में यह स्थिति खुद भी ठीक हो जाती है।



# चीनी खाने से कैसे बढ़ता है आपका वजन?



**चीनी का इस्तेमाल हर घर में होता है। चाय, कॉफी और मिठाईयों के अलावा रोजमर्रा की ऐसी कई चीजें हैं, जिनमें शुगर की मात्रा बहुत ज्यादा होती हैं। ऐसे में चीनी का सेवन कम से कम करना चाहिए क्योंकि चीनी का सेवन ज्यादा करने से आपका वजन तेजी से बढ़ता है। आइए, जानते हैं कि चीनी कैसे बढ़ाती है आपका वजन-**

## फ्रक्टोज इंसुलिन प्रतिरोध का कारण बनता है

चीनी का अधिक मात्रा में सेवन करना आपके ब्लड में इन्सुलिन के स्तर को बढ़ा देता है, जो आपके खाद्य पदार्थो से एनर्जी को कम करता है और उसे फैट सेल्स में परिवर्तित करता है और जब शरीर में फैट की मात्रा अधिक हो जाती है, जो आपका शरीर आपके मष्तिष्क को भूख लगने का संकेत पहुंचाता है।

## फ्रक्टोज लेप्टीन नामक हार्मोन के प्रतिरोध का कारण

फ्रक्टोज लेप्टिन नामक हार्मोन के प्रभाव से वजन बढ़ने की समस्या होती है। लेप्टीन वसा कोशिकाओं द्वारा उत्पादित होता है। वसा कोशिका जितनी बड़ी होगी, उतना अधिक लेप्टिन का उत्पादन होगा। इस वजह से शरीर में अधिक वसा जमा हो जाती है और साथ ही वजन भी बढ़ता है।

## फ्रक्टोज ग्लूकोज की तरह काम नहीं करता

ग्लूकोज आपके पेट को लंबे समय तक भरा रखता है, लेकिन फ्रक्टोज के सेवन से ऐसा कुछ महसूस नहीं होता है, बल्कि फ्रक्टोज के सेवन से आपको अधिक भूख महसूस होती है और इस वजह से आप कैलोरी और फैट का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं।

## फ्रक्टोज आपकी भूख को बढ़ाता है

फ्रक्टोज आपके हंगर हॉर्मोन को नियंत्रित करने में मदद नहीं करता है और इस वजह से खाने के बाद भी आपको अधिक भूख लगती है। ऐसे में कैलोरी का सेवन करते हैं जो आपके शरीर में एक्सट्रा फैट को बढ़ाता है जिसकी वजह से आपका वजन भी बढ़ता है।